सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 27 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 50, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 183 अंकों की गिरावट

शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाये और सेंसेक्स 183 अंक टूटा व निफ्टी 127 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है निरंतर वृद्धि तेजी से विकसित हो रहे पूंजी बाजारों का अनूठा संयोजन निवेश के अवसर प्रदान करता है। } 10



# नेपाल में बाढ़ का कहर, 100 लोगों की मौत

## 133 भारतीयों समेत 750 लोग लापता, 1643 बच्चों का स्कूल चढ़ा सैलाब की भेंट, राहत और बचाव कार्य जारी







एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में भोटे कोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से 100 लोगों की मौत हो गई जबकि 133 भारतीयों समेत करीब 750 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मध्य नेपाल के कई जिले बुधवार को तिब्बत में अचानक आई भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बागमती प्रांत पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद धमाला के अनुसार, चितवन जिले से 18, धादिंग से 16, नुवाकोट से 11 और रसुवा से एक शव बरामद किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ आने से तिब्बत की सीमा से लगे रसुवा और धादिंग जिले प्रभावित हुए। इसके बाद बाढ़ धादिंग, नुवाकोट और चितवन जिलों तक फैल गई तथा कम से कम चार स्थायी एवं कुछ अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त हो गए। नेपाल के नुवाकोट में बुधवार सुबह त्रिशूली नदी का पानी अचानक बढ़ा तो बिदुर स्थित त्रिभुवन त्रिशूली माध्यमिक विद्यालय में अफरातफरी मच गई। उस समय स्कूल में 1643 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। सुबह 9:15 बजे बाढ़ की चेतावनी मिली और महज 10 मिनट बाद 9:25 बजे नदी का तेज पानी और बड़ी लहर इलाके तक पहुंच गई। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर भेजा, जिससे बड़ी संख्या में बच्चों को खतरे से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि बाढ़ से पहले पुल पार कर घर जाने वाले कुछ छात्रों का अब तक पता नहीं चल सका है।

धमाला ने बताया कि प्रभावित इलाकों के विभिन्न हिस्सों से कम से कम 93 लोगों को बचाया गया है। इनमें से 30 लोगों का काठमांडू के त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। लापता लोगों में कम से कम 133 भारतीय और 37 अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल हैं। इनमें से अधिकतर तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। राहत और बचाव कार्य के बीच मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। रसुवा, नुवाकोट, धादिंग और चितवन समेत कई निचले जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल सेना ने एक बयान में बताया कि अचानक जलस्तर बढ़ने से रसुवा जिले के तिमुरे और पास के स्याफ्रुबेसी इलाके में भारी तबाही हुई तथा वाहन, सामान और अन्य संपत्ति बह गई। सबसे अधिक प्रभावित रसुवा जिला है, जो काठमांडू से करीब 125 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में तिब्बत सीमा के पास स्थित है। बागमती प्रांत पुलिस कार्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अचानक आई बाढ़ के बाद नुवाकोट जिले की बिदुर नगरपालिका से तीन पुरुषों और एक महिला के शव बरामद किए गए। बाढ़ के तुरंत बाद उनके शव त्रिशूली नदी के पास पड़े मिले। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने एक बयान में रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, चितवन और गोरखा में नदी किनारे रहने वाले लोगों से अगली सूचना तक हाई अलर्ट पर रहने और सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नेपाल को सहायता भेज रहा भारत

नयी दिल्ली। भारत पड़ोसी देश नेपाल के उत्तरी जिलों में बुधवार सुबह आई अचानक बाढ़ के बाद भारतीय वायु सेना के विमानों से राहत सामग्री भेज रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) पहल के तहत नेपाल को दवाइयों और राशन समेत आपातकालीन सहायता की खेप भेजी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, सरकार प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव अभियान शुरू करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचावकर्मियों को भी नेपाल भेजने की योजना बना रही है।

### पीएम मोदी ने की बालेंद्र शाह से बात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के अपने समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की और वहां बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी देश को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोग इस कठिन समय में नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। बुधवार सुबह तिब्बत की सीमा से लगे मध्य नेपाल के दो ज़िलों में अचानक आई भीषण बाढ़ से चार लोगों की मौत हो गई। इससे नदी के किनारे बसे इलाकों में भारी तबाही हुई और कम से कम एक दर्जन पनबिजली परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत नेपाल को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी टीम बचाव और राहत कार्यों में मिलकर काम कर रही हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने मदद के लिए टोल-फ्री आपातकालीन नंबर 1234, हॉटलाइन नंबर 1144 और पर्यटक पुलिस का नंबर भी जारी किया है।

### यूपी के नागरिकों की मदद के लिए 1070 हेल्पलाइन जारी

लखनऊ। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने वहां फंसे प्रदेश के नागरिकों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070 जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक अगर कोई यूपी का नागरिक नेपाल में फंसा है या उसे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो उसके परिजन तत्काल 1070 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने नागरिकों की सुरक्षित वापसी और उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए दूतावास स्तर पर भी संपर्क शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय ने भारतीय और नेपाल दूतावासों से संपर्क किया है। दोनों दूतावासों से कहा गया है कि नेपाल में फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की जानकारी मिलने पर उसे तत्काल यूपी के राहत आयुक्त कार्यालय के साथ साझा किया जाए। इससे संबंधित व्यक्ति तक जल्द से जल्द आवश्यक मदद पहुंचाई जा सकेगी। लोगों से अपील की है कि नेपाल में फंसे अपने परिजनों की सूचना बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1070 पर दें। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ को देखते हुए यूपी के सीमावर्ती महाराजगंज और कुशीनगर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल में हुई क्षति को चिंताजनक बताते हुए दोनों जिलों के प्रशासन को जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गंडक और नारायणी नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने सभी के सकुशल रहने की प्रार्थना की है।

# 50 हजार बेटियों को मिलेगी स्कूटी: सीएम



विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षाबंधन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को अक्टूबर-नवंबर में स्कूटी दी जाएगी। साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ किया गया। इसके तहत प्रदेश की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाएं परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर आज से 29 अगस्त तक महिलाओं और उनके एक सहकर्मी को भी निशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब चूल्हे से चेक, चेक से कारोबार और कारोबार से टेक्नोलॉजी तक पहुंच रही हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब साढ़े 12 करोड़ की आधी आबादी है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और नेतृत्व की यात्रा में सहभागी बन रही है।

उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई, सुरक्षा, रोजगार, आय और उसके सपनों की उड़ान तक सरकार ने पूरा इकोसिस्टम तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से अपील की कि रक्षाबंधन पर भाइयों के साथ सैनिकों, पूर्व सैनिकों और पुलिस जवानों को भी रक्षासूत्र बांधें। मुख्यमंत्री ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को महिला स्वावलंबन और सुशासन की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## खेती में तकनीक और बाजार के मेल से लाभान्वित होंगे 28 जिलों के किसान

लखनऊ। प्रदेश में कृषि को आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार और जलवायु अनुकूल खेती से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में विश्व बैंक वित्तपोषित यूपी-एग्रीज परियोजना के तहत यूपीडीएएसपी के साथ गूगल एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी, आईटीसी और एक्वाब्रिज के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन साझेदारियों का उद्देश्य केवल कृषि उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, जलवायु अनुकूल खेती, तकनीक, बाजार और ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ मजबूत करना है। परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 और बुंदेलखंड के 7 यानी कुल 28 जिलों में लागू की जा रही है। सीएम योगी ने बताया कि करीब 4 हजार करोड़ रुपये की विश्व बैंक समर्थित यूपी-एग्रीज परियोजना के तहत 28 जिलों के 123 विकासखंडों में काम किया जा रहा है। परियोजना के तहत करीब 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 10 लाख ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बिहार और यूपी में अलर्ट, खोले गये गंडक बैराज के 36 फाटक

एजेंसी

पटना। बिहार और यूपी सरकार ने पड़ोसी देश नेपाल के कई जिलों में बुधवार को अचानक आयी बाढ़ के बाद गंडक नदी में जलप्रवाह अचानक बढ़ने की आशंका को देखते हुए पूरे तंत्र को हाई अलर्ट पर रखा है। स्थिति से निपटने के लिए वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बैराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं।

यह जानकारी अधिकारियों ने दी। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि बुधवार दोपहर तक वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगभग 86 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था और जलप्रवाह लगातार बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एहतियाती कदम के तौर पर बैराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं तथा अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में तकनीकी टीम तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि गंडक नदी के बेसिन में आने वाले सभी जिलों को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सभी फाटक खोलने से पानी का प्रवाह सुचारु रहेगा और बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, सभी विभागों को संभावित आपात स्थिति के मद्देनजर आवश्यक सामग्री का भंडारण, तटबंधों का नियमित निरीक्षण तथा चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि नेपाल के देवघाट गेज स्टेशन पर नारायणी नदी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बारिश से नुकसान पर सीएम ने लिया संज्ञान, 24 घंटे में मुआवजे के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड में उतरकर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लें और जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को किसी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 944 हेक्टेयर जमीन घोटाले पर दो कंपनियों का आवंटन रद्द

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में पावर प्लांट लगाने के नाम पर आवंटित की गई 944 हेक्टेयर से अधिक सरकारी और अधिग्रहीत भूमि को बैंकों में गिरवी रखकर ऋण लेने के मामले में योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड और मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित पूरी भूमि का आवंटन रद कर उसे सरकार के पक्ष में वापस लेने का अंतिम आदेश जारी कर दिया है।

राज्यपाल की अनुमति के बाद ऊर्जा विभाग ने कानपुर देहात के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि राजस्व अभिलेखों यानी खतौनी से दोनों कंपनियों के नाम हटाकर 944.029 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश सरकार और ऊर्जा विभाग के नाम दर्ज की जाए। मामला वर्ष 2011 का है। 28 जून ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर**

## स्क्रैप पॉलिसी में नंबर-1; 23 बस अड्डे एयरपोर्ट की तर्ज पर होंगे विकसित

# यूपी बना देश की सबसे नयी बस फ्लीट वाला राज्य

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार कदम उठा रही है। प्रदेश की बसों की औसत आयु अब 5 साल 3 महीने रह गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश की सबसे युवा बस फ्लीट वाला राज्य बन गया है। स्क्रैप पॉलिसी के मामले में भी यूपी देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।



परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के शुभारंभ और विशेष बसों को फ्लैग ऑफ किए जाने के अवसर पर परिवहन विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की औसत आयु 5 साल 3 महीने है। योगी सरकार की ओर से 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने के बाद निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल की गई हैं। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए निगम को 400 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दयाशंकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में यूपी देश में तीसरे स्थान पर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ पब्लिक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में उत्तर प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता भी लगातार बढ़ रही है। अब तक उत्तर प्रदेश में 17.67 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। बढ़ती संख्या से संकेत मिलता है कि लोग पेट्रोल-डीजल से चलने वाले पारंपरिक वाहनों के विकल्प के तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल से पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे परिवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा मिल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में अलग ऊर्जा व्यवस्था पर आधारित होने के कारण जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने में सहायक है। इससे ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक एवं टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा मिल रहा है। यूपी नेडा के डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए मजबूत चार्जिंग नेटवर्क बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पब्लिक ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता बढ़ने से इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चार्जिंग की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आतंकी साजिश नाकाम, कुलगाम में पांच आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी



कुलगाम। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आज एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें पांच कथित आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पांच संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। यह अभियान कुलगाम पुलिस, नौ राष्ट्रीय राइफल्स और 18 बटालियन सीआरपीएफ ने मिलकर चलाया। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर की गई थी। बुगम ऑर्चर्ड क्षेत्र में यह संयुक्त अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 'अब जब चाहेंगे, अयोध्या-काशी जायेंगे'

## मुफ्त बस सफर की सौगात पर भावुक हुईं बुजुर्ग महिलाएं ‖ विशेष बसों को दिखाई हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को विशेष उपहार दिया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बारिश के बीच झंडी दिखाकर विशेष बसों को रवाना किया। बसों में बैठी महिलाओं ने इस उपहार के लिए हाथ जोड़कर सीएम का अभिनंदन किया तो सीएम योगी ने भी हाथ हिलाकर उनके प्रति आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस में यात्रा करने वाली महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। बुर्जुग महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा की सुविधा शुरू होने पर महिलाओं में खुशी और उत्साह देखने को मिला।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद के दौरान कई बुजुर्ग महिलाएं भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यात्रा के लिए परिवार के किसी सदस्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। किराये की चिंता खत्म होने से अब वे अपनी इच्छा के मुताबिक अयोध्या, काशी और प्रदेश के अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों की यात्रा कर सकेंगी।



### स्मार्ट कार्ड, बैग, साड़ी व मिठाई देकर मातृशक्ति को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री को सामने देखते ही कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने हर-हर महादेव का उद्घोष किया। वहीं छात्राओं ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें योगी सरकार पर गर्व है। गोसाईंगंज की गणेश देवी ने कहा कि निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से अब वह निश्चिंत होकर सफर कर सकेंगी। राजरानी ने कहा कि अब जहां जाने की इच्छा होगी, वहां जा सकेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महिलाओं के लिए बड़ी सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। लखनऊ के निजामपुर की मिठाना देवी ने कहा कि सरकार ने ऐसी सुविधा दी है, जिससे अब यात्रा के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कई बुजुर्ग महिलाओं ने अयोध्या और काशी की यात्रा करने की इच्छा भी जताई। उनका कहना था कि किराये की चिंता खत्म होने से अब तीर्थयात्रा करना आसान हो जाएगा।

**रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने जाएंगी छात्राएं :** निशुल्क बस यात्रा की सुविधा को लेकर छात्राओं में भी खासा उत्साह नजर आया। मुंशी पुलिया निवासी और नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली श्रीवास्तव ने कहा कि वह रक्षाबंधन पर अपने भाई को राखी बांधने जाएंगी और इस सुविधा का लाभ लेंगी। जानकीपुरम की आस्था राजपूत ने बताया कि वह अपनी मां के साथ भाई को राखी बांधने जाएंगी। खदरा की शगुन निषाद ने भी योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी और मिठाई भी उपहार में दी गई। अहमामऊ की रचना रावत ने कहा कि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकर उत्साह बढ़ा है।

**महिलाओं और बच्चों की चिंता करते हैं मुख्यमंत्री :** फैजुल्लागंज की हिना परवीन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए मुख्यमंत्री की सोच और योजनाएं देखकर गर्व महसूस होता है। सिद्धार्थनगर की दिव्या पाठक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुविधा को लेकर सरकार की ओर से लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में सरोजनीनगर की कृष्णावती, जनक दुलारी और उबराजा समेत बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं शामिल हुईं। उम्र के इस पड़ाव पर भी महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। इनमें कई महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और सिलाई, कताई-बुनाई जैसे कार्यों के जरिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**अब किसी के मोहताज नहीं रहेंगे :** उन्नाव की सुनीता अवस्थी ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान सरकार का आभार जताते हुए कहा कि निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्नाव की पुष्पा ने भी कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से महिलाओं को सफर की बड़ी सुविधा मिली है। लखनऊ की उषा पाल ने कहा कि अब महिलाओं को कहीं आने-जाने के लिए किसी का मोहताज नहीं रहना पड़ेग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब लोग अच्छे लोगों को चुनते हैं तो अच्छा ही होता है। सीतापुर की रीता सक्सेना ने कहा कि अब सीतापुर से लखनऊ आना-जाना आसान हो जाएगा और महिलाओं को किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रीता ने कहा कि अब जब भी इच्छा होगी, महिलाएं मंदिर, अयोध्या या बनारस कहीं भी जा सकेंगी।

# योगी की अध्यक्षता में आज होगा यूपी स्टार्टअप इकोसिस्टम इवेंट

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी स्टार्टअप मिशन वेबसाइट होगी लॉन्च, 7 स्टार्टअप्स का होगा सम्मान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप इकोसिस्टम इवेंट 2026 आयोजित किया जाएगा। योगी सरकार की ओर से प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्टार्टअप्स, इनक्यूबेटर्स और इकोसिस्टम से जुड़े विभिन्न हितधारक शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य संबोधन देंगे।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 पुस्तिका का विमोचन और यूपी स्टार्टअप मिशन वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही यूपी स्टार्टअप मिशन और यू-हब पर वीडियो प्रस्तुति भी होगी। भारत इनोवेट्स में चयनित उत्तर प्रदेश के सात स्टार्टअप्स को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश नीति के तहत 107 स्टार्टअप्स को विभिन्न प्रोत्साहनों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा नौ इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और 12 नए इनक्यूबेटर्स को मान्यता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार का स्वागत उद्बोधन और विभागीय मंत्री सुनील कुमार शर्मा का विशेष संबोधन होगा। मुख्यमंत्री योगी का मुख्य संबोधन भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम में प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के मान्यता प्राप्त इनक्यूबेटर्स, विभिन्न समितियों के सदस्य, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रतिनिधि और सिडबी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 के साथ नए प्रोत्साहनों और संस्थागत व्यवस्था का विस्तार किया है। वर्ष 2017 में प्रदेश में केवल 120 स्टार्टअप पंजीकृत थे, जबकि अब डीपीआईटी द्वारा सत्यापित स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 24,243 और इनक्यूबेटर्स की संख्या 88 हो गई है। नई नीति के तहत स्टार्टअप्स को 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्वाह भत्ता, 10 लाख रुपये तक प्रोटोटाइप अनुदान और 15 लाख रुपये तक सीड अनुदान मिलेगा। निवेश के अनुरूप 5 करोड़ रुपये तक समतुल्य अनुदान और 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज सहायता का भी प्रावधान है। डीप-टेक स्टार्टअप्स के लिए 40 करोड़ रुपये तक दीर्घकालिक पूंजी की व्यवस्था की गई है। लखनऊ और नोएडा में डीप-टेक यू-हब स्थापित किए जाएंगे।

# चुनाव आते ही मुफ्त यात्रा का वादा, चुनाव खत्म होते ही वसूली का डर : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने बुधवार को बयान जारी कर सरकार द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय महिलाओं को मुफ्त सुविधाओं का लालच देना सरकार की पुरानी चुनावी राजनीति का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं आखिर कितनी बार और कितनी यात्राएं करेंगी ? सरकार को महिलाओं के स्वास्थ्य, पेंशन, इलाज और आर्थिक सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन चुनाव आते ही मुफ्त तीर्थयात्रा जैसी घोषणाएं कर वोट साधने की कोशिश की जा रही है। सुनील सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय सरकार मुफ्त टिकट देगी और चुनाव खत्म होने के बाद कहीं ऐसा न हो कि निजी कंपनियों के माध्यम से टिकट का बिल जनता से वसूला जाए। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खातों में 10,000 रुपये की सहायता राशि भेजी गई थी। बाद में कुछ अपात्र खातों में गलत तरीके से राशि पहुंचने के मामले में वसूली की कार्रवाई की खबरें भी सामने आईं। बिहार की योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए 10,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी गई थी। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को चुनावी मौसम में लाभ देना और बाद में नियम-कायदों व वसूली का डर दिखाना बंद होना चाहिए। सरकार को महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए स्थायी योजनाएं बनानी चाहिए, न कि चुनाव के समय वोट पाने के लिए घोषणाओं की राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता अब चुनावी मुफ्तखोरी और वास्तविक जनकल्याण के बीच का अंतर समझने लगी है।




# सपा ने एक बार फिर खोला झूठे वादों का पिटारा : पंकज चौधरी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा की घोषणाओं पर किया पलटवार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को सपा की नई घोषणाओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपने पुराने पाप और नाकामियों को छिपाने के लिए सपा एक बार फिर झूठे वादों का पिटारा लेकर जनता के सामने आई है।

उन्होंने कहा कि जिस सपा के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठते थे, वही पार्टी आज महिला सम्मान, सुरक्षा और विकास की बातें कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि सत्ता में रहते हुए महिलाओं की सुरक्षा, बेहतर अस्पताल और कॉलेज जैसी सुविधाओं के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए ? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सपा की पुरानी वादाखिलाफी और उसके शासन का रिकॉर्ड भूली नहीं है।

अब खोखली घोषणाओं और चुनावी लॉलीपॉप से जनता को बहकाना संभव नहीं है। 2027 में जनता सपा को उसकी राजनीति और पुराने रिकॉर्ड का जवाब देगी। पंकज चौधरी ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये देने की घोषणा भी कर रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश की माताएं-बहनें उनसे एक सीधा सवाल पूछना चाहती हैं क्या केवल चुनाव से पहले घोषणाएं करने से महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी ? उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आता देखकर सपा महिला वोटरों को लुभाने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव को इन बड़ी-बड़ी बातों से पहले बताना चाहिए कि जब प्रदेश में सपा की सरकार थी, तब महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर प्रदेश में भय का वातावरण क्यों था ? आखिर वह कौन सा शासन था, जिसमें बेटियों और महिलाओं को घर से बाहर निकलने में डर लगता था और उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी।

# सीएम धामी और गीता को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

प्रमुख संवाददाता



**देहरादून।** रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता, विश्वास और कर्तव्यबोध को अभिव्यक्त करने वाला पर्व है। राखी का यह धागा केवल भावनात्मक रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें प्रदेश की जनता के हित में कार्य करने तथा विकास की गति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश भर से राखी बांधने आई महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। बहनों व मातृशक्ति ने मुख्यमंत्री तथा उनकी धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी को राखी बांधकर उनके स्वस्थ, दीघार्यु और सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने बहनों के स्नेह और शुभकामनाओं को आत्मीयता से स्वीकार करते हुए सभी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने विपरीत परिस्थितियों में परिवार और समाज की जिम्मेदारियों को जिस मजबूती से निभाया है, वह प्रदेश की विशिष्ट पहचान है। पहाड़ों में कृषि कार्य, पशुपालन, वनोपज संग्रह और घरेलू आजीविका से लेकर परिवार की देखभाल तक महिलाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की महिलाएं पारंपरिक कार्यों के साथ-साथ नए क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी सेवा, व्यवसाय, कृषि आधारित उद्यम, स्वरोजगार और सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश के बदलते सामाजिक स्वरूप को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि अनेक महिलाएं अपने लिए रोजगार का साधन तैयार करने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। यह बदलाव केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की नई संस्कृति को जन्म दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला की आर्थिक स्थिति मजबूत होने का प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। अपनी आय होने से महिला के आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है।

परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग मिलने के साथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसलिए महिला सशक्तीकरण को केवल कल्याणकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और विकास को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी, विधायक सविता कपूर, आशा नौटियाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची बड़ी संख्या में बहनें एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# सपा-कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों को केवल वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमाल : अमरपाल मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रथम लखनऊ आगमन पर बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और नारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत के बाद अमरपाल मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में अमरपाल मौर्य का प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।



अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अमरपाल मौर्य ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प लेकर काम करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग के हितों को केवल चुनावी मुद्दा नहीं बनाया, बल्कि उन्हें विकास और शासन की मुख्यधारा में सम्मानजनक भागीदारी देने का काम किया है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, शिक्षा और रोजगार में अवसरों का विस्तार करना, गरीब परिवारों को आवास, शौचालय, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान भारत, नल से जल तथा जनधन जैसी योजनाओं से जोड़ना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी पिछड़े वर्गों के कल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।

श्री मौर्य ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद इन दलों ने पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए कोई ठोस और स्थायी कार्य नहीं किया। इन दलों ने पिछड़े वर्गों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा ने उन्हें सम्मान, अवसर और भागीदारी देने का काम किया है।

# निवेश नीतियों से होटल इंडस्ट्री को मिली नयी रफ्तार

## ताज पैलेस ने बढ़ाया लखनऊ का कद, आधा दर्जन नये होटल होंगे शुरू

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पर्यटन, कारोबार और निवेश के बढ़ते दायरे के साथ होटल इंडस्ट्री भी तेजी से विस्तार कर रही है। शहर में बड़े ब्रांड के नए होटल आने की तैयारी है, वहीं गोमतीनगर में ताज पैलेस की शुरूआत ने राजधानी के होटल और पर्यटन क्षेत्र को नई मजबूती दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ताज पैलेस का उद्घाटन करते हुए लखनऊ को बढ़ते निवेश और पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

राजधानी में आधा दर्जन नामचीन नए होटल खुलने की संभावनाओं से होटल इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। बेहतर सड़क संपर्क, एयर कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, बढ़ते कारोबारी आयोजन और पर्यटन गतिविधियों ने लखनऊ को होटल निवेश के लिए आकर्षक बाजार बनाया है।

गोमतीनगर में शुरू हुआ 181 कमरों वाला ताज पैलेस लखनऊ का प्रीमियम आतिथ्य सेवाओं को नया आयाम देगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। होटल में डाइनिंग, वेलनेस, बिजनेस और बड़े आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ताज पैलेस की शुरूआत को लखनऊ में बढ़ते निवेश और पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के अनुसार, होटल में कुल 181 कमरे और 18 सुइट्स हैं। इसकी डिजाइन लखनऊ की प्राकृतिक विरासत और आधुनिक लग्जरी को दर्शाती है। क्रंकीट की इमारतों के बीच जंगल गायब हो रहे हैं, इसके चलते यहां अलग-अलग फ्लोर को जंगल, पेड़-पौधों और पक्षियों की थीम के जरिए मेहमानों को प्राकृतिक वातावरण का अनुभव कराने की कोशिश की गई है।

होटल में करीब 2200 वर्गफीट का प्रेसिडेंशियल सुइट तैयार किया गया है। इसके अलावा पांच प्रीमियम कमरों में प्राइवेट आउटडोर जकूजी, बटलर सर्विस और वीआईपी एक्सेस जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। मेहमानों के लिए टेम्परेचर-कंट्रोल्ड रूफटॉप स्विमिंग पूल, फिटनेस सेंटर, स्टीम, सॉना, हॉट एवं चिल शॉवर और जकूजी की सुविधा भी है। डाइनिंग के लिए होटल में ताज का प्रसिद्ध हाउस ऑफ मिंग और जंगल थीम पर आधारित मचान रेस्टोरेंट तैयार किया गया है। वहीं, शैडो एंड ओक व्हिस्की बार और बिस्त्रो भी मेहमानों को अलग तरह का डाइनिंग अनुभव उपलब्ध कराएंगे। एक्सक्लूसिव मेंबर-ओनली क्लब द चैम्बर्स भी शुरू किया गया है। इसके साथ ही जे वेलनेस सर्कल में आयुर्वेद और होलिस्टिक वेलनेस पर आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शादियों, सामाजिक समारोहों और कॉरपोरेट आयोजनों के लिए होटल में करीब 25 हजार वर्गफीट का पिलर-फ्री इवेंट स्पेस तैयार किया गया है। होटल में करीब 350 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी है। इस तरह के नए होटल के शुरू होने से लखनऊ में प्रीमियम होटल और कॉरपोरेट इवेंट्स के क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

गोमतीनगर में इसकी मौजूदगी शहर के तेजी से विकसित हो रहे हॉस्पिटैलिटी और बिजनेस हब को एक नया आकर्षण देगी। कंपनी ने लखनऊ को बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही के कारण महत्वपूर्ण बाजार बताया है। नए होटल प्रोजेक्ट्स से केवल पर्यटन सुविधाओं का विस्तार नहीं होगा, बल्कि हॉस्पिटैलिटी, फूड एंड बेवरेज, सिक्योरिटी, ट्रांसपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट और अन्य सेवाओं में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ऐसे में आने वाले समय में होटल इंडस्ट्री लखनऊ के पर्यटन और निवेश क्षेत्र की प्रमुख विकासधाराओं में शामिल हो सकती है।

# बारिश से कई इलाकों में जलभराव

## आज भी तेज बारिश का अलर्ट, बाढ़ व जलभराव का खतरा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तेज बारिश के बीच वाहन चालकों को हेडलाइट, वाइपर और डीपर का सहारा लेना पड़ा। बारिश से बचने के लिए कई लोग फ्लाईओवर के नीचे खड़े नजर आए।

बारिश के चलते शहर के कई तिराहों-चौराहों और अंडरपास में जलभराव हो गया, जिससे यातायात की रफ्तार धीमी पड़ गई। कई मार्गों पर वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा। बुधवार सुबह से ही लखनऊ में रुक-रुककर बारिश होती रही। आसमान में घने बादल छाए रहे और करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हुसैनगंज, चौक, गोमतीनगर, सरोजनीनगर और रहीमाबाद में सुबह रिमझिम बारिश हुई। दोपहर करीब तीन बजे के बाद बारिश ने अचानक जोर पकड़ लिया। चिनहट, कमता, विभूतिखंड, विशालखंड, मलिहाबाद, बंथरा और सरोजनीनगर समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने लखनऊ में रात तक गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना जताई है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश और उससे सटे उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र तथा मानसून ट्रफ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बांदा, बलिया, वाराणसी समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 26-27 अगस्त और 31 अगस्त से 1 सितंबर के दौरान तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के निचले इलाकों और जलग्रहण क्षेत्रों में अचानक बाढ़ तथा जलभराव का खतरा भी जताया गया है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# 28 से तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय लखनऊ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 28 अगस्त को शाम 4:30 बजे रक्षा मंत्री लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सदर बाजार, न्यू गणेशगंज और महानगर क्षेत्र में शोकाकुल परिवारों से भेंट करते हुए वह शाम 6:20 बजे कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को सुबह 11:30 बजे रक्षा मंत्री बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे विशाल खंड, गोमती नगर में सीनियर सिटीजन होम भवन का उद्घाटन करेंगे। शाम 4 बजे लाजपत नगर चौराहा स्थित फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन करने के साथ ही लाला लाजपत राय एवं शहीद भगत सिंह की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हुए शाम 6:05 बजे कालिदास मार्ग पहुंचेंगे। अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 30 अगस्त को सुबह 10:55 बजे रक्षा मंत्री दिलकुशा लॉन पहुंचेंगे, जहां सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। इसके साथ ही लखनऊ कैंट क्षेत्र की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे दुबग्गा-सीतापुर रोड बाईपास स्थित प्रेरणा स्थल के निकट रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे होटल ताज में आयोजित पीएम-सेतु कार्यशाला में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री शाम 5:25 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और शाम 6:30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बीबीएयू : दो चरणों में होगा दीक्षांत समारोह

## प्रथम चरण में पीएचडी व स्वर्ण पदक विजेताओं को किया जायेगा सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ का 11वां दीक्षांत समारोह-2026 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी पत्रकारवार्ता के दौरान बुधवार को कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने दी। इसके अतिरिक्त मंच पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव और जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रचना गंगवार मंच पर मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में शैक्षणिक वर्षों 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के पात्र एवं पंजीकृत विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतर्गत उपाधियां प्रदान की जाएंगी। प्रो. मित्तल ने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अभ्यर्थियों की सहभागिता को देखते हुए उपाधि वितरण कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जबकि द्वितीय चरण दोपहर 2:00 बजे से विद्यार्थियों के संबंधित विभागों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं स्वर्ण पदक विजेताओं सहित अन्य प्रमुख श्रेणियों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह के प्रथम चरण में कुल 22 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य मंच से उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें स्नातक एवं परास्नातक स्तर के 17 मेधावी/विश्वविद्यालय टॉपर, 1 डीएससी तथा 4 आरडी सोनकर अवार्ड से सम्मानित होने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। मुख्य समारोह के दौरान मंच से केवल उन्हीं विद्यार्थियों को उपाधि अथवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिन्हें इसके लिए विशेष रूप से चयनित एवं चिह्नित किया गया है। उन्होंने कहा कि बीबीएयू के 11वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2023, 2024, 2025 एवं 2026 तथा बैकलॉग के अंतर्गत कुल 8551 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 4832 पुरुष एवं 3719 महिला विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में 2139, वर्ष 2024 में 2115, वर्ष 2025 में 2237 तथा वर्ष 2026 में 2041 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त बैकलॉग के अंतर्गत 19 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार चारों शैक्षणिक वर्षों एवं बैकलॉग को मिलाकर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 8551 है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमवार आंकड़ों में स्नातक के 2771, स्नातक (मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट) के 228, परास्नातक के 4662, पीएचडी के 412, इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के 142, सर्टिफिकेट कोर्स के 23, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 198, पीजी डिप्लोमा के 102 तथा एमफिल के 13 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें सर्वाधिक 4662 विद्यार्थी स्नातकोत्तर कार्यक्रम के हैं, जबकि 2771 विद्यार्थी स्नातक कार्यक्रम के हैं।

द्वितीय चरण के उपाधि वितरण कार्यक्रम को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# मनुस्मृति पर कांग्रेस के रुख पर डॉ. राजेश्वर सिंह का हमला

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मनुस्मृति को लेकर कांग्रेस के बयानों पर सवाल उठाते हुए महिला अधिकारों और समानता के मुद्दे पर पार्टी के कथित दोहरे रवैये को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की बात करने से पहले कांग्रेस को अपने राजनीतिक इतिहास और उन फैसलों का जवाब देना चाहिए, जिन पर महिला अधिकारों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। डॉ. सिंह ने 1985-86 के शाहबानो मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुस्लिम महिला (तलाक अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 1986 पारित किया था। उन्होंने सवाल किया कि महिला अधिकारों के मामले में राजनीतिक दबाव को प्राथमिकता क्यों दी गई। उन्होंने तीन तलाक कानून, 2019 का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा कानून लाए जाने के

- **बोले – महिला अधिकारों पर दोहरा मापदंड क्यों?**

दौरान कांग्रेस ने इसके प्रमुख प्रावधानों का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस उस समय मजबूती से उनके साथ क्यों नहीं खड़ी हुई। डॉ. सिंह ने समान नागरिक संहिता को लेकर भी कांग्रेस से सवाल किया। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता की दिशा में प्रयास की बात करता है, लेकिन दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने इस दिशा में ठोस पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं के अधिकार और समानता वास्तविक मुद्दा हैं तो इसका पैमाना सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान होना चाहिए। महिला अधिकार किसी राजनीतिक दल की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि समानता, गरिमा और न्याय का संवैधानिक अधिकार हैं।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए एम्स की तर्ज पर एनसीए भवन की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

- **उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने लिखा पत्र**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर दिल्ली एम्स की भांति उत्तर प्रदेश में एनसीए भवन स्थापित किये जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि एम्स में वरिष्ठ नागरिकों के इलाज के लिए मानसिक रोग विभाग, आर्थोपेडिक विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग और सर्जरी विभाग जैसी सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने इस आशय का पत्र जगतप्रसाद नड्डा, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रतापराव गणपतराव जाधव राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पुण्य सलिला श्रीवास्तव सचिव भारत सरकार को भी प्रेषित किया है।

इं. हरिकिशोर तिवारी ने पत्र में कहा है कि अभी प्रदेश सरकार ने एक अच्छा कदम उठाते हुये 70 वर्ष के ऊपर के नागरिको को भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जोड़कर इलाज कराने का निर्णय लिया है। पूर्व से ही बीपीएल नागरिक एंव प्रदेश के राज्य कर्मचारी तथा अब सभी शिक्षक एंव अन्य कर्मचारी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की पात्रता की श्रेणी में ले लिये गये है लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था इतने अधिक नागरिकों के लिए पर्याप्त नही हो पा रही है जिससे मरीज भटकते रहते हैं। विशेष कर 80 वर्ष से ऊपर कार्मिक मरीजो को भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अभी मैं दिल्ली एम्स में गया था। वहा पर नेशनल सेंटर फॉर ऐजनिग स्थापित है। यह खास तौर पर वृद्धजनों के लिए समर्पित बहुमंजिला रिसर्च एण्ड ट्रीटमेंट के लिए बनाया गया है। इसकी मुख्य विशेषतायें यह है कि जेरेटिक केयर एक ही छत के नीचे वृद्धजनो को सभी जरुरी इलाज मुहैया कराना है। ताकि उन्हें एम्स के अन्य विभागो के चक्कर लगा कर इलाज ना कराना पड़े।

जेरेटिक मेडिसिन विभाग बुजुर्गो की देखभाल का मुख्य केन्द्र है। इसमे मानसिक रोग विभाग, आर्थोपेडिक विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग और सर्जरी विभाग जैसी सुविधाएं दी गई है। डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) और अल्जाइमर पीड़ित बुजुर्गो के लिए विशेष व्यवस्था है। बुजुर्गों के सुनने की समस्या की अलग व्यवस्था है।

# वकीलों के अवैध चैंबरों पर 30 को चलेगा अभियान

**लखनऊ।** राजधानी में कलेक्ट्रेट और कचहरी परिसर के आसपास सरकारी जमीन पर बने कथित अवैध चैंबरों और अन्य अतिक्रमणों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की तैयारी तेज कर दी है। नगर निगम की टीम ने संबंधित स्थानों पर नोटिस चस्पा करने के साथ ही चिन्हित अवैध निमार्णों पर लाल निशान भी लगाए हैं। अधिकारियों के मुताबिक कब्जाधारकों को 29 अगस्त तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में कब्जे नहीं हटाए गए तो 30 अगस्त को सुबह 11 बजे से अभियान चलाकर अवैध निर्माण हटाए जाएंगे। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। नगर निगम की टीम के साथ प्रवर्तन दस्ते और आवश्यक संसाधनों को भी मौके पर तैनात किए जाने की तैयारी है। बताया गया है कि करीब तीन महीने पहले भी नगर निगम ने इसी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया था। उस समय वकीलों की ओर से विरोध किए जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी।

# रबीउल अव्वल के जुलूस का यहियागंज व्यापार मंडल ने किया स्वागत

**लखनऊ।** यहियागंज व्यापार मंडल की ओर से 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर निकाले गए जुलूस का स्वागत किया गया। श्री सिद्धनाथ मंदिर के सामने आयोजित स्वागत कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जुलूस में शामिल लोगों को बिस्किट, फ्रूटी और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया गया।




व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, संसदीय महामंत्री प्रशांत गर्ग और युवा अध्यक्ष कुश मिश्र ने हजरत मौलाना अब्दुल अजीम फारुकी, अब्दुल बारी फारुकी, महमूद मदनी, यासिर फारुकी, अरशद मदनी, रावे हसनी नदवी तथा इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं ईदगाह के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली का माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि लखनऊ की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे से है। यहियागंज बाजार में सभी धर्मों और वर्गों के व्यापारी मिल-जुलकर व्यापार करते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि होली, दीपावली, ईद और बकरीद समेत सभी प्रमुख त्योहारों पर व्यापारी एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करते हैं। 12 रबीउल अव्वल के जुलूस का स्वागत भी इसी परंपरा का हिस्सा है। धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत, प्रेम और भाईचारा सभी को जोड़ता है। युवा अध्यक्ष कुश मिश्र ने कहा कि युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश आगे बढ़ाएं। वहीं संसदीय महामंत्री प्रशांत गर्ग ने कहा कि धार्मिक आयोजनों का सम्मान करना लखनऊ की साझा संस्कृति का हिस्सा है। समाज में नफरत और भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर आमिर बाबू सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर यात्रियों के लिए ट्रेनों का संचालन आज से

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए रेलवे ने सफर के विकल्प बढ़ा दिए हैं। त्योहार के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने अलग-अलग रूट पर विशेष ट्रेनों का संचालन तय किया है, इनमें दिल्ली और उत्तर प्रदेश के आसपास के शहरों के लिए अनारक्षित ट्रेनें शामिल हैं, जबकि लंबी दूरी के यात्रियों के लिए विशेष सेवाएं रखी गई हैं। इन ट्रेनों का संचालन अगस्त के आखिरी सप्ताह से सितंबर की शुरूआत तक अलग-अलग तारीखों पर होगा। वरिष्ठ मंडल वणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के अनुसार मित्रता महोत्सव के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष नशा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04546 चंडीगढ़ से 27 अगस्त को रात 7:40 बजे रवाना होकर 28 अगस्त को सुबह 9:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04545 लखनऊ से 28 अगस्त को दोपहर एक बजे रवाना होगी।

# लखनऊ जं. स्टेशन पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**लखनऊ।** लखनऊ जं. स्टेशन पर बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द्र के दिशानिर्देशन एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय तिवारी के नेतृत्व में मरीजों को परामर्श दिया गया। 70 कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान 14 कर्मचारी नए एवं 01 कर्मचारी पूर्व से ही उच्च रक्तचाप से ग्रसित पाए गए तथा मधुमेह के मामलों में 1 कर्मचारी नया और 1 कर्मचारी पूर्व से ही मधुमेह का रोगी पाया गया। डा. तिवारी ने सभी कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को जीवनशैली में परिवर्तन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के नियंत्रण के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव प्रबंधन एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं समय रहते रोगों की पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर डा. रंजना पाटनी, पैरामेडिकल स्टाफ तथा रेलकर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा ने निषाद समाज का अपमान किया : अजय राय

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने निषाद समाज को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने निषाद समाज का अपमान किया है। उन्होंने महत राजू दास को भाजपा समर्थित होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता को जिस प्रकार डीडी न्यूज सरकारी चैनल पर लाइव प्रसारण में मां-बहन की गालियां एवं धमकी राजू दास द्वारा दी गयी और अभी तक राजू दास पर एफआईआर नहीं दर्ज की गयी इससे स्पष्ट है कि राजू दास को संरक्षण प्राप्त है। इनके संरक्षण में निषाद समाज के नेताओं को गालियां दिलायी जा रही है। आज निषाद समाज में बहुत ही दुःख और वेदना है।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता राम निहाल निषाद ने कहा कि उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रण पर कांग्रेस यूपी प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, एआईसीसी सचिव अभिषेक दत्त, सुरेन्द्र यादव आदि वरिष्ठ नेता पहुंचे थे। उन्होंने भाजपा द्वारा निषाद समाज के पारंपरिक भोजन पर सवाल उठाने और निषाद समाज को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि निषाद समाज के साथ भाजपा सरकार ने धोखा किया है जिसे निषाद समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

मंत्री संजय निषाद का एक बेटा भाजपा से सांसद और एक विधायक है। संजय निषाद झूठा नेता है। निषादों को यदि न्याय नहीं दिला सकते तो इन्हें खुद को निषादों का नेता कहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद से अगर राजू दास माफी नहीं मांगेगे और जब तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं की जाएगी तब तक निषाद समाज का संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा ने जिस प्रकार निषाद समाज का अपमान किया है, निषाद समाज आने वाले 2027 के चुनाव में अपने अपमान का बदला अवश्य लेगा।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि देश की सभी मां हमारी मां हैं और हम सभी माताओं का सम्मान करते हैं उनके सम्मान में शीश झुकाते हैं। जिस प्रकार लाइव डिबेट में महंत राजू दास ने निषाद समाज का अपमान किया, उन्हें मां-बहन की गाली दी, यदि उन्हें राजू दास की मां मिल जाएं तो वह उनका पैर छुएंगे और उनसे यह सवाल जरूर पूछेंगे कि उन्होने अपने बेटे को कैसा संस्कार और परवरिश दी है। यह हमारा संस्कार है और गालीबाज राजू दास का उनका वह संस्कार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से प्रदेश के निषाद समाज में बहुत रोष है। तमाम जिलों में निषाद समाज के लोगों ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन किया है यदि राजू दास के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो यह आक्रोश व्यापक रूप धारण करेगा। उन्होने कहा कि राजू दास द्वारा गाली दिये जाने की घटना की शिकायत मथुरा सदर बाजार थाने में की है अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### कई नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**लखनऊ।** किसान कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष ब्रज मौर्या और तेज प्रताप गुप्ता के नेतृत्व में लखीमपुर के दर्जनों लोगों ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को विधिवत पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से कौशल श्रीवास्तव एडवोकेट, राजेश पटेल, राम नरेश भार्गव, उमेश दीक्षित, अशोक चैधरी सहित सैंकड़ों लोग शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, डॉ. अमित राय, सुरेन्द्र यादव, सर्वेश श्रीवास्तव, अतुल वर्मा, कमलेश तिवारी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# यूपीटेट का परिणाम घोषित, 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी सफल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटेट 2026) का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपीटेट 2026 की लिखित परीक्षा 02 व 03 जुलाई को दो-दो पाली और 04 जुलाई को एक पाली इस प्रकार कुल पांच पालियों (03 पाली उच्च प्राथमिक स्तर एवं 02 पाली प्राथमिक स्तर) में प्रदेश के 60 जिलों में 955 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई थी। इस परीक्षा में पंजीकृत अभ्यर्थियों की अत्यधिक संख्या (19,94,661) होने के कारण परीक्षा 03 दिवस की पांच पालियों में सम्पन्न करायी गयी थी। प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) के लिए परीक्षा में सम्मिलित कुल 7,13,648 अभ्यर्थियों में से 80.07 प्रतिशत अर्थात 5,71,435 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

# सरकार बनी तो महिलाओं को देंगे 40 हजार

## अखिलेश यादव ने की स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा की। सपा स्त्री सम्मान- समृद्धि योजना विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेगी। 2027 में सरकार बनते ही पार्टी चरणबद्ध तरीके से स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लागू करेगी। इस योजना में समाजवादी सरकार में महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस के साथ ही छात्राओं को इंटर पास होने के बाद लैपटॉप, साइकिल दी जाएगी। महिलाओं की सरकारी बसों में यात्रा मुफ्त होगी। भाजपा सरकार में बंद किए सभी 26 हजार प्राइमरी स्कूल फिर खोले जाएंगे। सरकारी स्कूलों में फीस माफ और प्राइवेट में फीस हाफ होगी। न्यूट्रिशन मिशन योजना फिर शुरू की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों को ठीक किया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने महिलाओं के लिए स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि होगी। समाजवादी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिना आधी आबादी को आगे बढ़ाए तरक्की अधूरी है।

अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सपा ने पहले भी शिक्षा से लेकर सुरक्षा के लिए फैसले लिए थे। वो फैसले आज भी उदाहरण है। हाल ही में आये जापान के डेलीगेशन को सरकार ने वही 1090 को दिखाया जो समाजवादी सरकार में बनाया गया था। अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में स्त्री सम्मान समृद्धि योजना लागू करने के साथ ही महिलाओं में असुरक्षा की भावना को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नारी केवल नारा बनकर रह गया है। सभी लोग जानते है कि महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन गया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू किया जाए। हम चाहते है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ही इसे लागू किया जाए।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100<br>2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |

# सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

## सुशांत गोल्फ सिटी में डंपर ने ली बाइक सवार युवक की जान,हरदोई रोड पर बाइक सवार की गयी जान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में किसान पथ ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की जान चली गई। आरोपी चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम असन्द्रा बाजार, थाना असन्द्रा, बाराबंकी के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी रीना देवी ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी है।

रीना देवी के अनुसार, उनके पति 24 जुलाई 2026 की सुबह 6 से 7:30 बजे के बीच बाइक से काम के सिलसिले में जालौन जा रहे थे। जलसा रिसॉर्ट के सामने किसान पथ ओवरब्रिज पर सामने से गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और धर्मेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के



दौरान उनकी मौत हो गई।

पीड़िता ने बताया कि हादसे के समय डंपर का नंबर नोट नहीं हो पाया और पति की मृत्यु से आहत होने के कारण तहरीर देने में देरी हुई। उन्होंने पुलिस से ओवरब्रिज पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी ओर काकोरी क्षेत्र में बुधवार को दोपहर करीब 01:00 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि लखनऊ-हरदोई रोड पर मोटी नीम के पहले सड़क दुर्घटना हो गई है। सूचना प्राप्त होते ही उपनिरीक्षक शैलेष प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर ज्ञात हुआ कि डीसीएम वाहन ने पल्सर मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार अकील अहमद पुत्र मो. अहमद निवासी ग्राम मऊ थाना मोहनलालगंज गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल अकील अहमद को उपचार के लिए सीएचसी मलिहाबाद भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि अकील अहमद बुधवार को मोहनलालगंज से मलिहाबाद जा रहे थे। मृतक के परिजन भी मौके पर मौजूद थे। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस कब्जे में लेकर सुरक्षित खड़ा कराया गया है। डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर गांव में बुधवार को सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला नहाने के लिए जा रही थी। अनाज की टंकी पर रखा साबुन उठाते समय टंकी पर बैठे सांप ने उसे डस लिया। परिजन महिला को इलाज के बजाय पहले झाड़-फूंक कराने ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान चंपा (लगभग 60 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय राम कुमार निवासी बिराहिमपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि चंपा घर में नहाने जा रही थीं। अनाज की टंकी पर साबुन रखा था। जैसे ही उन्होंने साबुन उठाने के लिए हाथ बढ़ाया, टंकी पर बैठे सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के डसने के बाद परिजन उन्हें झाड़-फूंक कराने के लिए ले गए। वहां से हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद ग्रामीणों ने उस सांप को भी पकड़ लिया, जिसके डसने की बात सामने आई है। ग्रामीणों ने सांप को मच्छरदानी के जाल में फंसा लिया। सांप पकड़े जाने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बताया गया कि मृतका के पति राम कुमार की करीब दो वर्ष पहले मौत हो चुकी थी। महिला के तीन बेटे हैं। चंपा की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

## रक्षा बंधन पर सिटी बसों में महिलाओं के लिए यात्रा फ्री

**लखनऊ।** रक्षा बंधन के मौके पर रोडवेज बसों की तरह सिटी बसों में भी महिलाओं तथा उनके साथ एक सहयात्री के लिए यात्रा फ्री होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगरीय परिवहन निदेशालय ने इसका आदेश जारी किया है। महिलाओं व एक सहयात्री के लिए 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 29 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक सिटी बसों में यात्रा फ्री रहेगी।

निदेशालय ने लखनऊ, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, शाहजहांपुर व आगरा-मथुरा में अधिकारियों को यह सुविधा सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया है। महिला व उनके साथ एक सहयात्री को जीरो टिकट जारी किया जाएगा और उसका पूरा विवरण 31 अगस्त तक निदेशालय को उपलब्ध कराया जाएगा। कहा गया है कि रक्षा बंधन के अवसर पर शत-प्रतिशत बसों का संचालन किया जाए।

## कनौसी पुल के पास नहर से दो पुरुषों के शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**लखनऊ।** मानकनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह कनौसी पुल के पास नहर के जाल में दो पुरुषों के शव फंसे मिले। सूचना पाकर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ ने शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतकों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 7:30 बजे रेगुलेटर में दो शव दिखाई देने की सूचना मिली थी कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकलवाया। मृतकों की उम्र करीब 40 और 20 साल बताई जा रही है।

करीब 20 साल के युवक के दाहिने हाथ पर 'महाकाल' नाम का टैटू बना हुआ है। पुलिस इसी को उसकी पहचान का आधार मानकर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य माध्यमों से भी दोनों शवों की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले



सोमवार देर रात नहर में दो युवकों के गिरने की सूचना मिली थी। उनकी तलाश में एसडीआरएफ ने करीब 24 घंटे तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन मंगलवार देर रात तक कोई बरामदगी नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने सूचना पर संदेह जताया।

थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि सूचना देने वाला रविकांत मौर्य शराब के नशे में था। उसने दो युवकों के नहर में गिरने की जानकारी दी थी और बताया था कि वे भी नशे में थे। इसलिए पुलिस उस सूचना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। अब जाल से मिले दोनों शवों का उसी घटना से संबंध बताया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साइबर जालसाजों ने ठगे 36.95 लाख रुपये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने राजधानी में अलग-अलग तरीकों से लोगों को निशाना बनाया और 36.95 लाख रुपए ठगे। कहीं जोमाटो की कस्टमर केयर तलाशने के दौरान ठगी हुई तो कहीं ग्रीन गैस अधिकारी बनकर खाते से लाखों रुपए निकाल लिए गए। किसी का मोबाइल हैक कर बैंक खाते से रकम उड़ाई गई। पुलिस ने अलग-अलग थानों में पांच मुकदमें दर्ज किए हैं।

हुसैनगंज के मुरलीनगर निवासी गुलशन मेहता ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त को वह जोमाटो की शिकायत दर्ज कराने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर तलाश रहे थे। कॉल करने पर राहुल नाम के व्यक्ति से बात हुई। उसने शिकायत दर्ज कराने के नाम पर 5 रुपए का पेमेंट कराया। इसके बाद 10 अगस्त की सुबह इंटरनेट बैंकिंग से स्टेटमेंट चेक किया तो पीएनबी एकाउंट से 5-5 लाख रुपए के दो ट्रांजेक्शन मिले।

**ग्रीन गैस अधिकारी बनकर 7.08 लाख की ठगी :** साउथ सिटी निवासी भगवंत पांडेय के मुताबिक 17 अगस्त को उन्हें ग्रीन गैस कनेक्शन बंद होने का संदेश मिला। मैसेज में दिए नंबर पर संपर्क करने पर व्यक्ति ने खुद को ग्रीन गैस लिमिटेड का अधिकारी बताया। सीआरएन अपडेट करने के नाम पर 13 रुपए का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान के प्रयास के दौरान ठग ने एक स्क्रीनशॉट भेजकर कनेक्शन वेरिफिकेशन का झांसा देकर करंट अकाउंट से त 2-2 लाख रुपए और आईसीआईसीआई के संयुक्त बचत खाते से 1.08 लाख रुपए निकाल लिए गए। दोनों खातों से कुल 7.08 रुपए की ठगी हुई।

**खाते से निकाले 1.87 लाख :** चिनहट थाना क्षेत्र के कल्याणी विहार निवासी वीरपाल सिंह यादव ने शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल, डेबिट और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानकारी हैक कर ली गई। उनका आरोप है कि एक नंबर से फॉरवर्ड कॉल के जरिए ओटीपी और फोन कॉल तक हैक किए गए।इसाके बाद बैंक खाते से 1.87 लाख रुपए निकाल लिए गए।

**अधिकारी बनकर 15.47 लाख ऐंठे :** कृष्णानगर निवासी प्रियम भावनानी के मुताबिक 29 जुलाई को श्याम नारायण दुबे नाम के व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को एनपीसीआई का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनकी पॉलिसी सरेंडर की रिक्वेस्ट आई है। झांसे में लेकर उनसे सीए यासीन के एक्सिस बैंक खाते में कुल 15,47,950 रुपये जमा करा लिए गए। बाद में उन्हें ठगी का पता चला।

**मोबाइल हैक कर बैंक खाते से निकाले 2.03 लाख :** आलमबाग थाना क्षेत्र के सुजानपुरा निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि 21 अगस्त की रात करीब 8:20 से 8:22 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा के पटेल नगर शाखा स्थित खाते से 2.03 लाख रुपए निकाल लिए गए। जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

## तीन बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**लखनऊ।** इंदिरानगर पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय राज जायसवाल समेत तीन बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गैंग का सरगना राज जायसवाल (37) मूलरूप से बहराइच के मोतीपुर क्षेत्र का रहने वाला है। मौजूदा समय में इंदिरानगर के जरहरा शीतल नगर फेज-2 और तकरोही स्थित आदर्श कॉलोनी में रहता था और खुद को पत्रकार बताता था।

गिरोह में जरहरा रसूलपुर सादात, इंदिरानगर निवासी राजा उर्फ अनुराग (26) और सिधौली, सीतापुर निवासी मनीष जायसवाल (42) भी शामिल हैं। मनीष रिश्ते में राज का साढू लगता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इनमें घर में घुसकर हमला, महिला से अभद्रता, धमकी, रंगदारी, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मामले शामिल हैं।

## नैनीताल बैंक से 1.87 करोड़ का लोन घोटाला, 18 पर मुकदमा

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित नैनीताल बैंक शाखा में फर्जी दस्तावेज और जाली पहचान पत्रों के जरिए नौ होम लोन समेत 11 लोन लेकर करीब 1.87 करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। बैंक की आंतरिक जांच में फजीर्वाड़ा सामने आने पर शाखा प्रबंधक ने हसनगंज कोतवाली में लोन धारकों, पैनल अधिवक्ता और वैल्यूअर समेत 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर चितवन कुमार के मुताबिक, शाखा प्रबंधक ने तहरीर दी कि 17 मई से 27 जून 2025 के बीच अभिषेक अग्रवाल शाखा प्रबंधक थे। उसी अवधि में नौ आवास ऋण समेत कुल 11 लोन स्वीकृत किए गए, जिनका कुल बकाया 1,87,55,682 रुपये है। किश्तें न जमा होने पर खाते एनपीए में चले गए। बैंक ने नोटिस भेजा, जवाब न मिलने पर गिरवी सम्पत्ति के पेपर जांचे तो वह फर्जी मिले। आरोप है कि आरोपियों ने करीब 1.94 करोड़ का लोन लिया था। बिक्री विलेख, पहचान पत्र और संपत्ति के कागजों पर फर्जी मोहर और हस्ताक्षर थे। मौके पर असली मालिकों ने लोन से इनकार किया। बैंक ने अपने पैनल अधिवक्ता आशीष सिंह, नरेंद्र सिंह मेहता पर स्वामित्व रिपोर्ट व पैनल वैल्यूअर सत्येंद्र वर्मा पर बढ़ा-चढ़ाकर मूल्यांकन का आरोप लगाया है।

शिकायत पर कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। केस में भारती अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, ज्ञान सिंह, बाबू लाल, आशीष सिंह, नरेंद्र सिंह मेहता, सत्येंद्र कुमार वर्मा, भावना रस्तोगी, दिवाकर उपाध्याय, अभिषेक अस्थाना, मोहम्मद उमैर, शेख मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रेहान, आफताब आलम, शहजाद आलम, मुकेश यादव, मार्डन फर्नीचर व मोहम्मद उमेर नामजद हैं।

## अमजदिया फाउंडेशन ने मनाया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

**लखनऊ।** मिश्रपुर प्लाट नंबर 5 निकट कुबेर इंक्लेव कुर्सी रोड पर आज इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहमद साहब के जन्म दिन बारह रवि उल अव्वल * जश्ने मौला के शुभ अवसर पर अमजदिया फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अमजद खान तमन्ना ने अपने उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब आपस में भाई चारा किसी मजलूम को न सताना लोगो के प्रति प्रेम की अभिभूति दिखाना उनका यही उद्देश्य रहा है । अमजदिया फाउंडेशन ने हजरत साहब के जन्म दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में लंगर का आयोजन भी किया। इस अवसर पर फातिहा कुरान ख्वानी कव्वाली का भी आयोजन किया गया। अमजदिया फाउंडेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन को यादगार बनाने में अफरोज अलाउद्दीन खान छोटे , महेश शुक्ला,इमामुद्दीन खान,संतोष भारद्वाज,सरफराज खान आशीष द्विवेदी एडवोकेट,आमिरखान ,हनीफ, आस मोहम्मद एडवोकेट, सुशील वर्मा,राजकरण,रामसजीवन,रामू अनिल यादव, विकास सिंहआदि लोगो ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग से 32 लाख ठगे

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग में कई गुना मुनाफे का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग से करीब 32 लाख रुपये ठग लिए। व्हाट्सएप पर संपर्क कर खुद को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी का कर्मी बताया और डीमैट अकाउंट में फर्जी मुनाफा दिखाकर ठगी की। एडीसीपी क्राइम किरन यादव के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शारदानगर रुचिखंड प्रथम निवासी राम कुमार ने बताया कि 31 जुलाई को मैसेज आया। संपर्क करने पर युवती ने खुद को अनन्या कुलकर्णी और कंपनी को फिनसोल सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड बताया। कहा कि आईपीओ में निवेश पर 40 से 165 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। झांसे में आकर पीड़ित ने पीएनबी पेंशन खाते से 31 जुलाई से 10 अगस्त के बीच पांच बार में 31,86,311 रुपये ट्रांसफर कर दिए। डीमैट अकाउंट में 67 लाख का मुनाफा दिखा। विड्रॉल करने पर सर्विस चार्ज मांगा गया। इंकार करने पर धमकाया गया।

## अंसल ग्रुप के चेयरमैन समेत आठ पर मुकदमा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में प्लाट के नाम पर 28 लाख रुपये हड़पने के आरोप में अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के चेयरमैन सुशील अंसल और वाइस चेयरमैन प्रणव अंसल समेत 8 अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना सुशांत गोल्फ सिटी में सफायर होम्स निवासी शिव प्रसाद उपाध्याय ने तहरीर दी है। आरोप है कि उनकी पत्नी स्व. अनीता उपाध्याय ने वर्ष 2008 में कंपनी के प्रोजेक्ट में प्लाट संख्या के-01/0065, 02/0065, एरिया 402 वर्ग गज के लिए 8 लाख रुपये अग्रिम देकर एग्रीमेंट कराया था। कंपनी ने कहा था कि जमीन एलडीए से अप्रूव्ड है और विकास कार्य चल रहा है। आरोप है कि शिकायतकर्ता कंपनी के कार्यालय गए तो टालमटोल की जाती रही। वहीं रीवा निवासी ऋषि कान्त शुक्ल ने बताया कि उनकी बहन अनू मिश्र ने वर्ष 2008 में सुशांत गोल्फ सिटी में प्लाट संख्या जी/06/0064 (338 वर्ग गज) के लिए एग्रीमेंट किया था। आरोप है कि कंपनी ने एलडीए अप्रूव्ड बताकर नक्शा दिखाया और 12 लाख व रजिस्ट्री, चहारदीवारी के नाम पर 5 लाख रुपये ले लिए, लेकिन आज तक न रजिस्ट्री की और न कब्जा दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल, 11 बजे तक नहीं पहुंचे डाक्टर

**लखनऊ।** माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। सुबह 11 बजे तक ओपीडी में डॉक्टर वसीम के नहीं पहुंचने से मरीजों को इंतजार करना पड़ा। वहीं, महिला डॉक्टर करीब 11:08 बजे अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान फार्मासिस्ट की जगह प्रशिक्षण ले रहीं छात्राओं के दवा वितरण करने का मामला भी सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार को सुबह अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीज डॉक्टरों के आने का इंतजार करते रहे। निर्धारित समय तक ओपीडी में डॉक्टर वसीम के नहीं पहुंचने से मरीजों को परेशानी हुई। करीब 11:08 बजे महिला चिकित्सक के पहुंचने के बाद मरीजों की जांच शुरू हो सकी। इधर, दवा वितरण कक्ष में भी व्यवस्था को लेकर सवाल उठे। आरोप है कि फार्मासिस्ट की मौजूदगी में दवा वितरण की जिम्मेदारी निभाने के बजाय प्रशिक्षण ले रहीं छात्राएं मरीजों को दवाएं बांट रही थीं।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र रोल नंबर 1226387 मेजरगंज से भदौखर के बीच कहीं वास्तव में खो गया है। प्रिन्शी मौर्या पुत्री चंद्रशेन मौर्य ग्राम अनुरुद्धपुर पोस्ट मेजरगंज, जिला रायबरेली

### सूचना

सूचित हो कि मुकदमा अपराध संख्या 209/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर से संबंधित बरामद 18 साइकिलें जिसमें तीन रेंजर साइकिलें है जो थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर में बरामद हुई है यदि किसी की है तो वह थाना कोतवाली नगर से संपर्क स्थापित करें।

### आवश्यकता

**आवश्यकता है**

फ्रेंड्स कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, इटावा में सचिव के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति मानदेय के साथ अस्थायी आधार पर की जाएगी। **शैक्षणिक योग्यता :-** ग्रेजुएट, **DOEACC 'A'** लेवल या समकक्ष होना वांछनीय है। इच्छुक उम्मीदवार 03/09/2026 तक सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच समित के कार्यालय में अपने आवेदन जमा करें। 03/09/2026 के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया समित के कार्यालय में संपर्क करें।

## छह श्रद्धालुओं के चेन मोबाइल व नकदी चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा के प्रसिद्ध बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के आखिरी बुधवार को भोलेनाथ के दर्शन को उमड़ी भीड़ में चोरों ने छह श्रद्धालुओं को निशाना बनाया। भीड़ का फायदा उठाकर सोने की चेन, पर्स, मोबाइल और नकदी चोरी कर ली गई। वारदात मंदिर के गर्भगृह में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

## बिजली कैंप में तत्काल होगा समाधान

- उपभोक्ता से लिया जाएगा फीडबैक
- मध्यांचल में कैंप से अब तक लाखो उपभोक्ताओं के समस्याओं का हुआ समाधान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित किए जाने वाले बिजली कैंपों में अब शिकायतों के समाधान के साथ ही उपभोक्ताओं से फीडबैक भी लिया जाएगा। कैंप में पहुंचने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कर संबंधित अधिकारी मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करेंगे। मध्यांचल एमडी संदिप भागिया ने बताया कि जिन मामलों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं होगा, उन्हें संबंधित विभाग को भेजकर समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाएगा।

बिजली विभाग की ओर से आयोजित कैंपों में बिल संशोधन, मीटर संबंधी शिकायत, कनेक्शन में नाम परिवर्तन, लोड बढ़ाने या घटाने, खराब मीटर, बिजली आपूर्ति तथा अन्य उपभोक्ता सेवाओं से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि कैंप में आने वाले उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कैंप की सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था उपभोक्ताओं से लिया जाने वाला फीडबैक होगा।

शिकायत के निस्तारण के बाद उपभोक्ता से यह जानकारी ली जाएगी कि उसकी समस्या का समाधान संतोषजनक ढंग से हुआ या नहीं। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भी आकलन किया जा सकेगा। फीडबैक में शिकायत के समाधान में देरी अथवा कर्मचारी के व्यवहार संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित स्तर पर कार्रवाई की जा सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि कैंप का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को मौके पर राहत उपलब्ध कराना है।

कैंपों की नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि दर्ज शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित न रहे। विभाग का मानना है कि फीडबैक व्यवस्था लागू होने से उपभोक्ता सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और बिजली विभाग के प्रति उपभोक्ताओं का भरोसा मजबूत होगा।

## ट्रांसफार्मर फुंका तो जेई नपेंगे

**ज्यादा कटौती वाले क्षेत्रों में भी होगी कार्रवाई**

**लखनऊ।** बिजली व्यवस्था में लापरवाही अब अवर अभियंताओं पर भारी पड़ेगी। ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने वाले जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन क्षेत्रों में निर्धारित समय से अधिक बिजली कटौती होगी, वहां भी संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। ग्रामीण उपभोक्ताओं की शिकायतों का पूरा ब्यौरा रखना भी अनिवार्य होगा। बिजली विभाग ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना मिलते ही उसे बदलने या मरम्मत कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए। लंबे समय तक ट्रांसफार्मर खराब रहने पर संबंधित अवर अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने वाले क्षेत्रों की समीक्षा कर कारणों का पता लगाया जाएगा और आवश्यक सुधार कराए जाएंगे।

ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती की भी निगरानी की जाएगी। जिन क्षेत्रों में लगातार या निर्धारित अवधि से अधिक कटौती की शिकायतें मिलेंगी, वहां जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को आपूर्ति बाधित होने का कारण और बहाली का समय दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं की शिकायतों का अलग से ब्यौरा तैयार किया जाएगा। इसमें शिकायतकर्ता का नाम, गांव, समस्या का प्रकार, शिकायत दर्ज होने की तारीख और उसके निस्तारण की स्थिति दर्ज होगी। अधिकारियों को शिकायतों की नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण कराना होगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति में सुधार और उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिम्मेदारी तय की जा रही है। लापरवाही मिलने पर संबंधित जेई और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## यूपीटी-20 लीग में कानपुर सुपरस्टार्स के खिलाड़ी को डीजीपी ने दिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उप्र. राजीव कृष्ण ने गोरखपुर लायंस एवं कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेले गये मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स के खिलाड़ी आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस महानिदेशक ने नोएडा सुपर किंग्स एवं काशी रुद्रास के बीच खेले गये दूसरे मुकाबले का टॉस कर मैच का शुभारम्भ किया। राजीव कृष्ण पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा आज बुधवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में गोरखपुर लायंस एवं कानपुर सुपरस्टार्स के बीच खेले गये यू0पी0टी-20 लीग मैच के प्रथम मुकाबले में कानपुर सुपर स्टार्स के खिलाड़ी आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। तत्पश्चात नोएडा सुपर किंग्स और काशी रुद्रास टीमों के बीच खेले जा रहे यू0पी0टी-20 लीग के आज के दूसरे मुकाबले का टॉस कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश, विशेषकर लखनऊ में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में पुलिस द्वारा उत्कृष्ट सुरक्षा एवं व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे ये आयोजन सफलतापूर्वक एवं निर्बाध रूप से संपन्न हुए हैं। यह क्रिकेट लीग उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित हो रही है, जो प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने के अवसर और प्रेरणा प्रदान करेगी।

# न्यायिक आदेश में त्रुटि तो अफसर पर नहीं होगी कार्रवाई : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी न्यायिक या अर्ध-न्यायिक अधिकारी का आदेश बाद में कोर्ट द्वारा निरस्त कर दिए जाने मात्र से उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती। कहा कि कार्रवाई के लिए यह स्पष्ट और सत्यापन योग्य सामग्री होना जरूरी है कि आदेश दुर्भावना से या कानून के पालन के बजाय किसी बाहरी अथवा अनुचित प्रभाव के कारण पारित किया गया था। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने यह टिप्पणी मेइशेंग चियांग उर्फ चियांग मेई शेंग की ओर से दाखिल रिट याचिका को खारिज करते हुए की।

याचिका में याची ने तत्कालीन देवीपाटन मंडल के आयुक्त के खिलाफ अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 के तहत विभागीय कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी। विवाद 26 जून 2024 को आयुक्त द्वारा पारित एक आदेश से जुड़ा था। याची का आरोप था कि यह आदेश उसे सुनवाई का अवसर दिए बिना पारित किया गया। हाईकोर्ट ने पूर्व में पांच अगस्त 2024 को संबंधित आदेश को निरस्त कर मामला नए सिरे से तय करने के लिए अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), गोंडा को भेज दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि संबंधित अपील को बिना विलंब क्षमा आवेदन पर निर्णय किए गुण-दोष के आधार पर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। याची ने इसी आदेश को आधार बनाकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की थी। उसका तर्क था कि अधिकारी ने आचरण नियमों के तहत अपेक्षित सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा का पालन नहीं किया।

याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि किसी आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन, कानूनी त्रुटि या अन्य कमी पाए जाने और उसके कारण आदेश निरस्त हो जाने से अपने आप विभागीय कार्रवाई का आधार नहीं बनता। अदालत ने कहा कि यदि हर निरस्त किए गए आदेश के आधार पर अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होने लगे तो प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था में निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित होगी। पीठ ने कहा कि विभागीय कार्रवाई के लिए स्पष्ट, ठोस और सत्यापन योग्य तथ्य आवश्यक हैं। केवल तभी कार्रवाई पर विचार किया जा सकता है जब यह प्रमाणित हो कि आदेश कानून को लागू करने के बजाय किसी बाहरी या अनुचित विचार से या दुर्भावना से पारित किया गया था।

## दो माह से चल रहे काम का ठेका नहीं होगा रद्द

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंबेडकरनगर प्रेस क्लब के नवीनीकरण और विस्तार के 1.17 करोड़ रुपये के ठेके से जुड़े मामले में कहा कि तकनीकी रूप से योग्य ठेकेदार की पात्रता दोबारा तय करने के दौरान शिकायतकर्ता को निर्णय की जानकारी न देना प्रक्रिया की गंभीर खामी है। हालांकि, ठेका छह माह में पूरा किया जाना है और दो माह से अधिक समय से काम चल रहा है, इसलिए जनहित में अदालत ने ठेका रद करने या निर्माण कार्य रोकने से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की पीठ ने रंजना पांडेय की याचिका पर 21 अगस्त को दिया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि सह-निविदाकार एमएस जय प्रकाश वर्मा ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में चल रहे 3.72 लाख रुपये के काम की जानकारी छिपाकर बोली क्षमता अधिक दिखाई। स्थानीय निविदा मूल्यांकन समिति ने 22 अप्रैल को शिकायत को मेरिट वाला मानते हुए प्रतिवादी की बोली को गैर-उत्तरदायी घोषित कर दिया था। इसके बाद समिति ने दो मई को मामले को 18 अप्रैल को जारी एसओपी के अनुसार पुनर्विचार के लिए स्थानीय समिति को भेज दिया।

पुनर्मूल्यांकन में प्रतिवादी को तकनीकी रूप से योग्य पाया गया और 30 मई को परिणाम पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। दो जून को उसे एल-1 घोषित किया गया, आठ जून को लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस जारी हुआ और 10 जून को ठेका दे दिया गया। कोर्ट ने कहा कि 18 अप्रैल की एसओपी में छिपाए गए चल रहे काम की जांच के लिए 10 प्रतिशत की सीमा तय की गई थी। मौजूदा 117 लाख रुपये की निविदा में 3.72 लाख रुपये का कथित छिपा काम 10 प्रतिशत यानी 11.7 लाख रुपये से कम था। वहीं, याचिकाकर्ता ने दूसरी निविदा में अपने साथ भेदभाव का आरोप लगाया था। कोर्ट ने पाया कि उस मामले में याचिकाकर्ता पर 94.09 लाख रुपये के आठ चल रहे कार्य छिपाने का आरोप था, जबकि उस निविदा की कीमत 223 लाख रुपये थी। यानी छिपाए गए कार्यों की कीमत 10 प्रतिशत सीमा से काफी अधिक थी। अदालत ने कहा कि ठेका दो माह से अधिक समय से चल रहा है और छह माह की अवधि में इसे बीच में रोकने से सार्वजनिक परियोजना प्रभावित होगी।

# रंग-बिरंगी राखियों से सजे बाजार, डिजाइनर राखी की मांग ज्यादा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन का त्योहार में बस कुछ ही दिन बाकी हैं। इस खास दिन बहनें अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधने का इंतजार कर रही हैं। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूती देने का है, वैसे तो बहनें अपने भाइयों को राखी के तौर पर एक कलावा भी बांधकर इस त्योहार को मना सकती हैं, लेकिन बहनें अपने पसंद की राखी बांधना ज्यादा पसंद करती हैं और बाजार में सुंदर और अद्भुत राखी की खोज करती है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कई छोटे-बड़े बाजार है जहां राखी की दुकानें सज गई हैं, इनमें से एक अमीनाबाद मार्केट है जो रंग-बिरंगी राखियों से सजी हुई है। यहां राखियों की खरीदारी करने वालों से अच्छी भीड़ जुट रही है। यहां के दुकानों में विभिन्न डिजाइन और प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जिनमें से बहनें अपनी पसंद की राखी चुन सकती हैं। त्योहार को लेकर दुकानदारों में भी खास उत्साह है। यहियागंज राखी बाजार में खरीदारी करने के लिए लोग नजर आ रहे थे। बाजार में रेशम के धागे और मोती वाली राखियों के अलावा स्पाइडर मैन, छोटा भीम, गणेश, कान्हा-भीम, एंग्री बर्ड, सेंटा, पब्जी, बाबा का बुल्डोजर समेत अन्य राखियां हैं। इसके अलावा लाइट वाली राखियां भी आकर्षित कर रही हैं। ज्यादातर दुकानदारों ने कोलकाता से ही माल मंगाया है। कुछ ने दिल्ली और मुंबई से भी राखियां मंगवाई हैं। दूसरी ओर अमीनाबाद और चारबाग के बाजार में पांच रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक की राखियां मौजूद हैं। कार्टून और लाइट वाली राखियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं।

**बाजार में कम हैं चाइनीज राखियां:** बाजार में चाइनीज राखियां इस बार कम हैं। चाइनीज राखी 264 से लेकर 340 रुपये दर्जन तक है। फुटकर बाजार में चाइनीज राखी की कीमत 22 से लेकर 45 रुपये तक है। राखी कारोबारी अनूप वर्मा ने बताया कि बाजार में चाइनीज माल न के बराबर है। कुछ लोगों ने लाइट वाली राखियां मंगवाई हैं।

**चांदी की राखी भी बाजार में:** चांदी की राखी की भी मांग है। सराफा कारोबारी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को चांदी की राखी के बारे में जानकारी दे रहे हैं। चांदी की राखी की कीमत 350 से 950 रुपये तक है। जबकि चांदी का ब्रेसलेट पांच से दस हजार रुपये के बीच है। बद्री प्रसाद ज्वैलर्स के मालिक रवि केसरवानी ने बताया कि एक दिन में लगभग पांच से सात चांदी की राखी बिक रही है। सोने का ब्रेसलेट भी लोग खरीद रहे हैं। दस ग्राम सोने के ब्रेसलेट की कीमत 50 हजार रुपये है।

**चांदी की घड़ी:** बाजार में चांदी की राखियों की भी मांग बढ़ी है। चौक सराफा बाजार से राखियां बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर लखीमपुर, हरदोई, संडीला तक जा रही हैं। चांदी की घड़ी की कीमत 5 से 8 हजार रुपये तक है। बाजार में महाराष्ट्र की डिजाइनर, गुजरात की हल्की और दिल्ली की स्टोन फिनिश चांदी की राखियां 150 से 3000 रुपये तक में हैं।

**हल्की राखियां आ रहीं पसंद:** अमीनाबाद में राखी व्यापारी अविनाश सोनकर ने बताया कि राखियों का बाजार गुलजार हो गया है। लोग अमूमन हल्की राखियां लेना पसंद कर रहे। वहीं, कुछ हट के चाहने वालों के लिए राजस्थानी जरीदार ट्रेडिशलन राखियों की मांग है। रिटर्न गिफ्ट में चांदी के नोट: बहनों के लिए रिटर्न गिफ्ट में सोने के टॉप्स 4 से 20 हजार रुपये तक में उपलब्ध हैं। वहीं, चांदी के टॉप्स 150 से एक हजार रुपये तक में है। इसके साथ ही चांदी के नोट 200 से 500 रुपये तक में हैं।

**विशेष थाली लें और सीधे पहुंच जाये घर:** बाजार में इस बार विशेष तरह की थालियां आई हैं। कारोबारी हर्षित गुप्ता बताते हैं कि इसे लेकर सीधे भाई को टीका करने पहुंचा जा सकता है। इसमें रोली, चावल, दिया, सूती और डिजाइनर राखियां हैं। विशेष क्ले से बनी इन रंगीन डिजाइनर थालियों में पर्व की जरूरत से जुड़ा करीब-करीब सारा सामान मौजूद रहता है। खास बात यह है कि सिर्फ बड़ी थालियां ही नहीं, नन्हीं-नन्हीं हथेलियों पर पूजन सामग्री ले जाने वाली छोटी थालियां भी हैं। जहां बड़ी थाली की कीमत 160 से 180 तो छोटी थाली 50 रुपये प्रति पीस है।

**कार्टून कैरेक्टर्स की राखियां बच्चों की पहली पसंद:** रक्षाबंधन के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह राखी की दुकानें सज चुकी हैं। इस बार बाजार में कार्टून कैरेक्टर्स की राखियां धूम मचा रही हैं। खरीदारों के के बीच ये खासे लोकप्रिय हैं। बच्चों से लेकर बड़ों के बीच मशहूर छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमॉन जैसे कार्टून कैरेक्टर की राखियों की धूम है। अमीनाबाद से लेकर शहर में तमाम दुकानें ऐसी राखियों से पटे पड़े हैं। इस बार के इन राखियों में लाइट जलने वाला सिस्टम भी लगाया गया है। जो बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी लुभा रहे हैं। स्पाइडरमैन वाली राखियां भी बच्चों की कलाइयों पर दिखेंगीं। किसी राखी पर चश्मा लगाए छोटा भीम मौजूद है तो कहीं घड़ी वाली राखियों पर मोटू-पतलू नजर आ रहे हैं। स्थायी दुकानदारों का कहना है कि बच्चों के बीच मशहूर होने से ऐसी राखियों की बिक्री खूब ज्यादा हो रही है।

**रक्षाबंधन पर बढ़ा ऑनलाइन गिफ्ट का चलन:** पढ़ाई और नौकरी के लिए अपनी बहनों से दूर हैं, तो क्या हुआ, हम सभी मिलकर खुशियां बांटेंगे। रक्षाबंधन पर घर न पहुंच पाने पर भी बहनों को शुभकामनाएं देने और गिफ्ट देने का तरीका समय के साथ बदलाव की ओर बढ़ता जा रहा है। जहां लोगों की व्यस्तता बढ़ती जा रही है, वहीं समय की कमी के चलते अब लोग बाजारों में जाकर खरीदारी करने की अपेक्षा इंटरनेट के जरिए अपनों तक गिफ्ट पहुंचाना पसंद कर रहे हैं। वर्तमान समय में लोग इंटरनेट के माध्यम से अपनी पसंद और पब्लिसिटी को ध्यान में रखते हुए भी राखियों और गिफ्ट की खरीदारी कर उसकी बुकिंग करा रहे हैं। हालांकि इसके लिए भी एडवरटीजमेंट एजेंसीज भी लोगों का ध्यान रखते हुए अपनी पेशकश दे रही हैं। इसमें कई ऐसी ऑनलाइन कंपनियां हैं जो दूसरे शहर में राखी या गिफ्ट के साथ मिठाई भेजने के लिए फ्री सेवाएं दे रही हैं। कुछ कंपनियां 50 से 100 रुपये तक का चार्ज भी ले रही हैं।

## 'आंख का लॉकेट' बनेगा बहनों का कवच



**लखनऊ।** इस बार भाई बहनों का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इसको लेकर अभी से ही लखनऊ शहर में तैयारियां करनी शुरू कर दी हैं। खासतौर पर भाइयों ने इस बार एक अनोखा तरीका अपनाया है। बता दें कि इस बार लखनऊ की ज्यादातर ज्वेलरी की दुकानों पर भाइयों ने अपनी बहनों को बुरी नजरों से बचाने के लिए आंख का लॉकेट बनवाया है, ताकि उनकी बहनों को किसी भी तरह की बुरी नजर न लगे। लखनऊ के सरार्फा बाजार में इस समय एक से बढ़कर एक खूबसूरत लॉकेट देखने के लिए मिल रहे हैं. यह ऑर्डर तैयार कराए गए हैं।

**आकर्षण का केंद्र बने लॉकेट:** इन सभी लॉकेट में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र है आंख का लॉकेट जिसको खासतौर पर बुरी नजर से बचाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इन लॉकेट की कीमत भी बेहद खास है। 18 कैरेट सोने और चांदी के लॉकेट लगभग 1000 रुपये से लेकर 25 हजार रुपए तक हैं।

**लगातार आ रहे हैं ऑर्डर:** सरार्फा व्यापारी ने बताया कि इस बार भाइयों ने अपनी बहनों को खास तरह का लॉकेट देने की प्लानिंग कर रखी है। इसी के तहत उनके पास लगातार खास तरह के लॉकेट बनाने के ऑर्डर आ रहे हैं। आंख का लॉकेट बेहद खास है। लोग सोने और चांदी दोनों में आंख का लॉकेट बनवा रहे हैं. इस तरह के लॉकेट का चलन इस बार देखा है, साथ ही बताया कि जिनकी बहन विदेश में पढ़ रही है या फिर उनका ससुराल दूर है, तो उनके भाई खासतौर पर इस तरह के लॉकेट तैयार करा रहे हैं। ज्यादातर लॉकेट बनकर तैयार हो गए हैं और कुछ के ऑर्डर अभी भी आ रहे हैं। अमरेंद्र जैन ने बताया कि बेटों की ओर से अपनी मां के लिए मां और मॉम लिखे हुए लॉकेट भी तैयार कराए जा रहे हैं। यह भी पहली बार ही हो रहा है, क्योंकि जिन मां के भाई नहीं है वो मां अपने बेटों को ही राखी बांधती हैं, इसीलिए मां और बहन दोनों के लिए लॉकेट तैयार हो रहे हैं।

## रक्षाबंधन पर बहनें दिखेंगी सबसे स्टाइलिश और आकर्षक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षा बंधन सिर्फ भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का त्योहार नहीं, बल्कि परिवार के साथ यादगार पल बिताने का भी मौका है। ऐसे में त्योहार की तैयारियों में कपड़ों का चुनाव भी खास हो जाता है। खासकर बहनें चाहती हैं कि राखी बांधते समय उनका लुक पारंपरिक भी हो और उसमें आधुनिकता की झलक भी दिखाई दे। अगर आप भी इस रक्षा बंधन पर कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं जो आरामदेह होने के साथ-साथ स्टाइलिश और आकर्षक नजर आए, तो ट्रेडिशनल से लेकर इंडो-वेस्टर्न तक कई विकल्प आजमाए जा सकते हैं। सही फैब्रिक, रंग और एक्सेसरीज के साथ साधारण-सा आउटफिट भी बेहद खूबसूरत लग सकता है। अगर आपको ट्रेडिशनल कपड़ों में थोड़ा मॉडर्न अंदाज पसंद है, तो नायरा या आलिया कट कुर्ती आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती है। एम्ब्रॉयडर्ड वी-नेक, साइड स्लिट और खूबसूरत प्रिंट वाली कुर्ती को मैचिंग या कॉन्ट्रास्ट पलाजो के साथ पहनें। सके साथ हील्स या एम्बेलिश्ड सैंडल और मिनिमल ज्वेलरी कैरी करें। यह लुक खासतौर पर उन महिलाओं के लिए अच्छा है, जो ज्यादा भारी कपड़े पहनने के बजाय स्मार्ट और आरामदायक स्टाइल पसंद करती हैं। त्योहारों के लिए शरारा और गरारा सेट का आकर्षण कभी कम नहीं होता। छोटी कुर्ती, फ्लेयर्ड शरारा और खूबसूरत दुपट्टे का कॉम्बिनेशन रक्षा बंधन के माहौल के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। अगर आपका आउटफिट हल्के रंग का है तो उसके साथ चांदबाली, झुमके या कुंदन की हल्की ज्वेलरी पहन सकती हैं। वहीं, ज्यादा एम्ब्रॉयडरी वाले सेट के साथ एक्सेसरीज को थोड़ा मिनिमल रखना बेहतर रहेगा।

**साड़ी पहननी हैं तो चुनें हल्का और एलिगेंट विकल्प:** अगर आपको साड़ी पहनना पसंद है, लेकिन भारी साड़ी में असहज महसूस करती हैं, तो ऑर्गेंजा, शिफॉन या हल्की सिल्क साड़ी चुन सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट या सॉफ्ट पेस्टल शेड्स आपको बेहद ग्रेसफुल लुक देंगे। इसके साथ एम्ब्रॉयडर्ड बोट-नेक ब्लाउज या स्लीवलेस ब्लाउज स्टाइल किया जा सकता है। पर्ल, सिल्वर या मिनिमल गोल्ड ज्वेलरी इस लुक के साथ अच्छी लगेगी। बालों में गजरा या सॉफ्ट बन बनाकर आप पूरे लुक में पारंपरिक खूबसूरती का स्पर्श जोड़ सकती हैं।

**को-ऑर्ड सेट में पाएं इंडो-वेस्टर्न लुक:** जो महिलाएं कम मेहनत में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, उनके लिए एथनिक टच वाला को-ऑर्ड सेट एक अच्छा विकल्प है। सिल्क ब्लेंड या एथनिक प्रिंट वाले क्रॉप टॉप को फ्लेयर्ड पैंट्स के साथ पहनें और उसके ऊपर लंबा केप या श्रग कैरी करें। यह आउटफिट पारंपरिक और आधुनिक फैशन के बीच खूबसूरत संतुलन बनाता है। इसके साथ बड़े झुमके और स्टाइलिश फुटवियर आपके लुक को और आकर्षक बना सकते हैं।

**फ्लोरल अनारकली से पाएं रॉयल अंदाज:** रक्षा बंधन जैसे त्योहार के लिए फ्लोरल अनारकली या फ्लोर-लेंथ सूट एक शानदार विकल्प हो सकता है। जॉर्जेट, चंदेरी सिल्क या किसी हल्के फ्लोई फैब्रिक में पेस्टल रंगों का चुनाव आपको सॉफ्ट और एलिगेंट लुक देगा। ऐसे आउटफिट के साथ बहुत ज्यादा ज्वेलरी की जरूरत नहीं होती। स्टेटमेंट झुमके, हल्का मेकअप और सॉफ्ट हेयरस्टाइल आपके लुक को खूबसूरत बनाने के लिए काफी हैं। अगर आप चाहें तो छोटी-सी बिंदी के साथ इस पारंपरिक लुक में और निखार ला सकती हैं।

# शान-ओ-शौकत के साथ निकला ऐतिहासिक मदहे सहाबा जुलूस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** मिलादुन नबी के मुबारक अवसर पर लखनऊ में ऐतिहासिक जुलूस मदहे सहाबा पूरी शान व शौकत के साथ निकाला गया। इस जुलूस में अकीदतमन्दों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। यह ऐतिहासिक जुलूस नौ बजे दिन में अमीनाबाद पार्क से शुरू होकर मौलवीगंज, रकाबगंज, नक्खास, बिल्लैचपुरा, हैदरगंज होता हुआ दोपहर को एक बजे बजे ईदगाह ऐशबाग लखनऊ पंहुचा ।जुलूस की अगुवाई चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह व काजी शहर लखनऊ, मौलाना अब्दुल अजीम फारूकी, मौलाना अब्दुल बारी फारूकी और मौलाना मुहम्मद मुश्ताक ने की। जिसमें लगभग दो सौ अनजुमनों ने हिस्सा लिया। तमाम अंजुमनें रंग बिरंगे झण्डे लिए हुए जिन पर कल्मा-ए-तौहीद, रसूल पाक , खुलाफा-ए-राशिदीन और विभिन्न सहाबाक्राम के नाम लिखे हुए थे।

रास्ते भर अनजुमनें अपना अपना तराना पढ़ते हुए बहुत ही खूबसूरत और अनुशासित अंदाज के साथ चल रही थीं। रास्ते में बड़ी संख्या में मुसलमानों के साथ साथ हिन्दुओं ने भी सबीलें लगाकर लोगों का स्वागत किया। जिससे कि इस ऐतिहासिक शहर की रिवायती गंगा जमनी तहजीब का दिलकश नजारा हुआ। मजलिस-ए-तहफ्फुज-ए-नामूसे सहाबा, इस्लामि सेन्टर आफ इण्डिया, ऑल इण्डिया सुन्नी बोर्ड, अमन शान्ति समिति और तहरीक तहफ्फुज नामूस रसूल के कार्यकर्ताओ ने रास्ते भर जुलूस की व्यवस्था को सुचारू रूप से करने में सहायता प्रदान कर रहे थे। जूलूस के ईदगाह पंहुचने पर जुहर की नमाज हुई। इस अवसर पर एक अजीमुश्शान जलसा सीरतुन नबी और सीरते सहाबा के विषय पर हुआ। जलसे को मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, कारी अब्दुल हई नायब इमाम ईदगाह, मौलाना मो सुफियान निजामी ने खिताब किया। इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि आज का दिन बहुत मुबारक दिन है जिस दिन खुदा पाक ने अपने आखिरी नबी हजरत मुहम्मद साहब को इस दुनिया में तमाम इंसानों की राहनुमाई के लिए भेजा। जरूरत इस बात की है कि मुसलमान कि पैगम्बर-ए-इस्लाम के इंसानियत अमन और भाई चारे के पैगाम को घर घर पंहुचाने की कोशिश करें।

## जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल हुए आशिके रसूल

दरगाह हजरत मखदूम शाहमीना शाह की दरगाह से 12 रबी उल अव्वल के मुबारक मौके पर निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी काजी ए शहर मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली की सरपरस्ती में निकाला गया। दोपहर 12:30 बजे बरामद हुआ और ज्योतिबा फुले पार्क में 4:30 बजे पहुंच कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी में तब्दील होकर संपन्न हुआ ।जुलूस ए मोहम्मदी में लाखों की संख्या में आशिकाने रसूल अपने-अपने झंडे बैनर लेकर दुरूद शरीफ और सलातो सलाम के नजराने पेश करते हुए शरीक हुए। जिसमे खास तौर से सदर कैंट से मछली मोहाल होता हुआ कैसरबाग ,गोलागंज, सिटी स्टेशन होता हुआ दरगाह शाहमीना पंहुचा। इसी प्रकाश मड़ियांव, फैजुल्लागंज, पारा, राजाजीपुरम, कैंपल रोड , बालागंज, निशातगंज, करामत मार्केट ,आई टी, डालीगंज होता हुए स्थानीय जुलूस दरगाह शाह मीना पहुंचे। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने कहा कि हमारा दीन रस्म नहीं है बल्कि नबी ने खुद अमली जिंदगी गुजार कर अपनी उम्मत को भी अमल करने का हुक्म दिया है। अपने घरों में हम सभी को मिलाद शरीफ करके अपने बच्चों को इस्लामी अमली जिंदगी गुजारने का सबब बताना चाहिए और दुरुद शरीफ की कसरत पूरे अदब के साथ मोहब्बत व खुलूस के साथ करना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन सय्यद इकबाल हाशमी, सज्जादा नशीन शाहमीना शाह शेख एजाज अली मिनाई समेत अन्य मौजूद रहे।

## आशियाना जैन मंदिर में बनेगा 24 तीर्थंकरों की प्रतिमाओं वाला 35 फुट ऊंचा मानस्तंभ

**लखनऊ।** आशियाना स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को विनय, नम्रता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाले भव्य मानस्तंभ का निर्माण कराया जाएगा। करीब 35 फुट ऊंचे इस मानस्तंभ में जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवानों की आकर्षक एवं दिव्य प्रतिमाएं चारों दिशाओं में स्थापित की जाएंगी। मानस्तंभ का भूमि पूजन एवं शिलान्यास 30 अगस्त 2026 को किया जाएगा। निर्माण समिति के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि लगभग 12 फुट व्यास वाला यह भव्य मानस्तंभ सफेद संगमरमर से तैयार किया जाएगा। उपाध्याय श्री 108 वीहसंत सागर जी महाराज के सान्निध्य में इसका निर्माण कार्य संपन्न होगा। मानस्तंभ को लगभग दो माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि मानस्तंभ का निर्माण पूर्ण होने के बाद नवंबर 2026 में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 24 तीर्थंकर भगवानों की प्रतिमाओं की विधिवत प्रतिष्ठा की जाएगी। यह आयोजन जैन समाज के लिए धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। महोत्सव में देशभर से श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों के शामिल होने की संभावना है।

## रक्षाबंधन पर कल 251 जोड़े करेंगे आचार्य सुबल सागर महाराज का 'पड़गाहन'

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 28 अगस्त को प्रातः 9 बजे इंदिरा नगर जैन मंदिर में एक अलौकिक और ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिलेगा। यहाँ चातुर्मास विराजमान आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज एवं उनके संघ की आहार चर्या हेतु 251 सौभाग्यशाली जोड़े (दंपति) एक साथ गुरुदेव का 'पड़गाहन' कर आहार दान देंगे। जैन परंपरा में रक्षाबंधन पर्व का विशेष धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। इसी दिन महामुनि विष्णु कुमार ने उपसर्ग दूर कर आचार्य अकंपन देव सहित 700 दिगंबर मुनियों के प्राणों की रक्षा की थी। इस पवित्र स्मृति में जैन धर्मावलंबी मुनिराजों को आहार दान देकर महापुण्य का अर्जन करते हैं। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि इस अभूतपूर्व आयोजन को भव्य रूप देने के लिए व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं।

# सावन के आखिरी बुधवार को शिव भक्ति में डूबे भक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** सावन मास के आखिरी बुधवार को लखनऊ का पारा इलाका शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। भोर होते ही ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही शिवभक्तों की लंबी कतारें लग चुकी थीं। पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर शंभू' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजते रहे। भोलेनाथ का श्रृंगार फल-फूल, बेलपत्र, धतूरा और विविध पुष्पों से किया गया। श्रद्धालुओं ने दूध, जल, गंगाजल और फूल अर्पित कर बाबा से मनोकामनाएं पूरी होने का आशीर्वाद मांगा। मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। देर रात से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। महंत रामूपुरी के अनुसार, अधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट रात में ही खोल दिए गए। भोर चार बजे महाआरती की गई। आरती के दौरान दर्शन रोक दिए गए थे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल पुष्प, दूध, दही, शहद और गंगाजल से जलाभिषेक किया।

स्थानीय मान्यता है कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को किया गया जलाभिषेक सभी मनोकामनाएं पूरी करता है। मंदिर परिसर में विशाल मेला लगा। मेले में महिलाओं और बच्चों ने घरेलू सामान खरीदा। ग्रामीण क्षेत्र से आए विक्रेताओं ने चकला, बेलन, कढ़ाई, डलिया जैसे सामान बेचे। सावन विशेष हरी चूड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। हालांकि कुछ व्यवस्थागत समस्याएं भी देखी गईं। परिसर में कीचड़ होने से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। शौचालयों की साफ-सफाई की कमी से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। फ्लाईओवर के नीचे और सड़क पर स्टॉल की अनियंत्रित स्थापना से भी यातायात प्रभावित रहा।

# व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं को उजागर करता नाटक पार्क

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति, लखनऊ द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के रिपेट्री ग्रान्ट वर्ष 2026-27 की प्रथम प्रस्तुति के रूप में आयोजित सुप्रसिद्ध नाट्य रचनाकार मानव कोल की नाट्यकृति पार्क का नाट्य मंचन नगर के वरिष्ठ रंग निर्देशिका अचला बोस परिकल्पना तुषार बाजपेयी शुभम के निर्देशन में स्थानीय अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, में किया गया।

नाटक के कथानक के अनुसार मानव कौल की नाट्य रचना पार्क नाटक की शुरूआत एक साधारण से पार्क में होती है। यहाँ विभिन्न आयु, स्वभाव और पृष्ठभूमि के लोग आते हैं। कोई सुबह के सैर के लिए आता है तो कोई समय बिताने के लिए, कोई अकेलेपन से बचने के लिए तो कोई अपने भीतर चल रहे द्वन्द से कुछ देर राहत पाने के लिए, पहली दृष्टि में यह सभी पात्र एक दूसरे के लिए अपरिचित लगते हैं, लेकिन जैसे-जैसे संवाद आगे बढ़ते हैं, उनके भीतर छिपे अकेलेपन, असुरक्षा, इच्छाओं और अधूरेपन की परतें खुलने लगती हैं। नाटक में पात्रों के बीच होने वाले बातचीत सामान्य और रोजमर्रा की प्रतीत होती हैं, किन्तु इन्हीं साधारण संवादों के भीतर जीवन के गहरे प्रश्न छिपे हुए हैं। वे प्रेम, विश्वास, बिछड़ने, परिवार, समय, स्मृतियों और बदलते सामाजिक संबंधों पर चर्चा करते हैं। धीरे-धीरे दर्शक यह अनुभव करने लगता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर किसी न किसी प्रकार का खालीपन लिए हुए है। वे लोगों से घिरे होने के बावजूद स्वयं को अकेला महसूस करते हैं। नाटक यह भी दिखाता है कि आधुनिक जीवन की तेज गति में मनुष्य को संवेदनहीन बना दिया है। लोग एक दूसरे से बात तो करते हैं, पर वास्तव में एक दूसरे को सुनते नहीं। हर व्यक्ति अपनी पीड़ा, अपनी इच्छाओं और अपने संघर्षों में इतना उलझा है कि यह सामने वाले के मन तक पहुँच ही नहीं पाता। यही कारण है कि नाटक में मौन का भी उतना ही महत्य है. जितना संवाद का। कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ पार्क एक ऐसे स्थान में बदल जाता है, जहां पात्र अपने वास्तविक व्यक्तित्व के साथ सामने आते हैं। ये अपने डर, असफलताएं, अधूरे सपने और रिश्तों की विफलताओं को स्वीकार करते हैं। कई बार वे स्वयं से प्रश्न करते हैं कि क्या जीयन केवल भाग-दौड़ का नाम है, य मनुष्य को अपने भीतर झाँकने का भी समय निकालना चाहिए। नाटक का अन्त किसी निश्चित समाधान के साथ नहीं होता है। मानय कौल दर्शकों को कोई अन्तिम उत्तर नहीं देते हैं। इसके बजाए यह उन्हें इस सोच के साथ छोड़ते हैं कि शायद हर व्यक्ति अपने जीवन के किसी न किसी पार्क में बैठा है। यहां यह दूसरों के बीच रहते हुए भी स्वयं को खोजने की कोशिश कर रहा है। यही इस नाटक की सबसे बड़ी विशेषता है कि दर्शकों को सोचने, आत्म मंथन करने और अपने जीवन से नाटक को जोड़कर देखने के लिए प्रेरित करता है। नाटक के मुख्य पात्र उदय की भूमिका में तुषार बाजपेयी, नरेश की भूमिका में विकास दुबे एवं मदन की भूमिका में ऋषि राज ने अपने-अपने भावपूर्ण अभिनय से रंग दर्शकों को अत्यधिक प्रभावित किया।

संक्षेप

## पोखरे में डूबकर किशोर की मौत

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी एक किशोर की बुधवार को पोखरे में डूबकर मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी 17 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र बहादुर घर से तालाब के रास्ते स्कूल की तरफ जा रहा था।रास्ते मे उसका पैर फिसल गया।वह पोखरे में चला गया।पोखरे में जलकुम्भी होने के कारण वह डूब गया।किसी की नजर रोहित पर पड़ी।उसने शोर मचाया।लोग जमा हो गए।रोहित को किसी प्रकार बाहर निकाला गया।परिजन उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गए।वहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।जहाँ चिकित्सक ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी।थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## झांसा देकर लूटने में तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जलालपुर पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को सस्ते सोने का लालच देकर लूटने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर वाहन को भी जब्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सस्ते दाम पर सोना उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। झांसे में आए लोगों को पैसा लेकर सुनसान स्थान पर बुलाया जाता था। वहां आरोपियों द्वारा मारपीट कर उनके रुपये लूट लिए जाते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि लूट की रकम से आरोपियों ने करीब एक महीने पहले फॉर्च्यूनर वाहन खरीदा था। पुलिस ने इसी वाहन को वारदात में इस्तेमाल होने के कारण जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी इजरी मोड़ के पास से की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी अजय सिंह उर्फ पिंटू बताया गया है। उसके खिलाफ जौनपुर और वाराणसी समेत विभिन्न स्थानों पर कुल 16 मुकदमे दर्ज होने की बात पुलिस ने बताई है।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के डोभी रेलवे स्टेशन के पास सुबह रेलवे ट्रैक पर 72 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान पोखरा गांव निवासी रामदेव यादव के रूप में हुई है। बताया गया है कि रामदेव यादव मंगलवार रात घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार सुबह डोभी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर उनका शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रामदेव यादव के रूप में की। बताया जा रहा है कि पिछले करीब दस दिनों से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत की बात सामने आ रही है।

## दो बाइकों की टक्कर युवक की मौत

घोरावल, सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के तिलौली खुर्द गांव में मंगलवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पिडरिया गांव निवासी आशीष पटेल (24) पुत्र सुरेश पटेल मंगलवार देर शाम घोरावल ब्लॉक से बाइक से अपने घर लौट रहा था। वह तिलौली खुर्द गांव के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल आशीष को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान आशीष ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घोरावल कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना का अभियोग दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। लोकमाता अहिल्याबाई के त्याग, सेवा, सुशासन और नारी शक्ति के सम्मान की विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर में लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे सुनकर महिलाओं में उत्साह और बढ़ गया।

डीएम चर्चित गौड़ ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन एवं उनके जनकल्याणकारी योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन नारी शक्ति, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही रक्षाबंधन के पर्व पर सभी महिलाओं को तीन दिवस तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई है। यह निर्णय महिलाओं के सम्मान और सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उनके उत्पादों की ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर मार्केटिंग सुनिश्चित की जाएगी। इससे स्थानीय उत्पादों की मांग और बाजार का विस्तार होगा तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 501 महिलाओं को मिठाई एवं साड़ी वितरित की। विकास भवन परिसर में महिलाओं की भारी संख्या में मौजूदगी से उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर एडीएम वागीश शुक्ला, एसडीएम आशीष त्रिपाठी, डीडीओ हेमंत सिंह, डीपीआरओ नमिता शरण, अपर सूचना अधिकारी विनय सिंह, डीपीओ विनीत सिंह, पुष्पा सिंह, इशिका चौबे, विंध्य नगर डिपो के एआरएम नागेंद्र पांडेय तथा सोनभद्र डिपो के एआरएम नद लाल वर्मा समेत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## डीएम के निर्देश पर सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान तेज



सोनभद्र। डीएम चर्चित गौड़ द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में एसीपी टोलवेज द्वारा सुकृत से मारकुंडी घाटी तक तीन टीमों को लगाकर सड़क को गड्ढामुक्त करने का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही आवश्यक स्थानों पर कैट-आई लगाने तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के संबंध में सड़क सुरक्षा बोर्ड लगाए जाने का कार्य भी किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड द्वारा अनपरा-शक्तिनगर, बीजपुर आदि प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त करने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों में गिट्टी डालने के साथ ही पैच मरम्मत का कार्य रोलर के माध्यम से व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है।

उक्त कार्य अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड की देखरेख में कराया जा रहा है।एसीपी टोलवेज की टीमों द्वारा विभिन्न मार्गो पर सड़क के गड्ढों की मरम्मत के साथ आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। दुर्घटना बाहुल्य एवं संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर संबंधित चेतावनी बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा संकेतक लगाए जा रहे हैं, ताकि वाहन चालकों को समय रहते सावधान किया जा सके। डीएम के निर्देशों के क्रम में जनपद में सड़कों को सुरक्षित, सुगम एवं गड्ढामुक्त बनाने का अभियान निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को कार्यों में तेजी बनाए रखने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जश्ने यौमुन्ननबी का ऐतिहासिक जुलूस निकला




जौनपुर। मुस्लिम जगत गुधार को इस्लाम के आखरी पैगम्बर का जन्मोत्सव मना रहा है। शहर में भी पिछले 126 वर्षो से एक जश्ने यौमुन्न नबी मनाया जा रहा है जिसमें लोग अपनी अपनी खुशी का इजहार करते हैं। विभिन्न अंजुमन नात पढ़ती है और विभिन्न अखाड़े अपने अपने करतब दिखाते चलते है।

जुलूस अपनी पुरानी रिवायत के अनुसार शाम मुख्य अतिथि अंसार अहमद, और सदर अध्यक्ष कमेटी ओबैदा शिराजी खान के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना हुआ। जो पूरी रात विभिन्न अखाड़ों के करतब और अंजुमने अपनी नात पढ़ते हुए ओलन्दगंज से शाही पुल, चहारसू होता हुआ किदवई पार्क कोतवाली चैराहा के कंट्रोल रूम के सामने से होता हुआ अल्फिस्टीनगंज से शाही अटाला मस्जिद पहुंच कर एक जलसे में तब्दील हो गया।इस दरमियान विभिन्न संस्थानों ने इंस्टॉल लगा कर पानी, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की, वही विभिन्न अलग अलग स्टेज से लोग अंजुमनों और अखाड़ों को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई करते रहे। जलसा रात भर बच्चों, औरतों और सभी समुदायों के लोगों से गुलजार रहा।कौमी एकजहती राष्ट्रीय एकता प्रोग्राम की अध्यक्षता मौलाना अनवार कासमी ने की कार्यक्रम की शुरूआत कलामे इलाही से यासिर एहसान ने किया। मुख्य वक्ता ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब के आने से पहले समाज में बहुत गिरावट आ चुकी थी लोग लड़की पैदा होते ही उसे जिंदा दफन कर देते थे।शराब, और विभिन्न आपसी रंजिशो के युद्धों से समाज त्रस्त था ऐसे में हजरत पैगम्बर मक्का शहर में पैदा हुए और पूरी दुनिया में बुराई को दूर करने के लिए एक मिशन चलाया जिसको उनके बाद उनके अनुयायियों ने जारी रखा।

## अलग-अलग अंजुमनों ने अपने अंदाज में नात पेश कर जीती वाहवाही



आजमगढ़। अंजुमन गुलशन-ए-रसूल, तकिया की ओर से विभिन्न अंजुमनों के बीच नातिया मुकाबले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शामिल अंजुमनों ने अपने-अपने अंदाज में नात पेश कर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। आयोजन के दौरान सभी अंजुमनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। नातिया मुकाबले में अंजुमनों ने धार्मिक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में नात पेश की। आयोजन के दौरान सभी अंजुमनों को उपहार भेंट किए गए। उपहार वितरण कार्यक्रम में विधायक दुर्गा प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने प्रतिभागी अंजुमनों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में अब्दुल्ला अहमद, मुस्ताक अहमद, अराफात अली, शेख अहमद, फैजान अहमद, दानिश अहमद, साद दान अहमद, अहमद बड़बाबू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के साथ युवाओं को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## रोजगार मेले का आयोजन 3 सितम्बर को

आजमगढ़। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में 3 सितंबर को श्री गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालटारी सगड़ी में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, स्नातक अथवा परास्नातक पास 18 से 40 वर्ष की उम्र के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में निजी क्षेत्र की 25 से 30 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर जाकर विज्ञापित रिक्तियों का विवरण देख सकते हैं।

## हाइवे से जुड़े गंगा नहर सर्विस रोड बंद होने से छोटे वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

मीरजापुर। जिले में वाराणसी-शक्तिनगर नेशनल हाईवे से जुड़ी गंगा नहर सर्विस रोड को बंद कर दिए जाने से छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नेशनल हाईवे बनने के बाद से ही स्टेट हाईवे 5 ए-1 को जोड़ने वाला करीब 500 मीटर मार्ग काफी जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। हर वर्ष इस मार्ग की मरम्मत भी कराई जाती है, लेकिन महीने भर भी सड़क की स्थिति ठीक नहीं रह पाती। जर्जर मार्ग के कारण दोपहिया, तिपहिया और छोटे चार पहिया वाहन चालक अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए गंगा नहर सर्विस रोड का इस्तेमाल करते थे।लेकिन नेशनल हाईवे विभाग द्वारा बड़े-बड़े सीमेंट के ब्लॉक रखकर तथा जेसीबी द्वारा रात के अंधेरे में मिट्टी डालकर इस रास्ते को बंद कर दिया गया है। रास्ता बंद होने से छोटे वाहन चालकों के सामने आवागमन की बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।बरसात के मौसम में यह जर्जर सड़क छोटे वाहन चालकों के चलने योग्य नहीं है, इस पर यात्रा करने पर हमेशा जान-माल का खतरा बना रहता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर लिंक मार्ग के ठीक होने तक सर्विस रोड को बंद करना जनहित में उचित नहीं है। वाहन चालकों ने शासन और संबंधित विभाग से मामले का संज्ञान लेकर बंद रास्ते को तत्काल खोलने की मांग की है। अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि सर्विस रोड खुला रहने से छोटे वाहन चालक सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे।इसलिए जब तक नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला मार्ग दुरुस्त नहीं हो जाता, तब तक सर्विस रोड को आवागमन के लिए कायम रखना अति आवश्यक है।

## बिजली पोल युवक पर गिरा, घायल

मड़िहान, मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के ददरी स्थित निर्माणाधीन अदाणी के थर्मल पावर प्लांट में श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार को प्लांट परिसर में बिजली का स्ट्रीट लाइट पोल खड़ा करने के दौरान ऐसा हादसा हुआ कि मौके पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए।

हाइड्रा मशीन की मदद से खड़ा किया जा रहा भारी बिजली पोल अचानक सोनभद्र जनपद के ओबरा निवासी एक युवक के ऊपर जा गिरा। पोल के नीचे दबने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ पल के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जिस युवक के हाथ कुछ देर पहले तक मेहनत में जुटे थे, वही अचानक भारी पोल के नीचे दबा पड़ा था। साथ काम कर रहे श्रमिक और अन्य लोग उसकी ओर दौड़े और किसी तरह उसे पोल के नीचे से निकालने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल युवक की हालत देखकर वहां मौजूद लोगों में घबराहट फैल गई। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब हाइड्रा मशीन से बिजली का पोल खड़ा करने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक पोल युवक के ऊपर गिर गया। भारी पोल की चपेट में आने से उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के वास्तविक कारण क्या रहे, पोल खड़ा करते समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं और कार्य के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था अथवा नहीं ये ऐसे सवाल हैं जिनकी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। आश्चर्य कि बात है कि घटना के बाद घायल युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय ठेकेदार और उसके साथियों द्वारा इलाज के लिए उसे मिजार्पुर स्थित एक अस्पताल ले जाए जाने की बात सामने आई है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि गंभीर दुर्घटना की स्थिति में घायल श्रमिक को तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर प्राथमिक उपचार क्यों नहीं कराया गया। हालांकि घायल को सीधे मिजार्पुर ले जाने के पीछे क्या वजह थी, इस संबंध में संबंधित पक्ष का स्पष्ट बयान सामने आने पर ही वास्तविक स्थिति साफ हो सकेगी। फिलहाल युवक के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना ने उसके साथ काम करने वाले श्रमिकों को भी विचलित कर दिया है। दूसरी ओर आएं दिन प्लांट के अंदर होने वाले हादसों ने भी श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

# बाजारों में सजीं राखियों की दुकानें

जिला संवाददाता



जौनपुर। रक्षाबंधन पर्व को लेकर जिले भर में बाजारों में राखियों की दुकानें सज गई हैं। बाजार में तरह-तरह की रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां बहनों को लुभा रही हैं।

रक्षाबंधन नजदीक आते ही राखी खरीदने के लिए बाजार में महिलाओं और युवतियों की भीड़ बढ़ने लगी है। बहनों ने भाइयों की कलाई सजाने के लिए अपनी पसंद की राखियां खरीदीं। दुकानों पर बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों के साथ ही मोतियों, रुद्राक्ष और डिजाइनर राखियों की भी खूब मांग रही। दुकानों में फैंसी राखियों की चमक देखते ही बन रही है। राखी खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में दुकानदारों ने भी तरह-तरह की राखियों का स्टॉक जुटा लिया है। इस बार बाजार में एक रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां पसंद की जा रही हैं। युवतियों और महिलाओं में फैंसी, मोती, स्टोन व डिजाइनर राखियों की मांग अधिक है। पारंपरिक लाल, पीली, हरी, गुलाबी व नारंगी रंग के धागों वाली राखियां भी खूब बिक रही हैं। राखियों के साथ चॉकलेट, गिफ्ट पैक व भाई के लिए उपहारों की दुकानों पर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। फुटकर दुकानदार थोक बाजार से राखियों की खरीदारी कर अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजा रहे हैं। दुकानों पर भाई-भाई की राखी के कॉम्बो पैक भी उपलब्ध हैं।

## दहेज उत्पीड़न में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बीजपुर, सोनभद्र। पुलिस टीम ने बुधवार सुबह दहेज उत्पीड़न और संबंधित धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को ग्राम सिरसोती से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी।इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम सिरसोती स्थित शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर डीपी एक्ट में नामजद अभियुक्त सोनू पुत्र स्वर्गीय राम लाल, निवासी ग्राम सिरसोती को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## जमीन के विवाद में मारपीट, कई घायल

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के टड़वा गांव में बुधवार सुबह आबादी की जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर दो पट्टीदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने से महिला समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के दौरान मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ अतरौलिया थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामहरीश वर्मा पुत्र स्वर्गीय रघुनंदन वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे आबादी की जमीन को लेकर उनके पट्टीदार विवाद करने लगे। आरोप है कि राजेंद्र वर्मा, प्रवेश वर्मा, लखियावती और सुमन ने एकराय होकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। रामहरीश का आरोप है कि उन्हें घसीट-घसीटकर पीटा गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं दूसरे पक्ष के प्रवेश वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा ने आरोप लगाया कि घर के रास्ते से ईंट निकालने को लेकर विवाद हुआ था। उनके मुताबिक, उनके पिता ने रास्ते से ईंट निकालने का विरोध किया तो रामहरीश, राकेश वर्मा और रमेश वर्मा ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उनके पिता, माता और उन्हें चोटें आईं। प्रवेश ने सिर और हाथ में गंभीर चोट लगने का आरोप लगाया है। प्रवेश के अनुसार, 25 अगस्त को भी रास्ते और निर्माण कार्य को लेकर विवाद की सूचना पर पीआरवी-112 मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को आपसी सहमति के बिना निर्माण कार्य नहीं करने की हिदायत दी थी। इसके बावजूद बुधवार को फिर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना के दौरान किसी ग्रामीण ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला और हाथापाई करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने वायरल वीडियो को भी जांच के दायरे में लिया है। अतरौलिया पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त कर घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर और वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अधिकारों के लिए आगे आ रहीं महिलाएं

जौनपुर। सिपाह स्थित राजमंडल में डीडीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की शाखा पर समान शिक्षा अधिकार एवं महिला-पुरुष समानता को लेकर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुषों के लिए समान शिक्षा के अधिकार, बदलते सामाजिक परिवेश तथा आधुनिक भारत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आज की युवा पीढ़ी महिला और पुरुष के बीच भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। समाज में मौजूद विभिन्न कुरीतियों और रूढ़ियों से संघर्ष करते हुए आधुनिक युग की महिलाएँ अपने अधिकारों के लिए आगे बढ़ रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में नए इतिहास रच रही हैं। वकताओं ने कहा कि वास्तविक शिक्षा वह है, जो व्यक्ति के संस्कार, व्यक्तित्व और ज्ञान को मजबूत बनाए तथा उसे समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की क्षमता प्रदान करे। शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों को समझता है, बल्कि वंचित और जरूरतमंद लोगों के अधिकारों के लिए भी आवाज उठाने में सक्षम होता है। कार्यक्रम में डीडीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें दिलरूबा परवीन, महरूबा परवीन, रूबी यादव, बबिता निषाद, यामिश, नेहा, शुभ्रा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## सर्पदंश से बालक की मौत

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में मंगलवार रात सर्पदंश से 10 वर्षीय अंश पटेल की मौत हो गई। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। रक्षाबंधन से ठीक दो दिन पहले हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार में मातम छा गया। इकलौते भाई की मौत से 13 वर्षीय बहन खुशी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, रात करीब आठ बजे अंश घर के बरामदे में खाना खाने के बाद पानी लेने के लिए बाल्टी के पास जा रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली चली गई और बरामदे में अंधेरा हो गया। बाल्टी के पास मौजूद सांप ने अंश को डस लिया। सर्पदंश की जानकारी मिलते ही परिजन अंश को तत्काल मड़ियाहूं लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जौनपुर के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से अंश को बीएचयू भेजा गया, जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। अंश भन्नौर स्थित एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। घटना के बाद गांव में भी शोक की लहर है।

## घर के पास खेल रहे बालक को पिकअप ने कुचला

आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में बुधवार सुबह घर के पास सड़क किनारे खेल रहे तीन वर्षीय मासूम की पिकअप की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मासूम की मौत से गांवें भी शोक की लहर दौड़ गई। गौरा गांव निवासी बृजेश यादव का तीन वर्षीय पुत्र सूर्यांश यादव बुधवार सुबह करीब आठ बजे घर के पास सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आई पिकअप की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मासूम का शव देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूर्यांश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार के लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद गांव में भी मातम छा गया। ग्रामीणों ने मासूम की मौत पर गहरा दुख जताया।

## मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए श्रवण सिंह गोंड ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

दुद्धी। तहसील क्षेत्र के जामपानी गांव में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए 25.28 करोड रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई है। भाजपा नेता श्रवण सिंह गोंड ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा में इस तरह की विद्यालय कहीं नही है। इस विद्यालय के लिए बीते छः माह पूर्व ही संयुक्त अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रस्ताव दिया था। ताकि इस आदिवासी क्षेत्र के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। विद्यालय करीब 12 से 15 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विद्यालय को आधुनिक और सांकेतिक शिक्षक शैक्षिक परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा यहां प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक की पढ़ाई एक ही परिसर में होगा विद्यालय में करीब 1500 विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ शारीरिक कौशल संबंधित गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं विकसित की जाएगी। आधुनिक भवन और शैक्षिक संसाधनों के साथ खेल एवं कौशल विकास की सुविधा भी उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। क्षेत्र की ग्रामीण और दुरुस्त इलाकों के विद्यार्थियों के लिए इस स्तर का विद्यालय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे क्षेत्र के विकास बेहतर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी।

## बारिश में धंसी सड़क, आवागमन ठप

मड़िहान, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पतेर गढ़वा के सुगापाख मुख्य मार्ग पर महेश प्रजापति के घर के पास बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पक्की सड़क अब पूरी तरह धंस चुकी है। सड़क धंसने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ संबंधित अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब शिकायत के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे तो आखिर ग्रामीण अपनी समस्या किसके सामने रखें? सड़क पूरी तरह धंसने के कारण हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल मौके का निरीक्षण कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## बारिश का कहर, गोपालपुर में घरों में घुसा पानी

मड़िहान, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में लगातार बारिश से हालात बदतर हो गए हैं। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी घरों में घुस गया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी बारिश होती है, पूरा पानी बस्ती में जमा हो जाता है और आसपास के कई घरों में घुस जाता है। जलभराव के कारण कच्चे मकानों के गिरने का खतरा बना हुआ है। डर के चलते कई परिवार अपने घर छोड़कर दूसरे लोगों के घरों में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में पानी निकासी का कोई उचित रास्ता नहीं है। लगातार जलभराव के कारण मकानों की नींव कमजोर हो रही है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने और जर्जर मकानों की जांच कराकर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बारिश के बीच किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## अनपरा बाजार में गुटखा कारोबारी के यहां जीएसटी टीम की छापेमारी

अनपरा सोनभद्र। अनपरा बाजार में मंगलवार को जीएसटी विभाग की टीम ने पान मसाला और गुटखा के थोक कारोबारी फर्म जय अम्बे ट्रेडर्स के कई दुकानों और गोदामों पर जांच की। जीएसटी टीम की अचानक हुई कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। कार्रवाई दोपहर करीब एक बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चली।जानकारी के अनुसार जीएसटी अधिकारियों को फर्म के क्रेडिट लेजर में करीब 74 लाख रुपये से अधिक का बैलेंस प्रदर्शित होने की जानकारी मिली थी। इसी को लेकर विभागीय टीम फर्म के अभिलेखों और कारोबार से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने पहुंची थी।जांच के दौरान फर्म के मालिक राजेश की ओर से विभाग के समक्ष एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। इसमें करीब 74 लाख रुपये की आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) रिवर्स किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद क्रेडिट लेजर में दिखाई दे रही उक्त राशि सरकारी खाते में वापस चली गई।जीएसटीटीम ने मौके पर फर्म में उपलब्ध स्टॉक का विवरण भी दर्ज किया। हालांकि मौके पर दर्ज स्टॉक और अकाउंट बुक में दर्ज स्टॉक का मिलान अभी पूरा नहीं हुआ है। अधिकारियों ने फर्म के प्रोपराइटर से अकाउंट बुक समेत अन्य संबंधित दस्तावेज विभागीय कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है।अधिकारियों के मुताबिक मौके पर सभी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए थे। विभागीय जांच में फिलहाल 74 लाख रुपये की आईटीसी रिवर्स होने की बात सामने आई है। स्टॉक और लेखा अभिलेखों के मिलान के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति और आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।टीम के आने की सूचना मिलते ही अनपरा बाजार के कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान कैमरे पर बयान देने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित दस्तावेज विभागीय कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

संक्षेप

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टूंडला।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी विकास पुत्र पम्मी निवासी नागऊ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 26 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर से दबोचा। आरोपी के खिलाफ थाना टूंडला में मुअसं 410/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ नारखी, टूंडला और मक्खनपुर थानों में चोरी सहित अन्य गंभीर धाराओं में कुल कई मुकदमे दर्ज हैं। थाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 20 हजार का इनामी वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दक्षिण पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी अब्दुल जब्बार पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी नई बस्ती मुस्ताक बिल्डिंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे जैन मंदिर चौराहे से दबोचा। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना दक्षिण में दर्ज मुअसं 1324/2025 में धारा 420, 406, 467, 468, 471 व 506 के तहत वांछित था। थाना पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## महंत राजू दास का पुतला फूंका

**मथुरा।** राष्ट्रीय टीवी चैनल पर लाइव डिबेट के दौरान हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास द्वारा कांग्रेस प्रवक्ता व निषाद समाज के वरिष्ठ नेता कुंवर सिंह निषाद पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी से निषाद समाज और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। इस अमर्यादित आचरण और अभद्र भाषा के विरोध में आज मथुरा- मथुरा रोड स्थित दामोदरपुरा पर निषाद समाज के लोगों एवं ग्रामीणों ने एकत्र होकर उग्र प्रदर्शन किया और महंत राजू दास का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मंचों पर इस तरह की भाषा और अमर्यादित आचरण किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। राजू दास को अपने इस व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान निषाद समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ जवान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के ग्राम खरबा निवासी 40 वर्षीय सीआरपीएफ कर्मी लवकुश सूर्यवंशी जिसकी भोपाल में तैनाती थी। डयूटी से राया लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की जानकारी सीआरपीएफ अधिकारियों ने परिजनों को दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। देर रात्रि सीआरपीएफके जवान लवकुश के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे देर रात्रि शोकाकुल माहौल में सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना की जानकारी पर मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चैधरी ने सीआरपीएफ कर्मी को श्रद्धाजंलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस दौरान थाना राया प्रभारी कर्मवीर सिंह मण्डल अध्यक्ष सोनई राजेश चैधरी भूपेश अग्रवाल प्रधान रामकुमार हरेंद्र चैधरी क्षेत्र पंचायत सदस्य डिम्पी चैधरी रज्जन सिंह जशवीर सिंह राजू चैधरी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# संस्कृति विवि दीक्षारंभ : राज्यमंत्री ने छात्रों को दी लक्ष्य सुनिश्चित करने की सलाह




**मथुरा।** संस्कृति विवि के दीक्षारंभ 2026 के दूसरे दिन प्रदेश सरकार के व्यवसायिक शिक्षा, कौशल और उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उच्च शिक्षा में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि अपना लक्ष्य सुनिश्चित करिए। असमंजस में मत पड़िए। अपने सपनों को सच करिए और अपने माता-पिता के भरोसे को पूरा करिए। राज्य मंत्री ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों से मुकाबिले, प्रतियोगिताओं में सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि अपना जज्बा कायम रखना होगा। जिस विषय को चुनें, जिस रास्ते पर बढ़ें अपना जज्बा कायम रखिए। सयंमित और अनुशासित रहें। अपने आप को धोखा मत दीजिए। जब दोस्तों के साथ बैठें काम की बात करें। अपनी दिनचर्या को अनुशासन में ढालें। समय से सोइए, समय से उठिए। जिस क्षेत्र में पढ़ाई करें उसमें डूबकर पढ़ाई करें। आप में से अधिकांश मध्यम श्रेणी के हैं। ऐसे में आपके ऊपर सफल होने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमेशा सोचते रहिए कैसे आगे बढ़ें? जिज्ञासु बनें। जीवनभर सीखना है क्योंकि मन के हारे हार है मन के आगे जीत। इसलिए अपना लक्ष्य पाने के लिए लगातार प्रयास करें।

मंत्री कपिल अग्रवाल ने कहा कि किसी सफल व्यक्ति को अपना आदर्श बनाइए और उसे पढ़कर जानिए कि उसने सफलता कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कौशल कई प्रकार का है। आप किसी एक क्षेत्र जो आपका पसंदीदा हो उसमें कौशल हासिल करिए, संस्कृति विवि और सरकार आपकी मदद करेगी। आपके पास अच्छा आइडिया होगा तो वो स्टार्ट अप बन जाएगा। बहुत सारे ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है। एआई, सोलर, एविएशन आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां आपके लिए करने को बहुत कुछ है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि अपनी एक पर्सनल डायरी जरूर बनाएं, इसमें रोजाना की गतिविधियां, घटनाओं और बड़े लोगों की कुटेशन लिखिए। ये डायरी आपके जीवनभर काम आएगी। उन्होंने कहा आप ऐसे विवि में अध्ययन कर रहे हैं जिसने 10 साल में बहुत तरक्की की है। आपके युवा कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता की सोच आपको बहुत आगे तक लेकर जाने की है।

इससे पूर्व संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने नवीन विद्यार्थियों से कहा कि यह विवि ही नहीं बल्कि एक पूरा परिवार है। आप हमारे परिवार के सदस्य हैं और हम चाहेंगे कि आप यहां से अपने सपनों को पूरा करें। आपके ऊपर जिम्मेदारी है कि आपके माता-पिता ने जिस उम्मीद को लेकर यहां प्रवेश दिलाया है आप उस उम्मीद को पूरा करें। अगर आप भगवान को मानते हैं तो आपके माता-पिता साक्षात भगवान हैं। किसी के लिए भी यह बड़ी खुशी की बात होगी जब उसके माता-पिता गर्व से उसका नाम लेकर कहेंगे कि ये मेरा बेटा या मेरी बेटी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जिम्मेदारी लेना सीखिए, कमियों पर ध्यान मत दीजिए। जीवन में ईमानदारी और अनुशासन का बड़ा महत्व है। दुनियां में कुछ भी असंभव नहीं है, यदि किसी काम को आप करने की ठान लेते हैं। करियर चुनना चाहते हैं तो ऐसी 10 कंपनियां छांट लीजिए और उनकी जरूरत क्या है यह जानने की कोशिश करिए। उद्यमी बनना चाहते हैं तो उसके लिए प्लान बनाइए। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्कृति विवि के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्कृति विवि की गौरवशाली परंपराओं का परिचय देते हुए विवि के विद्यार्थियों की सफलताओं का संक्षेप में ब्यौरा दिया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बुधवार को अपने मथुरा स्थित आवास पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अध्यक्ष ने सभी ग्रामीणों की फरियाद को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया। ?जनसुनवाई के दौरान बिजली, पानी, सड़क, नाली और विकास कार्यों से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए माननीय अध्यक्ष ने मौके से ही संबंधित विभागों और अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी आवेदनों पर शीघ्रता से नियमानुसार कार्रवाई पूरी की जाए। ?मीडिया से बातचीत करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा, ष्जनसेवा, नियमित जनसुनवाई और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता है। ग्रामीण अंचल के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी कठिनाइयों को दूर करना हमारा संकल्प है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चोरी के मामले में दो गिरफ्तार




**फिरोजाबाद।** अपराध एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना नारखी पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया करीब 30 मीटर एयरटेल बीटीएस पावर केबल, तार काटने के उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 26 अगस्त 2026 को थाना नारखी पुलिस टीम ने नगला रामकुंवर से गौंछ का बाग की ओर आने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान रोहित पुत्र दयाचरन निवासी रामनगर, थाना पचोखरा तथा अंकित पुत्र प्रमोद निवासी रामनगर, थाना पचोखरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 30 मीटर एयरटेल बीटीएस पावर केबल बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8,500 रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक कटर, तार काटने वाला एक ब्लेड और घटना में प्रयुक्त टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल बरामद की गई। मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई में लिया गया। पुलिस के मुताबिक मामले में थाना नारखी पर मुकदमा दर्ज है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राकेश कुमार, उपनिरीक्षक आयुष राणा, उपनिरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, रिक्रूट आरक्षीतुषार यादव तथा रिक्रूट आरक्षी रोबिन सिंह शामिल रहे।

## रामलीला आयोजन को लेकर नगर रामलीला कमेटी की बैठक, तैयारियों पर हुई चर्चा

**टूंडला।** श्री शिव समाधि मंदिर नगर रामलीला कमेटी टूंडला की एक आवश्यक बैठक रामलीला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे) ने की। बैठक में आगामी नगर रामलीला महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित कराने को लेकर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में रामलीला के आयोजन, व्यवस्थाओं तथा नगर में होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष रघु धाकरे ने बताया कि रामलीला मंचन स्थान को लेकर उच्च न्यायालय में जो पिल दाखिल की गई है, पिल दाखिल करने वाले पक्ष के लोगों से बात की गई है, उन्होंने नवीन रामलीला कमेटी को बधाई दी है, और कहा है कि उच्च न्यायालय का जो भी निर्णय निकलेगा उसमे ठोस सहयोग किया जाएगा। अध्यक्ष रघु धाकरे ने नगर की जनता को अवगत कराया है कि इस बार रामलीला का मंचन भव्य और सुन्दर रूप से किया जाएगा। कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीला का आयोजन नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से समाज में भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा, सत्य और धर्म का संदेश पहुंचता है। कमेटी की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करने का आह्वान किया गया। साथ ही नगरवासियों से भी रामलीला महोत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई। बैठक में नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे) कोषाध्यक्ष ऋषि यादव बंटी यादव, महामंत्री शशांक प्रताप सिंह आशु परमार हनी जादौन रूपेश शुक्ला संजय सिंह एडवोकेट शशांक प्रताप सिंह गौरव धाकरे सत्य प्रकाश बघेल पारस जैन ललित जैन धर्मेंद्र नौहवार भोला श्रोतिया मुकुल चौधरी जीतू चौधरी कुलदीप जादौन, कुलदीप चौधरी, लक्ष्मी देवी, ओमवती, शारदा देवी आशा देवी अनीता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## हवन-पूजन कर संस्कृत सप्ताह शुरू

**मथुरा।** श्रावण पूर्णिमा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में संस्कृत भारती द्वारा 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित सोहम् आश्रम में परम्पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद जी महाराज एवं स्वामी गौरवानन्द जी महाराज के सान्निध्य में वैदिक विधि विधान के साथ हवन पूजन कर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, हरस्वरुप यादव, गौरव गौतम रामदास चतुर्वेदी शास्त्री अन्चल, अक्षित, नितेश, विकास आदि भारी संख्या में सोहम् आश्रम एवं केशव वेद विद्यालय के वेदपाठी छात्रों ने हवन में आहुति दे कर विश्व कल्याण की कामना करते हुए संस्कृत सप्ताह को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु प्रार्थना की। इसके पश्चात संस्कृत भाषा के प्रति जनसाधारण में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से वृन्दावन अटल्ला चैराहा स्थित श्री राम मंदिर से परिक्रमा मार्ग स्थित सोहम् आश्रम तक संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं ने जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम्, ग्रहे ग्रहे संस्कृत भाषा, कंठे कंठे संस्कृत भाषा के नारों से नगर को गुंजायमान कर दिया तथा संस्कृत भाषा के सस्वर गीत से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया स्थानीय लोगों ने जगह जगह शोभायात्रा पर भारी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन धर्मसभा के साथ सोहम् आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया। धर्मसभा में स्वामी गौरवानन्द जी महाराज, रघुनाथ दास जी महाराज, स्वामी महेशानंद जी महाराज स्वामी रामानंद जी महाराज भागवताचार्य रामविलास चतुर्वेदी, डा धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, डा गौरव गौतम, गंगाधर अरोड़ा, प्रधानाचार्य डा रविन्द्र शर्मा, सुधाकर द्विवेदी, विपुल आदि ने विचार व्यक्त करते हुए संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने व युवाओं में संस्कृत भाषा प्रति आकर्षण पैदा करने के उद्देश्य से जन जन में संस्कृत भाषा के प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री ने किया।

# रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई 9 नमूने लिए, 2 के खिलाफ एफआईआर



**फिरोजाबाद।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीमों ने 25 अगस्त की देर रात नगला महासुख क्षेत्र में छापेमारी कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल नौ नमूने संग्रहित किए। कार्रवाई के दौरान करीब 1,000 किलोग्राम खोया, जिसकी अनुमानित कीमत 2.50 लाख रुपये थी, मौके पर नष्ट कराया गया। वहीं दो व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई।

खाद्य विभाग की टीम रात करीब 12 बजे नगला महासुख पहुंची। टीम ने कृष्ण गोपाल पुत्र रामशंकर से पूछताछ के बाद संबंधित परिसरों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कप्तान सिंह पुत्र भजन लाल के परिसर से घी, अपमिश्रक (घोल) खोया, मिश्रित दूध एवं एसएमपी पाउडर के छह नमूने लिए गए। यहां लगभग 600 किलोग्राम खोया मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपये बताई गई। इसे नियमानुसार मौके पर नष्ट कराया गया। इसी क्रम में धर्म सिंह पुत्र रामशंकर के परिसर से खोया एवं एसएमपी पाउडर के दो नमूने लिए गए। परिसर में मिले करीब 400 किलोग्राम खोया, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपये थी, उसे भी नष्ट कराया गया। इसके अलावा विक्रम सिंह पुत्र डिप्टी सिंह के परिसर से खोया का एक नमूना संग्रहित किया गया। विभाग के अनुसार संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों एवं विनियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल के साथ रातभर चली कार्रवाई कार्रवाई से पहले सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने उपजिलाधिकारी सिरसागंज से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस बल एवं नायब तहसीलदार एनपी सिंह को मौके पर लगाया गया। छापामार कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ.तुलिका शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा, संदीप कुमार, मनोज कुमार, यशपाल यादव एवं अरुण कुमार सहित विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

## बिजली के खंभों पर तारों के जखीरे से हादसे का खतरा, संगठन ने दी घेराव की चेतावनी

**टूंडला।** नगर में बिजली के खंभों पर बेतरतीब ढंग से लगे तारों के जखीरे को लेकर आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व स्टेशन रोड स्थित देशी शराब के सामने गांधी प्रोविजनल स्टोर के पास तथा अनाज मंडी मंदिर के समीप पवन घी वालों की दुकान के पास बिजली के खंभों पर तारों का जखीरा लगा होने की समस्या को लेकर एसडीओ को ज्ञापन दिया गया था। बरसात के मौसम में इन तारों से कभी भी हादसा होने की आशंका बनी हुई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी ने बताया कि दुकानदारों की मांग पर बिजली अधिकारियों से खंभों पर उचित बॉक्स लगवाने की मांग की गई थी। अधिकारियों ने इंजीनियर विशाल को समस्या के समाधान के निर्देश भी दिए, लेकिन कई दिन बीतने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। संगठन के जिला मंत्री राजू गांधी ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस संबंध में इंजीनियर विशाल को कई बार फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव करने को मजबूर होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष जसवीर यादव, जिला मंत्री राजू गांधी, पवन कक्कड़ देवेंद्र पाल भजन सिंह अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को निःशुल्क बस सेवा का तोहफा



जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर मातृशक्ति को सम्मान देते हुए प्रदेश की बहनों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू किए जाने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, धर्मवीर प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह महापौर कामिनी राठौर महानगर उपाध्यक्ष रामनरेश कटारा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तीन प्रमुख आयाम सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ निरंतर महिलाओं तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माता-बहनों को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए भी सरकार द्वारा निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन्हें आवागमन के लिए किसी पर निर्भर न रहना पड़े। राज्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है।

### सैनिकों को भी रक्षा सूत्र बांधने की अपील

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर तीन दिनों के लिए प्रदेश की सभी बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा शुरू की है। उन्होंने बहनों से अपील की कि भाइयों के साथ-साथ देश की रक्षा में तैनात सैनिकों को भी रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करें। टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि सरकार द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर योजना का शुभारंभ किया गया है। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा का तोहफा दिया जाना सरकार की मातृशक्ति के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

महापौर कामिनी राठौर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

### 18 वर्ष की युवतियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी जिन युवतियों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंत्री जी ने जनप्रतिनिधियों के साथ महिलाओं को साड़ियां वितरित की, कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सुदर्शन कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन से जुड़ी जेन जी



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में युवा पीढ़ी को जोड़ने की दिशा में बुधवार को वृंदावन नगर के राधाकृष्ण कृपा धाम में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर हुए इस आयोजन में हिंदू पक्षकार एवं न्यास अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने जेन जी के युवाओं को मशाल थमाकर आंदोलन को एक नई दिशा दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि अब समय है कि जेन जी सनातन धर्म के इतिहास और अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझे तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलन में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जेन जी को मशाल सौंपना केवल प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को इस अभियान से जोड़ने की शुरूआत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि जिस स्थल को भगवान श्रीकृष्ण का मूल गर्भगृह स्थल माना जाता है, वहां मंदिर का पुनर्निर्माण होना चाहिए। संत फूलडोल जी महाराज ने हिंदू समाज से महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में चल रहे अभियान में सहभागी बनने की अपील की। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं से सनातन धर्म के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को समझकर इस अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संत रामविलास चतुर्वेदी और मांडवी राठौर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान संत कृष्णमुरारी, संत श्यामानंद जी महाराज, कुंवर दामोदर सिंह, आरबी चैधरी, अशोक प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, चंदन सिंह, डीडी चैहान एडवोकेट, रत्नेश मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, पीटीआई धर्मेंद्र यादव, नीलम यादव, सच्ची, वंदना, अंजू, पूर्ति, आकांक्षा, निखिल और सम्राट समेत बड़ी संख्या में साधु-संत, युवा और महिलाएं मौजूद रहे।

## गुलाबी मखमली हिंडोले में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिये भक्तों को दर्शन



**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में इन दिनों उत्सव का माहौल है। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के दिशा-निर्देशन में किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज राजाधिराज ठाकुर जी महाराज गुलाबी मखमल के भव्य हिंडोले में विराजमान हुए। पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार, ठाकुरजी को लाड़-लड़ाने के भाव से सावन मास के दौरान उन्हें घटा और हिंडोले में विराजमान कराया जाता है, और यह क्रम पूरे सावन मास लगातार जारी रहता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, गुरुवार संध्या उद्यापन के दर्शन शाम 5 बजे खोले जाएंगे। इसके पश्चात शयन के दर्शन सायंकाल 7 बजे से 8 बजे तक होंगे, जिसमें ठाकुर जी महाराज सफेद घटा में विशेष रूप से विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

# नववर्ष मेला समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

जिला संवाददाता (vol)




**मथुरा।** रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नववर्ष मेला समिति मथुरा एवं सदभावना चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन पर्व को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर में बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ नववर्ष मेला समिति महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ० डी०पी० गोयल ने संयुक्त रूप से माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। प्रातः 10 बजे से ही समिति के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य समाजसेवी लोग बड़े ही उत्साह और जोश के साथ रक्तदान करने लगे। सभी रक्तदान करने वाले रक्तदानदाताओं को वालिंटियर कार्ड, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी रक्तदानदाताओं को जूस और अल्पाहार दिया गया।

समिति महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व के साथ रक्तदान शिविर को जोड्ते हुए, द्रौपदी-कृष्ण, वामन भगवान-राजा बली, गुरू- शिष्य सम्बन्ध के उदाहरण दिए। रक्तदान भी किसी न किसी की रक्षा के लिए किया जाने वाला सेवाकार्य हैं। उन्होंने बताया कि नववर्ष मेला समिति के रजत जयंती वर्ष में सेवा कार्यों के अंतर्गत आज यह प्रथम रक्तदान शिविर लगाया गया है। रक्तदान महादान है। इस रक्षाबंधन पर्व पर कार्यकताओं ने स्व प्रेरणा से रक्तदान कर मानवता धर्म का पालन किया है। रक्तदान महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर उर्फ राजू यादव एवं उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक, प्रदीप अग्रवाल, दीपेश, प्रिया वशिष्ठ, राजेश पचैरी, आशा अग्रवाल, चंचल, दौजी सैनी, कान्हा यादव, मानस पचैरी, देवान्शु एवं पूजा अग्रवाल आदि सहित 51 कार्यकताओं ने किया।

इस अवसर पर समिति संरक्षक जयप्रकाश शर्मा, लकी कमल, डा० संजय अग्रवाल, विजय बंटा, डा० दीपा अग्रवाल, गंगाधर अरोरा, अनिरुद्ध, योगेश आभा, डा० रुचि अग्रवाल, राजकुमार, अजय अग्रवाल, सद्भावना ब्लड बैंक के डॉ० भूदेव सिंह, डॉ० प्रदीप पाराशर, डायरेक्टर संजीव सारस्वत, तरूण, सुशील, सौरभ, पंकज, रवि आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेहत की चिंता

हम क्या खाते हैं, क्या पीते हैं और उसका ह मारे स्वास्थ्य पर प्रभाव क्या होता है? यह जानना बहुत जरूरी है ताकि व्यक्ति स्वाद के लिए या फिर भूख मिटाने के लिए जो कुछ खाये, उसके बारे में सही फैसला कर सके। सुप्रीम कोर्ट काफी पहले भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण फसाई से उन पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर फ्रंट ऑफ पैक यानी पैकेट पर सामने की ओर चेतावनी लेबल लगाने पर गंभीरता से विचार करने का आदेश दिया है, जो चीनी, संतृप्त वसा, ट्रांस वसा और सोडियम की अधिक मात्रा वाले हों। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे लेबल सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हो सकते हैं। देश में मोटापे की समस्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है और अब वह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की 2019-21 की रिपोर्ट बताती है कि 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में अतिरिक्त वजन साल 2015-16 के 2.1 फीसदी से बढ़कर 2019-21 में 3.4 फीसदी हो गया। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2024 का अनुमान है कि साल 2020 में 3.3 करोड़ से अधिक भारतीय बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे और यह संख्या 2035 तक




बढ़कर 8.3 करोड़ तक हो सकती है। यह 15 साल में दोगुने से अधिक इजाफा है। इसके साथ-साथ ही भारत अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन चुका है। वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में इस बात को रेखांकित किया गया है कि 2009 से 2023 के बीच ऐसे अत्यधिक प्रसंस्करण वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री में 150 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ। यह मोटापे, डायबिटीज और अन्य कई बीमारियों की प्रमुख वजह है। लगभग इसी अवधि में मोटापा कम से कम दोगुना हो गया है और इनके आपसी संबंधों की अनदेखी करना मुश्किल है। वैश्विक साक्ष्यों का एक समूह, जिसमें लैंसेट की ऐसे खाद्य पदार्थों पर एक श्रृंखला भी शामिल है, ऐसे खाद्य पदार्थों की अधिक खपत को मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियों, श्वसन संबंधी बीमारियों और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से भी जोड़ता है। इसके निहितार्थ चिंताजनक हैं। बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत, उत्पादकता की हानि और लोक वित्त पर दीर्घकालिक दबाव। गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए भारत की राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना (2017) ने उच्च वसा, शक्कर और नमक की खपत को कम करने के लिए फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग (एफओपीएल) की सिफारिश की थी। वर्षों की परामर्श प्रक्रिया के बावजूद इससे संबंधित मानदंड अब तक तय नहीं हो पाए हैं। फसाई ने उद्योग के विरोध और लेबलिंग मॉडलों पर बहस के बीच फ्रंट ऑफ पैक नियमों को अंतिम रूप देने में देरी की है। समस्या की एक वजह नियामकीय अस्पष्टता में भी निहित है। भ्रामक प्रचारों के विरुद्ध केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देश और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दोनों बढ़ा चढ़ाकर किए गये स्वास्थ्य संबंधी दावों का निषेध करते हैं लेकिन इनमें पोषण की सीमा से संबंधित स्पष्टता की कमी है जिसके आधार पर यह तय किया जा सके कि खाद्य मार्केटिंग में कौन-सी बातें भ्रामक हैं कौन-सी नहीं। लेबल ब्लाइंड सॉल्युशंस द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन ने पाया कि करीब एक तिहाई लेबलिंग दावे या तो अनुपालन से परे थे या फिर उनमें पर्याप्त नियामकीय प्रमाणन का अभाव था। चेतावनी देने वाले लेबल अधिक प्रत्यक्ष सुधारात्मक उपाय प्रदान करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सरल, व्याख्यात्मक चेतावनियां जैसे 'अधिक शक्कर' या 'अधिक नमक' अस्वास्थ्यकर विकल्पों को हतोत्साहित करने में रेटिंग जैसी प्रणाली और हेल्थ स्टार रेटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी साबित होती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि खाद्य नियामक फसाई उपयुक्त चेतावनी की व्यवस्था लागू करे। इससे लोगों में खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता विकसित होगी।

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

# आखिर क्या हैं पाकिस्तान के इरादे



संजय श्रीवास्तव

**पाकिस्तान में आर्थिक और सामाजिक संकट गहरा है। राजनीतिक अस्थिरता भी बनी हुई है। साथ ही आतंकवाद खुद उसके भीतर बड़ी चुनौती बन चुका है। इसके बावजूद उसकी सेना के लिए संसाधनों में लगातार वृद्धि और चीन-तुर्किए से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद यह बताती है कि इस्लामाबाद ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सैन्य शक्ति को सबसे ऊपर रखा है। क्या भारत के लिए यह वाकई चिंता की वजह होनी चाहिए?**

पाकिस्तान ने बला की तेजी दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ध्वस्त आतंकी ठिकानों, प्रशिक्षण केंद्रों को फिर से खड़ा कर लिया। जैश-ए-मोहम्मद जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका आतंकवादी संगठन मानते हैं, उसके बहावलपुर स्थित मरकज सुभानल्लाह परिसर का सैन्य कार्रवाई के बाद फिर बनाना उस नेटवर्क की पुनर्संगठन और पाकिस्तान की मिलीभगत बहुत कुछ कहती है। मक्का में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच मुस्लिम नाटो के रूप में देखे जानेवाला एक त्रिपक्षीय रणनीतिक समझौता, जिसमें अब किसी एक पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा, के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने पाकिस्तान के सैन्य इरादों पर निशाना साधा। पाकिस्तान ने अपना रक्षा व्यय अचानक अंधाधुंध तरीके से तीन ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 10.8 अरब डॉलर) तक बढ़ा दिया। इससे अमेरिका ने सवाल खड़े कर दिये कि जब देश में गरीबी दर तीस प्रतिशत तक पहुंच रही हो और 7 करोड़ से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी में जीने को मजबूर हैं, तो मिलिट्री और इंटेलिजेंस पर यह खर्च कितना उचित है? जिस देश को आर्थिक स्थिरता, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की सख्त जरूरत है, वहां सैन्य क्षमता विस्तार को इतनी प्राथमिकता क्यों? उसका दावा है कि इस रक्षा व्यय पर पर्याप्त संसदीय और नागरिक निगरानी नहीं हुई। पाकिस्तान ने पैसे कहां खर्च किए इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। इसी महीने पाकिस्तान में लगातार साठ घंटों तक हर बार देर रात को रावलपिंडी के नूर खान और कराची के मसरूर एयरबेस पर तुर्की के सी-130 सैन्य विमानों की और मुरीदके एयरबेस पर ए-400-एम विमान की आवाजाही ने दुनियाभर के कान खड़े कर दिये। पता लगा कि इसके जरिये तुर्की ने पाकिस्तान को बायरक्तार टीबी2 और अकिंसी ड्रोन के अलावा एआई-गाइडेड क्रूज मिसाइल तथा कुछ अन्य घातक हथियारों की बड़ी खेप पहुंचाई।

सीपरी के अनुसार 2021 से 2025 तक पाकिस्तान के हथियार आयात में 66 प्रतिशत वृद्धि हुई और वह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा प्रमुख हथियार आयातक देश बन गया है। तुर्की और चीन की मदद से पाकिस्तान का अपना हथियारों का जखीरा बढ़ाना सामान्य बात है पर इस तरह गुपचुप तरीके से लेना सवाल खड़े करता है। आखिर पाकिस्तान की मंशा क्या है? उसे किससे इतना खतरा है कि इतनी तैयारी की जरूरत है या फिर किसे अपनी सैन्य ताकत दिखाना है? वह यह सब किस रणनीतिक उद्देश्य के लिये कर रहा है? भारत ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से उसका प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। यों तो अफगानिस्तान के साथ उसकी क्षेत्रीय दुश्मनी हाल के महीनों में खुले सैन्य संघर्ष में बदल गई है, पर क्या उस छोटे से देश के विरुद्ध इतनी बड़ी तैयारी है?



## पाक की सैन्य तैयारी

बलूचिस्तान के सक्रिय बलूच विद्रोही समूहों की गतिविधियों के नियंत्रण के लिये भी इतनी तैयारी गैर मुनासिब है। इस तरह बचता सिर्फ भारत ही है।यह ठीक है कि इन हथियारों का एक छोटा हिस्सा पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा अभियानों, अफगानिस्तान और बलूच विद्रोहियों के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है लेकिन भारत को असली खतरा इस संभावित दोहरे इस्तेमाल से है। पाकिस्तान जिस सैन्य क्षमता को बलूचिस्तान के लिए खरीदता है, वही क्षमता भविष्य में भारत के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। यही कारण है कि 'बलूचिस्तान बहाना है और भारत निशाना' के नारे को भले अभी निष्कर्ष की तरह नहीं तो भी गंभीर सुरक्षा परिकल्पना की तरह तो देखना ही चाहिए। पाकिस्तान की रणनीति लंबे समय से पारंपरिक युद्ध और अप्रत्यक्ष युद्ध दोनों को साथ लेकर चलने की रही है। ड्रोन इस रणनीति के लिए अत्यंत सुविधाजनक माध्यम हैं- कम लागत, कम जोखिम, सीमा पार घुसपैठ के बिना हमला, निगरानी और हथियार पहुंचाने की क्षमता। पाकिस्तान केवल परंपरागत हथियारों की संख्या नहीं बढ़ा रहा बल्कि युद्ध की प्रकृति बदलने वाली प्रणालियों- ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, निगरानी प्रणालियों, वायु रक्षा और सटीक मारक क्षमता पर जोर दे रहा है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता नई चिंता पैदा करता है। सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, इसमें किसी एक पर सशस्त्र हमला तीनों पर हमला मानने के अलावा रक्षा सहयोग बढ़ाने की बात कही गई है। इसे सीधे-सीधे 'भारत विरोधी सैन्य गठबंधन' कहना तो ठीक नहीं, लेकिन इसके रणनीतिक परिणामों को कम करके नहीं आंका जा सकता। बांग्लादेश का इससे संभावित जुड़ाव बेहद संवेदनशील है। यदि ढाका पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के रक्षा ढांचे में औपचारिक रूप से शामिल होता है, तो भारत के पश्चिमी मोर्चे के साथ पूर्वी पड़ोस में भी एक नया रणनीतिक समीकरण और घेरेबंदी की वजह बन सकता है। वैसे भी पहली बार पाकिस्तान को एक ऐसे त्रिपक्षीय ढांचे में जगह मिली है, जिसमें एक परमाणु शक्ति, एक बड़ी रक्षा औद्योगिक अत्यंत सम्पन्न आर्थिक शक्ति एक साथ हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सऊदी अरब भारत-पाकिस्तान संघर्ष में खुद आगे आकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य सहायता करेगा। लेकिन पाकिस्तान की कूटनीतिक और आर्थिक क्षमता को इससे सहारा मिल सकता है।

भारत की चाहत यह होगी कि सऊदी अरब के साथ बने ऊर्जा, निवेश और रणनीतिक संबंध इस नए समीकरण से प्रभावित न हों। तुर्किये द्वारा भारत को ड्रोन देने से साफ इनकार और खुद तुर्की ड्रोन पाकर खुश पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सीख जरूर ली होगी कि केवल ड्रोन खरीदना पर्याप्त नहीं होता, सेंसर, रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, कमांड-एंड-कंट्रोल, मिसाइल और काउंटर-यूएएस प्रणालियों का एकीकृत नेटवर्क अधिक निर्णायक है। उसने देखा होगा कि 2025 में उसके ड्रोन और मिसाइल हमलों को भारत की वायु रक्षा प्रणालियों के एकीकृत प्रयास ने कैसे निष्क्रिय किया था। हाल में भारतीय सेना ने पश्चिमी मोर्चे पर पहला समर्पित ड्रोन बटालियन भी गठित किया है। सीमा और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल काउंटर-ड्रोन प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भी नए कदम उठाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी तैयारी का हमारा जवाब बेहतर नेटवर्क, अधिक संख्या, स्वदेशी उत्पादन और तेज निर्णय-चक्र है। हमें इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग, हार्ड-किल और सॉफ्ट-किल प्रणाली, निर्देशित ऊर्जा हथियार, एआई आधारित लक्ष्य पहचान और स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन का एक बहुस्तरीय जाल बनाना होगा। साथ ही अमेरिका, फ्रांस, इजरायल और अन्य विश्वसनीय साझेदारों से उच्च तकनीक लेते हुए घरेलू रक्षा उद्योग को उत्पादन का आधार बनाना होगा।

परमाणु हथियारों से लैस पाकिस्तान की आर्थिक कमजोरी को उसकी सैन्य कमजोरी समझना भूल होगी। पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा खर्च, चीन पर उसकी भारी हथियार निर्भरता, तुर्किये के साथ बढ़ता सैन्य सहयोग और आतंकी ढांचे के पुनर्जीवन की खबरें, ऐसा सामरिक वातावरण बना रही हैं जिसमें भारत को न तो चिंता की जरूरत है, न आत्मसंतुष्ट होने की। भविष्य का युद्ध केवल लड़ाकू विमानों और मिसाइलों का नहीं होगा। वह ड्रोन, डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उपग्रह, साइबर क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और कूटनीतिक गठबंधनों का भी होगा। पाकिस्तान यदि अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था के बावजूद उस युद्ध की तैयारी कर रहा है, तो भारत को उसका उत्तर हथियारों की अंधी दौड़ से नहीं बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, आर्थिक शक्ति और रणनीतिक आत्म निर्भरता से देना होगा।

## सोशल मीडिया

अब यूपी का किसान केवल अन्न उत्पादक तक सीमित न रहकर क्वालिटी, ट्रेसेबिलिटी और एक्सपोर्ट स्टैंडर्ड से जुड़ी आधुनिक एग्री इकोनॉमी का भागीदार भी बनेगा। सीएम योगी.



बढ़ती महंगाई से राहत के लिए अन्नपूर्णा राशन किट सरकार शुरू करे, भाजपा की गलत नीतियों ने आम आदमी से चीनी, गुड़ की मिठास, प्याज का तीखापन छीन लिया है। अशोक गहलोत.



हर राज्य की मातृभाषा का सम्मान व उत्थान होना चाहिए, किसी भाषा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए, इससे देश की भाषिक-भाविक एकता में दूराव पैदा होती है। अखिलेश यादव



# उपासना का महत्व

## अंतर्दृष्टि

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषोधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें।

श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

# वे कुछ काम करते मगर...

## व्यंग्यलोक

वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सीजन के कारण रेलों-बसों में भीड़ जा रही है। हाथ-पां व टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ़ लिये है। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न। ग्राहक तो खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण।



पूरन सरमा

वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी मैं कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुनरमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज।

# पांच दशक में खत्म हो गयी दो-तिहाई जैव विविधता



प्रकृति/पर्यावरण

डॉ.अनिता राठौर

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2020 के मुताबिक पिछले पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैव विविधता नष्ट हो चुकी है। इस तरह 10 जैव विविधत प्रजातियों में 7 का विनाश हो चुका है, यह बेहद चिंतित करने वाली रिपोर्ट है। भारत आदिकाल से ही जैव विविधता के मामले में एक सम्पन्न देश रहा है। अपने यहां करीब पौधों की 40 से 45 हजार और जीवों की 85 से 90 हजार प्रजातियां मौजूद हैं। लेकिन अब अपने देश में भी बहुत तेजी से जैव विविधता लुप्त हो रही है। दो साल पहले आरटीआई के जरिये हासिल एक सूचना के मुताबिक एक दशक में 148 जीव और करीब 132 वनस्पतियां लुप्त हो गई हैं और 500 से ज्यादा जीवों और वनस्पतियों पर लुप्त होने की तलवार लटकी हुई है।

कुछ साल पहले वन विभाग ने पाया था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सुनियोजित ढंग से चल रही शिकार की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आ रही है। टाइगर, तेंदुए और ओर्टर को उनकी चमड़ी के लिए मारा जाता है। चीन और दूसरे अन्य देशों में भारत में पाये जाने वाले इन दुर्लभ प्रजातियों के पशु और पक्षियों की बहुत मांग है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्यों की तस्करी, मनुष्य की तस्करी और अन्य दूसरी चीजों की तस्करी के बाद अवैध वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी का व्यापार चौथे स्थान पर है। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस द्वारा ड्रग एंड क्राइम विषय पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 132,144 वन्य जीवों की अवैध तस्करी से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें पूरी दुनिया के 120 देशों में लगभग पिछले एक दशक में हजारों वन्यजीवों की ऐसी प्रजातियां हैं जो लुप्त हो चुकी हैं। 1,291 वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े मामलों में 180 प्रजातियों के प्रतिबंधित वन्यजीव जिनमें 48 स्तनधारी, 71 प्रजाति के पक्षी, 33 सरीसृप और पेड़ों की 4 ऐसी प्रजातियों से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किये गये। इसमें तेंदुए के शिकार के 182 मामले, एशियाई हाथी की अवैध तस्करी के 138 मामले, एक सींग वाले दरियाई घोड़े के 124 मामले और बंगाल टाइगर के अवैध शिकार के 113 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें हिरण, बारहसिंगा, जंगली गाय, सुअरों के अवैध शिकार के 60 मामले दर्ज हुए, जिनमें देश के विभिन्न भागों में इनके मांस के लिए इनका अवैध शिकार किया जाता है।

पैंगोलिन एक ऐसा स्तनधारी जीव है जिसकी चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में बहुत मांग है। इसके मांस, त्वचा और पूर्वी एशियाई देशों में दवाएं बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा अवैध व्यापार होता है। इसके अलावा कछुए, ताजे पानी के कछुए, स्टार कछुए, झीलों में पाये जाने वाले कछुओं की भारत और दूसरे पड़ोसी देशों में पालतू जानवरों के बाजार में भारी मांग के चलते इनका अवैध शिकार किया जाता है। कई मामलों में हजारों लोगों को रेलवे के प्लेटफॉर्मों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर इन्हें इन जानवरों के अंगों के साथ इन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है। ज्यादातर पक्षियों और पालतू जानवरों के बाजार या मांस के लिए इन्हें बेचे जाने के लिए इनकी अवैध तस्करी होती है। भारतीय पक्षियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। भारत में भले ही मोर के शिकार को अवैध करार दिया गया है इसके बावजूद इन्हें इनके सुंदर पंखों के लिए मौत के घाट उतार दिया जाता है। समुद्री जीव जंतुओं की तस्करी के 50 मामले दर्ज किये गये जिनमें समुद्री घोड़े मूंगा, घोंघे और सी-क्यूकैम्बर की अवैध तस्करी के मामले दर्ज किये गये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सी-क्यूकैम्बर का इस्तेमाल चीनी व्यंजनों और दवाईयों में होता है। पूरी दुनिया में इसकी बढ़ती मांग के कारण इसकी कई प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। लेकिन हम इस बात को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि इसी तरह इनका अवैध शिकार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन जलीय जीव जंतुओं का समुद्र से पूरी तरह सफाया हो जायेगा। प्रतिबंधित एवं दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के बढ़ते मामले इस बात का सबूत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन तमाम वन्य जीवों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अवैध तस्करी का यह काम एक बड़े नेटवर्क के रूप में सुनियोजित ढंग से संचालित होता है।

## आपकी बात

### स्वच्छ हवा, पानी का संकट

शहरों में बुजुर्गों का सांस लेना दूभर हो गया है। बच्चे, युवा और कामगार वर्ग दूषित हवा से बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों का तांता है और स्कूल से लेकर निर्माण गतिविधियों तक पर पाबंदी लगा दी गयी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है इसलिए इसकी चर्चा कुछ अधिक है, लेकिन अगर दिल्ली से इतर अन्य शहरों की बात करें, तो उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अक्टूबर से फरवरी तक, तीन-चार महीनों तक सांस लेना दूभर हो जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, लोग खांसी, गले की खरास, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एंजाइटी आदि की गिरफ्त में हैं और सबसे गंभीर बात यह है कि अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो गयी है। दिल्ली में लोगों की जिंदगी 12 वर्ष कम हो गयी है, तो उत्तर भारत के तमाम अन्य शहरों में भी प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य और उम्र प्रभावित हो रही है। इस गंभीर संकट पर भी अगर देश में जमकर राजनीति होती है, तो यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि देश की राजनीति अब जनहित के बजाय जनप्रिय हो गयी है। और एक बात सबको दिमाग में बैठा लेना चाहिए कि लोकप्रिय राजनीति हमेशा लोकहित की राजनीति नहीं होती है। कहा जाता है कि अच्छी बात प्रायः कड़वी होती है। इसी तरह सरकार के अच्छे फैसले प्रायः शुरूआत में तकलीफ देते हैं लेकिन लंबे समय में यह व्यापक जनहित के वाहक बनते हैं।

आज अगर दिल्ली से लेकर पटना तक, हवा खराब है। शहरों में धुंआ और धूल का जहरीला मिश्रण सीधे हमारे फेफड़े तक पहुंच रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं लोकहित की राजनीति से सियासत का मुंह मोड़ना और हर वक्त चुनावी फायदे के लिए लोकप्रिय राजनीति में धंसे रहना है। दिल्ली में तो लोकप्रिय राजनीति इतनी अधिक हुई है कि दक्षिण भारत की राजनीति भी अब उसके आगे शर्माती है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्रीस बस यात्रा, फ्री तीर्थ यात्रा, जैसी योजनाओं की दिल्ली में इतनी अधिक जरूरत शायद नहीं थी। दिल्ली सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाली सिटी है। यहां फ्री के बजाय अगर सरकार संसाधनों का निवेश ट्रैफिक सिस्टम को बदलने में, सड़कों को दुरुस्त करने में, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों के लिए वाजिब प्रोटोकॉल विकसित करने और पराली प्रबंधन के लिए ठोस पहल की गयी होती, तो आज दिल्ली में दमघोंटू हवा का इतना संकट नहीं होता। विकास करने वाले बहुत से देशों में इस तरह का संकट आया है। अमरीका का लॉस एंजलिस जहां हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग होती है, कभी हॉलीवुड का यह हॉर्टस्थल भी गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में था। अब जरूरत इस बात की है कि शहरों की हवा शुद्ध करने के लिए गंभीर प्रयास हों।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### असंगठित श्रमिकों की दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौके पर ही तोड़ा दम

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक दर्दनाक हादसे में लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक अज्ञात युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रहा था। इसी दौरान लूप लाइन पर धीमी गति से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक के शरीर के दो टुकड़े हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। दोपहर करीब 2.30 बजे तक शव को मालगाड़ी के नीचे से निकाला नहीं जा सका था।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर रोशनी से जगमगाया शहर






जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को लेकर मोहल्लो व मस्जिदो मे आकर्षक रोशनी व सजावट की गई। रात मे रंग बिरंगी झालरो से सजी सड़के आकर्षण का केन्द्र बनी। तो वही विभिन्न मोहल्लो व चैराहो पर भी कलाकारो ने थमाकोल, कार्डबोर्ड और लकड़ी की मदद से खूबसूरत मस्जिदों और ऐतिहासिक इमारतों के आकर्षक मॉडल बनाकर सजावट की गई। जगह-जगह नातख्वानी और मिलाद के कार्यक्र आयोजित किये गये। आयोजकों ने कहा कि जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का संदेश मोहब्बत, भाईचारे, अमन और इंसानियत का है। उन्होने लोगों से आपसी सौहार्द बनाकर त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस मौके पर सदर अब्दुल हक, कारी अजीम, जफर अंसारी, ताज बाबा राईन, हाजी उसामा अंसारी, सभासद हाजी मुजीबुद्दीन अंसारी, इरफान कुरैशी, पहलवान सिद्दीक चैधरी, मो0 सलमान सल्लू, मो0 आसिफ, जावेद राईन, हमीदुल्लहा राईन, हारून राईन मौजूद रहे। तो वही जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।

जिसमे बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुये। जुलूस मे पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की शिक्षाओं, अमन, मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देते हुये सरकार की आमद मरहबा और या नबी सलाम अलैका की सदाओं से गूंजता रहा। अकीदतमंदों ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं पर अमल करने और समाज में अमन, शांति व भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

- खूबसूरत मस्जिदे और ऐतिहासिक इमारतो के माड़ल रहे आकर्षक का केंद्र
- निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, गूंजे नात और सलाम के स्वर

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने बुधवार 26 अगस्त 2026 को गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत के थाना शाहगढ़ के ग्राम नौगवां निवासी नीलेश दुबे उर्फ नीलू पुत्र रमेश दुबे को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बार में मु.अ.सं. 18/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वह इस अभियोग में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त नीलेश दुबे उर्फ नीलू के विरुद्ध के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बार के प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा तथा उपनिरीक्षक मान सिंह मय पुलिस टीम शामिल रहे।

## थाने में शिकायत कर लौटे पूरे परिवार पर हमला, महिला-बुजुर्ग समेत आठ घायल

**ललितपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उल्दनाखुर्द में पुरानी रंजिश को लेकर एक दलित परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने में शिकायत करके घर लौटे परिवार से नाराज होकर नामजद आरोपी अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों समेत परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। तहरीर पर पुलिस ने नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम उल्दनाखुर्द निवासी घूमन पुत्र धन्सा अहिरवार ने मदनपुर थाने में दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त 2026 को उनके भाई रामगोपाल का गांव के ही नन्दलाल यादव पुत्र मूरत यादव से विवाद हुआ था। इसी मामले को लेकर घूमन अपने भाई के साथ थाने में प्रार्थना पत्र देने गए थे। शाम करीब छः बजे दोनों शिकायत करके अपने घर लौटे। आरोप है कि थाने में शिकायत किए जाने से नाराज होकर नन्दलाल यादव अपने साथियों के साथ घूमन के घर के सामने पहुंच गया। आरोपी पक्ष ने घर में घुसने का प्रयास किया और उसके परिवार के लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में घूमन, उनके भाई सोहन पुत्र धन्सा, पत्नी मनीषा, पिता धन्सा पुत्र स्व. मनका, माता सुवा रानी, भाभी राजकुमारी, भतीजा संतराम और भतीजी ब्रजेश कुमारी के घायल होने की बात तहरीर में कही गई है। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर मदनपुर पुलिस ने नन्दलाल यादव पुत्र मूरत यादव, अवतार, शिवराज व विशाल पुत्रगण सिंह, राहुल पुत्र अवतार, सहारन पुत्र श्रीराम, हम्मेर पुत्र सरदार, सुवेन्द्र पुत्र कल्लू और साहब पुत्र बाबूलाल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 351(2), 351(3), और 352 और एससीएसटी एक्ट की धारा 3(1)(द) एवं 3(1)(ध) के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लगातार बारिश में भरभराकर गिरा गरीब का आशियाना



**ललितपुर।** लगातार हो रही बारिश ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बार कस्बे में कन्या पाठशाला के पास रहने वाले शिवाकांत सेन का जर्जर कच्चा मकान बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भरभराकर ढह गया। देखते ही देखते परिवार का आशियाना मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि मकान गिरने के समय परिवार के सदस्य अंदर मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पीड़ित शिवाकांत सेन पुत्र हरप्रसाद सेन ने बताया कि वह लंबे समय से अपने परिवार के साथ इसी कच्चे मकान में किसी तरह गुजर-बसर कर रहा था। मकान पहले से ही काफी जर्जर था और पिछले तीन-चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते उसकी कच्ची दीवारें लगातार कमजोर होती जा रही थीं। बुधवार सुबह करीब पांच बजे अचानक दीवार भरभराने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो एक तरफ की दीवार आधे से अधिक गिर चुकी थी, जबकि दूसरी कच्ची दीवार में दरारें आ गई थीं। परिवार को सुबह से ही मकान गिरने का अंदेशा बना हुआ था। बारिश से बचाव के लिए मकान पर पन्नी भी डाली गई थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश के आगे यह इंतजाम भी बेअसर साबित हुआ। आखिरकार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पूरा मकान भरभराकर जमीन पर आ गिरा। मकान गिरने से परिवार के सामने सिर छिपाने का संकट खड़ा हो गया है। शिवाकांत सेन ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका एक अन्य कच्चा मकान भी ढह गया था। इस मकान में वह अपने मवेशियों को बांधता था। अब दूसरा मकान भी गिर जाने से परिवार की परेशानी और बढ़ गई है। लगातार बारिश के बीच परिवार के सामने रहने और सामान सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित ने बताया कि वह पहले रोडवेज बस में परिचालक के पद पर कार्यरत था। वर्ष 2022 में बसों का संचालन बंद होने के बाद उसका रोजगार भी छिन गया। इसके बाद वह बार कस्बे में रहकर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर बनी हुई थी। शिवाकांत के अनुसार उसका पुत्र रोजगार के सिलसिले में गुजरात गया था और वहां से पैसे भेजकर परिवार के खर्च में सहयोग करता था। लेकिन बीती 9 अगस्त को गुजरात के भरूच जिले में मोटरसाइकिल से उसका एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद उसे वापस घर आना पड़ा। वर्तमान में उसके इलाज पर भी काफी खर्च हो रहा है। ऐसे में परिवार पहले से आर्थिक संकट से जूझ रहा था और अब मकान ढह जाने से उसकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण कराने, आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा परिवार के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है। परिवार को उम्मीद है कि प्रशासन बारिश से उत्पन्न इस संकट में उनकी मदद के लिए शीघ्र कदम उठाएगा।

- कच्चा मकान ढहने से परिवार बेघर

# मजदूरी के पैसे मांगने पर युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरौदी नकीब में मजदूरी के रुपये मांगने को लेकर विवाद के बाद युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मजदूरी के पैसे मांगने पर बड़े भाई समेत चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी और बेटी को भी आरोपियों ने पीट दिया। कुल्हाड़ी के वार से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बरौदी नकीब निवासी हरीराम पुत्र तुलसी बरार ने पाली थाने में दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त 2026 की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई रूपनरायन पुत्र तुलसी बरार अपने साथियों सुनील पुत्र काशीराम बरार निवासी निवाई, छोटी पुत्र काशीराम बरार निवासी निवाई तथा राहुल पुत्र सुखनंदन निवासी बरौदी नकीब के साथ वहां पहुंचा। बताया गया कि सुनील के हाथ में कुल्हाड़ी थी। हरीराम द्वारा अपने काम के मजदूरी के रुपये मांगे जाने पर आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर हरीराम की पत्नी बेटीबाई और पुत्री सुवाक्षी मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे दोनों को चोटें आईं। इसी दौरान आरोपी सुनील ने हाथ में मौजूद कुल्हाड़ी से हरीराम पर वार कर दिया। कुल्हाड़ी लगने से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

- बड़े भाई समेत चार लोगों पर मारपीट का आरोप, पत्नी और बेटी को भी पीटा
- पाली थाना क्षेत्र के बरौदी नकीब गांव का मामला

## अमृत भारत एक्सप्रेस में महिला यात्री का डेढ़ लाख का जेवरात और नगदी से भरा ट्रॉली बैग चोरी

**ललितपुर।** ट्रेनों में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का जेवरात और नगदी से भरा ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रेन में सफर के दौरान महिला ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे रखा था। नींद खुलने पर बैग गायब मिला। बैग में सोने-चांदी के जेवरात और नगदी समेत करीब 1.53 लाख रुपये का सामान बताया गया है। शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, नेहा मौर्या पत्नी श्रवण कुमार मौर्या, निवासी ग्राम केन सिराथु, सैनी, कौशाम्बी, 28 जुलाई 2026 को अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22589 अमृत भारत एक्सप्रेस से फतेहपुर से रानी कमलापति (भोपाल) की यात्रा कर रही थीं। परिवार को ट्रेन के कोच एस 04 में बर्थ संख्या 80, 76 और 79 आवंटित थीं। यात्रा के दौरान नेहा ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ संख्या 80 के नीचे रख दिया और उसी बर्थ पर सो गईं। नेहा के मुताबिक ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उनकी आंख खुली। बाथरूम जाने के लिए जब उन्होंने बर्थ के नीचे रखी अपनी चप्पल निकालने के लिए देखा तो ट्रॉली बैग गायब था। काफी तलाश के बाद भी बैग का पता नहीं चला। बैग में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी गायब होने से महिला के होश उड़ गए। नेहा ने पुलिस को बताया कि ट्रॉली बैग में बड़ा सोने का मंगलसूत्र (आठ दानों वाला बड़ा पेंडल) करीब 55 हजार रुपये, छोटा सोने का मंगलसूत्र करीब 20 हजार रुपये, सोने की अंगूठी करीब 30 हजार रुपये, सोने की नथ करीब 12 हजार रुपये, सोने के कान के टॉप्स का जोड़ा करीब 25 हजार रुपये, चांदी की बिछिया करीब 3 हजार रुपये, नगदी 8 हजार रुपये, ग्रे रंग का ट्रॉली बैग, जिसमें कपड़े रखे हुए थे। चोरी गए जेवरात और नगदी की कुल कीमत करीब 1,53,000 रुपये है। घटना के बाद महिला ने अपनी यात्रा पूरी करने के पश्चात जीआरपी थाना रानी कमलापति में शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक शिकायत के बाद घटना का क्षेत्राधिकार ललितपुर रेलवे स्टेशन से संबंधित होने के कारण मामला जीआरपी अनुभाग झांसी के थाना जीआरपी ललितपुर को स्थानांतरित किया गया। जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बेटियों ने डीएम को बांधी राखी




**बाराबंकी।** रक्षाबंधन पर्व पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करपिया, मसौली की बालिकाओं ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी। जिलाधिकारी ने बालिकाओं के स्नेह को स्वीकार कर उन्हें उपहार भेंट किये। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं, खान-पान एवं रहने-सहने की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। तथा उन्होंने बालिकाओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या होने पर बिना संकोच अपनी बात रखने की बात कही। बालिकाओ ने उच्चीकृत एकेडमिक भवन से हॉस्टल तक आने-जाने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य कराने तथा खेल मैदान में मिट्टी पटाई कराकर उसे खेल गतिविधियों के लिए बेहतर बनाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बालिकाओं से संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी ने बताया कि गत 13 अगस्त को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुजीबपुर, देवा के निरीक्षण मे छात्राओं द्वारा परिसर के अंदर के रास्ते पर इंटरलॉकिंग की आवश्यकता बताई। जिसके बाद इंटरलॉकिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, वार्डेन विभा मिश्रा, शिक्षिका आरती मिश्रा सहित केजीबीवी मसौली की बालिकाएं मौजूद रहे।

- आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, बाकी जरूरतों की चिंता मुझ पर छोड़ दें: डीएम

# जहां सुविधाएं सीमित, वहां विज्ञान की पहुंच सुनिश्चित कर रहे जिलाधिकारी




**ललितपुर।** जनपद के दूरस्थ क्षेत्र नाराहट स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी गतिविधियों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए विज्ञान बस का आगमन हुआ। विज्ञान बस में करीब 700 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पहुंचकर विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और गतिविधियों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन तथा डीआईओएस ओमप्रकाश एवं बीएसए रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ द्वारा संचालित विज्ञान बस को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया। विज्ञान बस का लाभ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ श्री छत्रसाल जिला परिषद हाई स्कूल नाराहट, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोंगरा खुर्द, पटेल ग्राम उत्थान इंटर कॉलेज बनयान तथा वृंदावन लाल एजुकेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी लिया। विज्ञान बस में विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े विभिन्न नए-नए प्रयोगों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने प्रयोगों को नजदीक से देखा और वैज्ञानिक गतिविधियों को समझने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। प्रयोगात्मक तरीके से विज्ञान की जानकारी मिलने से विद्यार्थियों को विषय को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला। दूरस्थ क्षेत्र में विज्ञान बस पहुंचने से विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी हैं, क्योंकि इससे उन्हें किताबों में पढ़े विज्ञान को प्रयोगों के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी।

- नाराहट में 700 विद्यार्थियों ने देखी विज्ञान बस, प्रयोगों के जरिए सीखा विज्ञान

## नेहरूनगर में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, गर्भवती महिला समेत कई घायल

वीडियो बनाने पर छत पर फेंका ईंट का टुकड़ा, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरूनगर मोहल्ले में पुरानी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे लोगों ने एक परिवार के साथ कथित रूप से मारपीट कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीटा गया। इसी दौरान घटना का वीडियो बना रही एक गर्भवती महिला को भी ईंट का टुकड़ा लगने से चोटें आईं। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरूनगर निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र शिशुपाल सिंह ने बताया कि 22 अगस्त 2026 की शाम करीब 4.20 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे।

इसी दौरान मोहल्ले के ही रज्जन यादव, हरीओम पुत्र रज्जन यादव, शिवम पुत्र रज्जन यादव और रामदेवी पत्नी रज्जन यादव वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। देवेन्द्र यादव द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनके भाई चालीराजा, छोटेराजा, माता रामकली, बहन रश्मि, भाभी जयकुमारी और पत्नी संगीता मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना में देवेन्द्र यादव तथा उनके भाई चालीराजा और छोटेराजा को चोटें आईं। तहरीर के मुताबिक, मारपीट की घटना का वीडियो पड़ोस में रहने वाली स्वीटी पत्नी अमित पुरोहित और आकांक्षा पत्नी अमित दुबे द्वारा अपने घर की छत से बनाया जा रहा था। आरोप है कि वीडियो बनाए जाने से नाराज होकर आरोपी पक्ष के लोग स्वीटी के घर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए छत की ओर गुम्मा (ईंट का टुकड़ा) फेंका। बताया गया कि ईंट का टुकड़ा छत पर खड़ी आकांक्षा, जो गर्भवती हैं, को जा लगा। इससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 125, 351(3) और 352 के तहत दर्ज किया गया है।

# लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार मे लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना एवं विशेष बसों के फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की माताओं, बहनों एवं बेटियों के सम्मान, सुविधा एवं सशक्तिकरण को समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। यात्रा की सुविधा मिलने से उन्हें आवागमन में आर्थिक बाधाओं से राहत मिलेगी। और प्रदेश के विभिन्न तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों की यात्रा आसानी से कर सकेंगी। कार्यक्रम मे राज्यमंत्री ने उपस्थित माताओं, बहनों एवं बेटियों को वस्त्र एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने आगे बताया कि रक्षाबंधन पर 27 अगस्त को प्रात 6 बजे से 29 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि 12 बजे तक माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एआरटीओ, एआरएम, डीसी एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

- रक्षाबंधन पर 27 प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त मध्यरात्रि तक माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा
- 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को परिवहन निगम बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा

# कर्मचारी हितों और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर




**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ की लखनऊ इकाई की सामान्य सभा की बैठक लखनऊ मुख्य शाखा परिसर स्थित कैंटीन में आयोजित की गई। बैठक का संयोजन लखनऊ पश्चिम इकाई के अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह एवं उपमहामंत्री विवेक कुमार के नेतृत्व में किया गया।

बैठक के प्रथम सत्र में मंडल के महासचिव आशा राम एवं मंडल अध्यक्ष राजेश की उपस्थिति और मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के अधिकारों तथा उनके कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे सत्र में सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोकपाल डॉ. आरआर जैसवार मौजूद रहे। इस अवसर पर गौरव कुमार सिंह एवं विवेक कुमार ने सभी सदस्यों से संगठन की एकता बनाये रखने तथा कर्मचारियों के हितों और सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने, संगठन को और मजबूत बनाने तथा आपसी भाईचारे एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा के साथ उनके कल्याण और संगठनात्मक एकता को मजबूत करना है।

संक्षेप

## आपके पीने के पानी को 7 तरीकों से प्रभावित कर सकता है मानसून

नई दिल्ली। मानसून गर्मी से बहुत जरूरी राहत लेकर आता है, लेकिन यह पानी के दूषित होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां भी पैदा करता है पानी देखने में साफ हो सकता है, फिर भी उसमें ऐसे दूषित पदार्थ जिन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दूषित पेयजल आज भी हैजा, पेचिश, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। यूरेका फोर्ब्स के चीफ वॉटर साइंटिस्ट के अनुसार, मानसून के दौरान स्त्रोत के पानी की गुणवत्ता में काफी बदलाव हो सकता है।यूरेका फोर्ब्स के चीफ वॉटर साइंटिस्ट बताते हैं कि मानसून आपके पीने के पानी को किस तरह सात तरीकों से प्रभावित कर सकता है और हर घर सुरक्षित रहने के लिए क्या कर सकता है।भारी बारिश के दौरान बाढ़ और नालियों के ओवरफ्लो होने से पुराने या क्षतिग्रस्त पाइपों के जरिए प्रदूषक जल आपूर्ति प्रणालियों तक पहुंचने की संभावना बढ़ सकती है। इससे पीने का पानी बैक्टीरिया, वायरस और अन्य दूषित पदार्थों से प्रभावित हो सकता है।खासकर भारी बारिश के दौरान यह सुनिश्चित करेंकि आपके पीने के पानी को उपयुक्त जल शुद्धिकरण प्रणाली से शुद्ध किया जाए।केवल इसलिए पानी को सुरक्षित मान लेना कि वह देखने में साफ है, सबसे आम गलतफहमियों में से एक है।

## युवा पीढ़ी के लिए साफी को नये अंदाज में पेश कर रहा है हमदर्द

नई दिल्ली। हमदर्द लेबोरेटरीज अपने प्रतिष्ठित साफी ब्रांड को युवा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए एक नए एकीकृत मार्केटिंग अभियान की शुरूआत कर रहा है, जिसमें डिजिटल, आउटडोर और क्रिएटर-आधारित एंगेजमेंट को शामिल किया गया है। यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब जेन जेड और मिलेनियल्स स्किनकेयर और वेलनेस प्रोडक्ट्स के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, क्रिएटर्स और ऑनलाइन कम्युनिटीज के माध्यम से तेजी से जानकारी हासिल कर रहे हैं। अंदर से बेहतर स्वास्थ्य, बाहर से बेहतर आत्मविश्वास की सोच के साथ यह पहल साफी को स्किनकेयर, सेल्फ-केयर और स्किन कॉन्फिडेंस से जुड़ी समकालीन चचाओं का हिस्सा बनाने पर केंद्रित है।इस पहल के केंद्र में साफी सिरप है, जिसके स्थापित प्रोडक्ट प्रपोजिशन को युवा उपभोक्ताओं के लिए नए और समकालीन कहानी कहने के तरीकों तथा एंगेजमेंट फॉर्मेट्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संवाद को आगे बढ़ाते हुए साफी ने अमेजन एमएक्स प्लेयर के वे गोट यू गर्ल के साथ साझेदारी की है और शो के नेचुरल ग्लो पार्टनर के रूप में जुड़ा है। 18 अगस्त से प्रीमियर हुए इस 15-एपिसोड शो में चुनिंदा एपिसोड्स के दौरान साफी को कहानी के संदर्भ में इंटीग्रेट किया जाएगा।

## अवाडा इलेक्ट्रो ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया यूडीआरएचपी

नई दिल्ली। अवाडा इलेक्ट्रो लिमिटेड ने रुपये 7,600 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (यूडीआरएचपी) दाखिल किया है। 31 जुलाई 2026 तक परिचालन में मौजूद सौर सेल और सौर मॉड्यूल क्षमता के आधार पर अवाडा इलेक्ट्रो भारत की प्रमुख वर्टिकली इंटीग्रेटेड यानी एकीकृत सौर फोटोवोल्टिक निर्माता कंपनियों में शामिल है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में रुपये 1,600 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयर जारी करना और रुपये 6,000 करोड़ तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है।

## भारत में एयरबीएनबी पर जेन जी होस्टिंग में करीब 40 फीसद की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। भारत के जेन जी युवा सिर्फ अलग अंदाज में यात्रा ही नहीं कर रहे, बल्कि एयरबीएनबी पर होस्ट बनकर अपने घरों के दरवाजे भी दुनिया के लिए खोल रहे हैं। एयरबीएनबी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि 2026 की पहली छमाही में भारत में जेन जी होस्ट्स की संख्या सालाना आधार पर करीब 40प्रतिशत बढ़ी है।इस दौरान एयरबीएनबी से जुड़ने वाले नए भारतीय होस्ट्स में लगभग पांच में से दो की उम्र 18 से 29 वर्ष के बीच रही। यह इस बात संकेत है कि भारत में युवाओं का एक नया वर्ग तेजी से होस्टिंग की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस साल की शुरूआत में एयरबीएनबी की नेवर द सेम रिपोर्ट में सामने आया था कि भारत में जेन जी युवाओं ने देश में यात्रा करने के तरीके को काफी हद तक बदलकर रख दिया है। अब नए आंकड़े बताते हैं कि यही पीढ़ी यात्रा के अनुभव के दूसरे छोर पर भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

# सेंसेक्स में 183 अंकों की गिरावट




मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाये और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई सेंसेक्स 183 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 127 अंक के नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 183.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,472.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 77,986.84 अंक तक गया और नीचे में 77,472.94 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 513.9 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। इसी प्रकार, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत टूटकर 24,207.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की। सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), वाहन और टिकाऊउपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में गिरावट ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से मिले समर्थन को बेअसर कर दिया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.96 प्रतिशत टूटकर 85.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। भारतीय शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। निफ्टी ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अच्छी लिवाली से बैंक निफ्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.58 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट 0.22 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीएसई क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार 1.35 प्रतिशत, आईटी 1.05 प्रतिशत, फोकस्ड आईटी 0.91 प्रतिशत, जन केंद्रित सेवा 0.65 प्रतिशत, बिजली 0.57 प्रतिशत और रियल्टी 0.50 प्रतिशत नुकसान में रहे। वहीं धातु सूचकांक 1.38 प्रतिशत और जिंस 1.37 प्रतिशत लाभ में रहे। शीर्ष 10 बैंक सूचकांक 0.55 प्रतिशत, मिड-स्मॉल प्राइवेट बैंक क्वालिटी टिल्ट 0.48 प्रतिशत और हाउसिंग फाइनेंस सूचकांक 0.43 प्रतिशत चढ़ा। एफआईआई ने मंगलवार को।,593.53 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# सोने 600 रुपये टूटा और चांदी 500 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 600 रुपये की गिरावट आई और यह।,66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कमजोर रुख के बीच सोने में चार दिन से जारी तेज़ी का सिलसिला थम गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में।,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में मामूली सुधार हुआ और यह मंगलवार के 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 500 रुपये बढ़कर 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। निवेश मंच मुद्रेक्स के लीड क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा, घरेलू बाज़ार में सोने की कीमतों में नरमी आई है क्योंकि कई सप्ताह की जबर्दस्त तेजी के बाद व्यापारियों ने मुनाफावसूली की। उन्होंने कीमती धातु की कीमतों में गिरावट का कारण अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग खर्च (पीसीई) महंगाई रिपोर्ट से पहले डॉलर का मजबूत होना बताया। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 39.66 डॉलर यानी लगभग एक प्रतिशत गिरकर 4,619.21 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी मामूली नुकसान के साथ 68.50 डॉलर प्रति औंस रह गई।महंगाई और मौद्रिक नीति को लेकर अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के रुख का कोई भी संकेत डॉलर, बॉन्ड प्रतिफल और कीमती धातुओं पर असर डाल सकता है।

# भारत के 26 बाजारों में चावल निर्यात में वृद्धि

नयी दिल्ली। भारत के प्राथमिकता वाले 26 बाजारों में चावल का निर्यात 2025 के भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) के बाद के पांच महीनों में पिछले तीन वर्ष के औसत से अधिक रहा। इससे संकेत मिलता है कि स्थानीय खान-पान के अनुरूप भारतीय चावल की किस्मों को बढ़ावा देने की रणनीति से विदेशों में मांग के विविधीकरण में मदद मिल सकती है। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) द्वारा वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, नवंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच 26 बाजारों को मिलाकर चावल का निर्यात 23,476 करोड़ रुपये और 47.9 लाख टन रहा। इसमें बासमती और गैर-बासमती दोनों तरह के चावल शामिल हैं।

निर्यात मूल्य पिछले तीन वर्ष में नवंबर-मार्च की इसी अवधि के औसत से 1.1 प्रतिशत अधिक रहा, जबकि इसकी मात्रा 5.6 प्रतिशत अधिक रही। इन 26 बाजारों में से 11 में मूल्य एवं मात्रा दोनों के लिहाज से सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई। ये नतीजे ऐसे समय आए हैं जब भारत घरेलू स्तर पर चावल की पर्याप्त उपलब्धता के बीच अपने निर्यात आधार को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में जोर अधिक चावल के लिए बाजार तलाशने के बजाय ऐसी विशिष्ट किस्मों की पहचान पर है।

# देश में 2011 से खुले खाद्य तेल की बिक्री पर रोक है : एफडीईए आयुक्त मुंढे

मुंबई। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के आयुक्त तुकाराम मुंढ़े ने बुधवार को कहा कि देश में 2011 से खुले खाद्य तेल की बिक्री पर रोक लगी हुई है और इस नियम को लागू करने के लिए उनके विभाग ने जो कार्वाई की है, उसका मकसद किसी खास समुदाय को निशाना बनाना नहीं है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को एफडीए का एक बयान जारी किया गया था जिसमें साफ किया गया था कि यह रोक कई साल से लागू है, लेकिन उस बयान को वापस ले लिया गया क्योंकि विभाग राज्य सरकार के नये दिशानिर्देश का इंतजार कर रहा था। मुंबई प्रेस क्लब के मीट द प्रेस कार्यक्रम में मुंढ़े ने कहा कि खुले तेल की बिक्री के खिलाफ कार्वाई का मकसद मिलावट रोकना था। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में पहले भी एक मामला सामने आया था जिसमें तेल के एक नमूने में आर्सेनिक मिला था। इससे पहले सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि एफडीए से कहा जाएगा कि वह खाद्य तेल में मिलावट रोकने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाए, ताकि पारंपरिक तेल व्यापारियों और छोटे खुदरा कारोबारियों का कारोबार प्रभावित न हो। मुंढ़े ने कहा कि यह रोक उनके द्वारा हाल ही में जारी किया गया कोई आदेश नहीं है, बल्कि वर्ष 2011 में लागू हुए नियमों के तहत एक जरूरी शर्त है। मंगलवार को जारी एफडीए की प्रेस विज्ञप्ति को वापस लेने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, राज्य सरकार से कुछ और दिशानिर्देश आने वाली हैं।

हम उनका इंतजार कर रहे हैं। इसलिए हमने कल अपना नोटिस वापस ले लिया। जब दिशानिर्देश सार्वजनिक हो जाएंगे, तो हम अपने आदेश में बदलाव करेंगे।

# मुंबई में टैक्सी, तिपहिया का किराया बढ़ा, एक से लागू

मुंबई। मुंबई में सीएनजी से चलने वाली काली-पीली टैक्सी और तिपहिया से यात्रा करना एक सितंबर से महंगा हो जाएगा। परिवहन प्राधिकरण ने बुधवार को किराये में संशोधन का आदेश जारी किया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण ने टैक्सी के किराये में दो रुपये और तिपहिया के किराये में एक रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि टैक्सी में शुरू के 1.5 किलोमीटर की यात्रा करने का न्यूनतम किराया 31 रुपये से बढ़कर 33 रुपये हो जाएगा। वहीं, तिपहिया का न्यूनतम किराया 26 रुपये से बढ़कर 27 रुपये होगा। महाराष्ट्र के परिवहन सचिव की अध्यक्षता में हुई एमएमआरटीए की बैठक के दौरान चार सदस्यीय खटुआ समिति से मिले सुझाव के आधार पर पिछले बृहस्पतिवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। बैठक के ब्योरे को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। संशोधन के बाद टैक्सी का प्रति किलोमीटर किराया 20.66 रुपये से बढ़कर 21.90 रुपये हो जाएगा। इसी तरह तिपहिया का प्रति किलोमीटर किराया 17.14 रुपये से बढ़कर 18.22 रुपये किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीटर को नयी दरों के अनुसार समायोजित कराने के बाद ही नया किराया वसूल किया जा सकेगा।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था



वॉशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कनाडा की संस्थाओं से निवेश का आह्वान करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यहां व्यापक अवसर, निरंतर वृद्धि, युवा आबादी, बढ़ती खपत तथा तेजी से विकसित हो रहे पूंजी बाजारों का अनूठा संयोजन निवेश के मजबूत अवसर प्रदान करता है।

टोरंटो में भारतीय कारोबारी समुदाय के प्रमुख सदस्यों को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, दीर्घकालिक नजरिया रखने वाले कनाडा के निवेशकों के लिए भारत व्यापक अवसर, निरंतर वृद्धि, युवा आबादी, बढ़ती खपत और तेजी से विकसित होते पूंजी बाजार जैसे संयोजन पेश करता है, जिसकी बराबरी करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत में बदलाव संरचनात्मक है, जो तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ते मध्यम वर्ग और विश्वस्तरीय डिजिटल बुनियादी ढांचे से प्रेरित है। इससे अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। वित्त मंत्री ने वित्तीय एवं वाणिज्यिक सेवाओं तक पहुंच में बदलाव लाने में भारत की डिजिटल प्रणाली की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने वित्तीय एवं वाणिज्यिक सेवाओं तक पहुंच की लागत को काफी कम किया है और उनकी पहुंच का दायरा बढ़ाया है। सीतारमण ने कहा कि लेनदेन की मात्रा के लिहाज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक-समय भुगतान प्रणाली है और यह वित्तीय समावेश, दक्षता तथा नवाचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में कनाडा के बैंकों, वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों और नियामकों के साथ न केवल भुगतान के क्षेत्र में बल्कि अगली पीढ़ी के डिजिटल वित्तीय बुनियादी ढांचे को आकार देने में भी सहयोग के महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं। भारत-कनाडा आर्थिक साझेदारी के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कनाडा में भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच एक रणनीतिक सेतु हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐसा समुदाय है, जो कनाडा की कंपनियों के निदेशक मंडलों, बे स्ट्रीट के कारोबार केंद्रों और पेंशन कोषों की जोखिम समितियों में मौजूद है। सीतारमण ने कहा कि भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में हाल के समय में उल्लेखनीय बदलाव आया है। यह साझा लोकतांत्रिक एवं बहुलतावादी मूल्यों, बढ़ते आर्थिक जुड़ाव, उच्चस्तरीय संवाद और मजबूत जन-जन संबंधों से समर्थित है। उन्होंने जून 2025 में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के उनके समकक्ष मार्क कार्नी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से मजबूत करने को लेकर बनी सहमति का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों ने भविष्य-केंद्रित रणनीतिक साझेदारी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए सितंबर में अमेरिका जायेंगे गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका जाएंगे। वहां वह विस्कॉन्सिन राज्य के मिलवॉकी शहर में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 30 सितंबर को शुरू होगी। अमेरिका 2026 में जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। गोयल के मंत्रिस्तरीय बैठक के अलावा अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने की भी संभावना है। इन बैठकों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ग्रीर ने मई में एक बयान में कहा था कि इस साल होने वाली जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में वह अपने समकक्षों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की अगुवाई करेंगे। इनमें बंधुआ श्रम को समाप्त करना, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) सिद्धांत को अद्यतन करना, खाद्य व्यापार को एक हथियार के रूप में उपयोग करने की निंदा करना तथा संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता और उत्पादन से निपटना शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 14-15 दिसंबर को फ्लोरिडा के मियामी स्थित ट्रंप नेशनल डोरल में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। जी20 देशों का का समूह एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जिसमें दुनिया की प्रमुख विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक नीतियों पर चर्चा और समन्वय के लिए शामिल होती हैं। जी20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 85 प्रतिशत और दुनिया की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको और रूस शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### नेपाल में

उपाय अपनाने को कहा। जल विज्ञान एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार को आई बाढ़ रसुवा में हुई बारिश के कारण नहीं आई। विभाग के सूचना अधिकारी दिनकर कायस्थ के अनुसार, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि रसुवा में हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ आई। उन्होंने कहा कि संभवतः यह किसी नए हिमनद के बनने या पुराने ग्लेशियर के फटने के कारण आई हो। हम अभी इस मामले का अध्ययन कर रहे हैं, इसलिए वास्तविक कारण अभी पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि तिब्बत की ओर से बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए हमें सतर्क रहने की जरूरत है।

द हिमालयन टाइम्स के अनुसार, अचानक जलस्तर बढ़ने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह त्रासदी हिमनद तटबंध बाढ़ (जीएलओएफ) या किसी अन्य कारण से आई। रसुवा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी ध्रुव प्रसाद अधिकारी ने कहा कि बाढ़ का स्तर असामान्य रूप से बहुत अधिक था और दोनों बस्तियों में काफी नुकसान हुआ है। रसुवा के मुख्य सीमा शुल्क अधिकारी राजेंद्र ढुंगाना ने बताया कि सीमा शुल्क परिसर में रखे कई वाहन और सामान बह गए। हाल में बनाया गया एक पुल भी नष्ट हो गया। यह स्थान तिब्बत, चीन से जुड़ा नेपाल के व्यापारिक आवागमन को नियंत्रित करता है। इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन नेपाल (आईपीपीएएन) के एक बयान के अनुसार, अचानक आई बाढ़ से नुवाकोट और रसुवा जिलों में 354 मेगावाट की कुल क्षमता वाली आठ चालू जलविद्युत परियोजनाएं और निर्माणाधीन पांच परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। बाढ़ से क्षतिग्रस्त प्रमुख चालू जलविद्युत परियोजनाओं में रसुवागढ़ी जलविद्युत परियोजना (111 मेगावाट), संजेन खोला जलविद्युत परियोजना (78 मेगावाट) और अपर त्रिशूली-3ए (60 मेगावाट) शामिल हैं।

### 50 हजार

बरेली, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और झांसी समेत कई जिलों में अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल में 500 कामकाजी महिलाओं के निशुल्क रहने की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति थी। पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं में बिचौलियों का दखल था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं पर कमीशनखोरी की काली छाया मंडराती थी और योजनाओं का पैसा लाभार्थियों तक पहुंचने से पहले ही गायब हो जाता था। सीएम ने कहा कि उस समय माफिया और अपराधियों का प्रभाव था। आज प्रदेश में महिला हेल्पडेस्क, 1090, 112, सीसीटीवी नेटवर्क, महिला बीट पुलिस और मिशन शक्ति जैसे तंत्र काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी करीब 12 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 36 फीसदी हो गई है। सरकार का लक्ष्य इसे 50 फीसदी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां बेफिक्र होकर नाइट शिफ्ट कर रही हैं। सरकार की कोशिश है कि महिलाएं घर से निकलकर पढ़ाई, नौकरी, कारोबार और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ें और सुरक्षित घर लौटें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 में करीब 10 हजार महिला पुलिसकर्मी थीं, जबकि अब यह संख्या 45 हजार तक पहुंच गई है। पुलिस भर्ती में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती अनिवार्य की गई है।

### खेती में तकनीक

किसानों, 35 हजार मत्स्य उत्पादकों और 3 लाख महिलाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। खरीफ 2026 में 1.75 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को परियोजना के दायरे में लिया गया है। रबी सीजन 2026-27 में भी 1.75 लाख हेक्टेयर में गेहूं, मटर, चना, मसूर और सरसों जैसी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में कृषि की काफी संभावनाएं हैं, लेकिन लंबे समय तक इन क्षेत्रों को पिछड़ेपन के पर्याय के रूप में देखा गया। यूपी-एग्रीज के जरिए इन क्षेत्रों की कृषि क्षमता को नई तकनीक और बेहतर बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान को केवल उत्पादक के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक कृषि और अर्थव्यवस्था का प्रॉस्पैरिटी पार्टनर बनाना सरकार का लक्ष्य है। परियोजना का मूल दर्शन प्रोडक्टिविटी, टेक्नोलॉजी, क्लाइमेट रेजिलिएंस, मार्केट, एंटरप्राइज और फार्मर प्रॉस्पैरिटी पर आधारित है। गूगल एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी के साथ साझेदारी के तहत ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसका मॉडल यूपीआई और ओएनडीसी जैसे ओपन डिजिटल नेटवर्क से प्रेरित होगा। इसका उद्देश्य किसानों को मौसम, बाजार मूल्य, मिट्टी की जानकारी, कृषि सलाह और अन्य एग्रीटेक सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप पर निर्भरता से बचाना है। एक ही डिजिटल इंटरफेस के जरिए किसानों को विभिन्न कृषि सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराने की योजना है। आईटीसी के साथ साझेदारी के जरिए धान और गेहूं के क्लाइमेट रेजिलिएंट कमोडिटी क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। दो लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में क्लाइमेट स्मार्ट कृषि का विस्तार प्रस्तावित है। इसमें शून्य जुताई, डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर), जलवायु अनुकूल उन्नत बीज और डिसीजन न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। बहराइच में 1500 एकड़ क्षेत्र में डीयू कंप्लायंस और एमआरएल मानकों के अनुरूप धान क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके जरिए किसानों की प्रति एकड़ आय में 20 से 30 फीसदी वृद्धि, यूरिया के इस्तेमाल में 25 फीसदी कमी और श्रम एवं सिंचाई लागत में 25 से 30 फीसदी बचत का लक्ष्य रखा गया है। एक्वाब्रिज के साथ साझेदारी के जरिए उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को पारंपरिक गतिविधि से तकनीक आधारित उद्यम में बदलने की तैयारी है। मत्स्य किसानों, सहकारी समितियों और उद्यमियों को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा।

### बिहार

का जलस्तर 4.77 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि चेतावनी स्तर 7.30 मीटर और खतरे का निशान 9 मीटर है। उन्होंने कहा कि यदि जलस्तर में तेजी से वृद्धि होती है तो लगभग साढ़े तीन घंटे में उसका प्रभाव गंडक बराज तक पहुंच सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करके संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) ऐसी बाढ़ होती है जो बहुत कम समय में भारी बारिश, बादल फटने, पहाड़ी क्षेत्रों से तेज जलप्रवाह या बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण आती है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री चौधरी ने विशेष रूप से गंडक नदी से जुड़े पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली सहित अन्य संवेदनशील जिलों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल से आने वाले पानी की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए और संभावित प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते एहतियाती कदम उठाए जाएं।

### बारिश से

पशुहानि और आर्थिक क्षति का तत्काल आकलन कराने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का आंकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही अधिकारियों को प्रभावित परिवारों से लगातार संवाद बनाए रखने और राहत-सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के कारण जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### 944 हेक्टेयर

2011 को ऊर्जा विभाग और दोनों कंपनियों के बीच समझौता हुआ था। थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में कंपनियों को कुल 944.029 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई थी। मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड को कृपालपुर, चपरघटा, रसूलपुर भुरण्डा और भरतौली गांवों में कुल 375.378 हेक्टेयर भूमि दी गई थी। इसमें 90.3260 हेक्टेयर पट्टा भूमि और 285.0524 हेक्टेयर अधिग्रहीत निजी भूमि शामिल थी। वहीं मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड को अमिलिया, सिहारी, कछगांव और चपरघटा गांवों में कुल 568.651 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई थी। इसमें 217.813 हेक्टेयर पट्टा भूमि और 350.838 हेक्टेयर अधिग्रहीत निजी भूमि शामिल थी। समझौते की शर्तों के मुताबिक कंपनियों को जमीन पर कब्जा मिलने के तीन साल के भीतर पावर प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा करना था। हालांकि निर्धारित अवधि तो दूर, करीब 15 साल बीत जाने के बाद भी दोनों कंपनियों ने मौके पर पावर प्लांट का निर्माण शुरू नहीं किया। सरकार ने इसे अनुबंध की शर्तों का गंभीर उल्लंघन माना है। जांच के दौरान शर्तों के उल्लंघन का एक और मामला सामने आया। समझौते में स्पष्ट था कि राज्य सरकार की अनुमति के बिना कंपनियां आवंटित भूमि को बेच, लीज या बंधक नहीं रख सकती थीं। इसके बावजूद आरोप है कि मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड ने बिना अनुमति जमीन को आईडीबीआई बैंक में बंधक रख दिया। वहीं मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड ने भी सरकार की अनुमति के बिना भूमि को केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में गिरवी रख दिया। ऊर्जा विभाग के मुताबिक कंपनियों ने इसके लिए न तो शासन से अनुमति ली और न ही विभाग को इसकी जानकारी दी। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन सामने आने के बाद शासन ने दोनों कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। 25 मई 2026 को जारी नोटिस में कंपनियों को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। नोटिस कंपनियों के पंजीकृत पते और ईमेल पर भेजा गया था और दोनों को प्राप्त भी हुआ। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनियों की ओर से कोई जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

### यूपी बना

सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्क्रैप पॉलिसी लागू करने के मामले में देश में पहले स्थान पर है। वहीं स्वचालित परीक्षण केंद्र (एटीएस) स्थापित करने में प्रदेश दूसरे और ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की मंजूरी के बाद देश में पहली बार एआरटीओ (सड़क सुरक्षा) की तैनाती का रास्ता साफ हुआ है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। इसके अलावा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) के 352 पदों को मंजूरी दी गई है।

### ईवी चार्जिंग

सुविधा मिल रही है और ईवी अपनाने को लेकर लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार विशेष रूप से प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों तथा महत्वपूर्ण परिवहन मार्गों पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदेश में स्वच्छ और हरित परिवहन व्यवस्था के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार की नीतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रयासों से इलेक्ट्रिक वाहन बाजार को भी मजबूती मिल रही है।

### आतंकी

संयुक्त बलों ने चार 9 एमएम पिस्तौल बरामद कीं। इसके साथ ही चार मैगजीन, 22 कारतूस और दो हैंड ग्रेनेड भी मिले।




# श्रीलंका के 229 रन पर छह विकेट

## सूरियाबंडारा और मेंडिस के संघर्ष के बावजूद भारत सीरीज जीतने के करीब

एजेंसी



कोलंबो। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने कुछ समय तक डटकर मुकाबला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने सही समय पर विकेट लेकर बुधवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन मेजबान टीम के दूसरी पारी में स्टंप तक 229 रन तक छह विकेट झटक लिए। स्टंप तक सोनल दिनुषा सात और केशारा नुवांथा तीन रन बनाकर क्रीज पर थे। जैसा कि अब इस मैच में आम हो गया है, शाम की बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। अब भारत की कोशिश होगी कि पांचवें दिन मैच और सीरीज दोनों अपने नाम कर ले। भारतीय गेंदबाजों के दबदबे से पहले पासिंदु सूरियाबंडारा (92) और कामिंदु मेंडिस (55) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 115 रन की साझेदारी श्रीलंका की वापसी का मुख्य आधार रही। सूरियाबंडारा और मेंडिस ने तब मोर्चा संभाला जब श्रीलंका 63 रन तक दो विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था।

इन दोनों ने अगले 110 मिनट तक भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया। इस साझेदारी ने श्रीलंका को पहली पारी में 213 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन की स्थिति से उबरने में मदद की। हालांकि, उस दौरान श्रीलंका का प्रदर्शन पहली पारी की तुलना में काफी बेहतर था। पहली पारी में टीम 290 रन पर ऑलआउट हो गई थी और फॉलोऑन के स्कोर से सिर्फ 13 रन दूर रह गई थी। सोनल दिनुशा ने श्रृंखला का अपना दूसरा शतक लगाते हुए 103 रन की पारी खेली थी। लेकिन सूरियाबंडारा और मेंडिस की साझेदारी की वजह से मैच पांचवें दिन तक खिंच गया जबकि उन्होंने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज लाहिरू उदारा और कामिल मिशारा के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। इन दोनों की साझेदारी बिल्कुल भी रक्षात्मक नहीं थी। दोनों बल्लेबाजों ने खुलकर बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर लगातार दबदबा बनाया। मेंडिस ने मानव सुथार की गेंदों पर दो छक्के जड़े और बाएं हाथ के स्पिनर को दबाव बनाने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। फिर सूरियाबंडारा ने भी सुथार की गेंद पर स्लॉग-स्वीप करते हुए एक छक्का लगाया। इस सीरीज में पहली बार युवा स्पिनर सुथार संघर्ष करते नजर आए। मेंडिस ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद को पुल करते हुए छक्का लगाकर 87 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके कुछ ही समय बाद ही सूरियाबंडारा ने भी 78 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। पर प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट-पिच गेंद ने इन दोनों के बीच भागीदारी तोड़ी और शुभमन गिल ने दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़कर मेंडिस की पारी समाप्त कर दी। श्रीलंका ने चाय तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 199 रन बना लिए थे जिससे उसे पारी की हार से बचने के लिए महज 14 रन की दरकार थी। लेकिन दिन के अंतिम सत्र ने मैच का पूरा रुख बदल दिया और भारत ने तीन विकेट झटक लिए। कप्तान धनंजय डी सिल्वा सबसे पहले आउट हुए।

वह सुथार की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल के हाथों में लपके गए। सूरियाबंडारा अपने पहले टेस्ट शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन एक गलत फैसले ने उनकी पारी का अंत कर गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सुथार की गेंद पर आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। फिर सुथार ने इस हरकत को भांपते हुए बाहर की ओर गेंद डाली और पंत ने उनकी गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं की। इस तरह सूरियाबंडारा 92 रन पर स्टंप आउट हो गए। इसके बाद काफी टर्न हासिल कर रहे सारांश जैन ने निरोशन डिकवेला को पगबाधा आउट किया जिससे श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 218 रन हो गया। दिन का लगभग एक घंटे का खेल बाकी था लेकिन शाम चार बजकर 37 मिनट पर तेज बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा।

दिन के पहले सत्र में श्रीलंका को एक और खुशी का मौका मिला था, जब सोनल दिनुषा ने रात के 85 रन के स्कोर को अपने शतक में तब्दील किया। दिनुषा ने जैन की गेंद पर छक्का, स्लॉग-स्वीप और फिर ऑन-साइड में चौका लगाकर तेजी से 90 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर अपना शतक पूरा किया और इसका जश्न मनाया। हालांकि उनकी यह पारी भी श्रीलंका को फॉलोऑन से नहीं बचा सकी। इस दौरान भारत के लिए चिंता की बात भी हुई क्योंकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कैच लेने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गए। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा, लेकिन कुछ समय बाद वह वापस लौट आए। दूसरे सत्र में सिराज ने छोटे रन-अप के साथ गेंदबाजी की। तीसरे दिन विकेटकीपिंग से दूर रहने के बाद वापस जिम्मेदारी संभालने वाले पंत भी कई मौकों पर विकेट के काफी करीब खड़े होकर विकेटकीपिंग करते नजर आए।


भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंका को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में फॉलोऑन के लिए मजबूर किया और फिर चौथे दिन बुधवार को लंच तक दूसरी पारी में 83 रन पर उसके दो विकेट निकाल दिए। श्रीलंका इस तरह से भारत से 130 रन पीछे है। लंच के समय पासिंदु सूरियाबंडारा 35 और कामिंदु मेंडिस 10 रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया है। इससे पहले श्रीलंका ने सोनल दिनुशा (103) के लगातार दूसरे शतक के बावजूद अपनी

### भारत ने श्रीलंका को फॉलोऑन दिया दूसरी पारी में शुरू में लिए दो विकेट

पहली पारी में 290 रन बनाए। भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से उसे पहली पारी के आधार पर 213 रन की बढ़त मिली। भारत ने अपनी दूसरी पारी शुरू करने के बजाय श्रीलंका को फॉलोऑन देने का फैसला किया। भारत ने पहले टेस्ट मैच में 165 रन से जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना रखी है। श्रीलंका ने चौथे दिन सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 265 रन से आगे बढ़ाई।

भारत की तरफ से दोनों विकेट अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सारांश जैन ने लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने तीसरे दिन तीन-तीन विकेट लिए थे। दिनुशा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपना शतक पूरा किया। उन्होंने छक्का जड़कर शुरुआत की। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर पुल शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। लेकिन जैन ने जल्द ही उनके साथी लाहिरू कुमारा (12) को कवर पर खड़े ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करवा दिया। सारांश का यह टेस्ट क्रिकेट में पहला विकेट था।

# बुमराह की जगह नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने स्टार्क



दुबई। बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के दूसरे मैच में 10 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपने करियर में पहली बार आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। इस 36 वर्षीय बाएं हाथ के गेंदबाज ने पहली पारी में 12 रन देकर छह और दूसरी पारी में 39 रन देकर चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी और 51 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे उन्होंने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान हासिल कर दिया।

वह इन दोनों तेज गेंदबाजों से 10 रेटिंग अंक आगे हैं। स्टार्क इससे पहले एक बार दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। उन्होंने पिछले साल बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद पहली बार दूसरा स्थान हासिल किया था। बुमराह इस तरह से मौजूदा दौर में केवल दो महीने तक शीर्ष स्थान पर काबिज रहे लेकिन वह कुल 697 दिन तक नंबर एक गेंदबाज रहे जो किसी भी भारतीय गेंदबाज का रिकॉर्ड है। इस मामले में वह सर्वकालिक सूची में 14वें स्थान पर हैं। बुमराह चोट के कारण वे श्रीलंका के खिलाफ चल रही श्रृंखला से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी काफी फायदा हुआ है। लीड्स में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी और 103 रन की जीत में आठ विकेट लेने के कारण वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 15 स्थान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मैच में आठ विकेट लेने वाले जोश टोंग रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गॉल में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 165 रन की जीत में 10 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रैंकिंग में 28 पायदान ऊपर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

श्रीलंका के गेंदबाज असिथा फर्नांडो और प्रभात जयसूर्या दोनों पांच पायदान ऊपर क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन (दो स्थान ऊपर 10वें), पाकिस्तान के अली उस्मान (30 स्थान ऊपर 67वें), इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर (छह स्थान ऊपर संयुक्त 38वें), भारत के प्रसिद्ध कृष्णा (दो स्थान ऊपर 53वें) और बांग्लादेश के शोरिफुल इस्लाम (17 स्थान ऊपर 57वें स्थान पर) भी आगे बढ़ने में सफल रहे। बल्लेबाजी रैंकिंग में हैरी ब्रूक ने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करनी है। वह अपने साथी खिलाड़ी जो रूट से 24 रेटिंग अंक आगे हो गए हैं।

# निशांत के चौके से गोरखपुर की रोमांचक जीत

खेल संवाददाता

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच आदर्श सिंह (नाबाद 101) के सीजन के पहले शतक के बावजूद कानपुर सुपरस्टार्स को यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एसीएस के मैच में गौर गोरखपुर लायंस के हाथों तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

> यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एसीएस

आदर्श सिंह की शानदार पारी की बदौलत कानपुर सुपरस्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.4 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाए। बारिश के कारण मैच बाधित होने के बाद डकवर्थ-लुईस पद्धति से गौर गोरखपुर लायंस को 10 ओवर में 121 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे गोरखपुर ने 9.4 ओवर में सात विकेट खोकर 124 रन बनाते हुए हासिल कर लिया और तीन विकेट से जीत अपने नाम की। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में गौर गोरखपुर लायंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर सुपरस्टार्स को आदर्श सिंह व प्रियांशु पांडेय की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। प्रियांशु पांडेय ने 16 गेंदों पर दो चौके व दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाए। उन्हें सातवें ओवर की पहली गेंद पर शिवम शर्मा ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर पवेलियन वापस भेजा। इसके बाद कप्तान समीर रिजवी (13 रन, 20 गेंद) ने आदर्श सिंह का साथ दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी कर कानपुर की पारी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। समीर को 15वें ओवर की पहली गेंद पर विशाल निषाद की गेंद पर निशांत

> कानपुर सुपरस्टार्स को तीन विकेट से दी शिकस्त

कुशवाहा ने कैच किया। इसके बाद आदर्श सिंह ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 54 गेंदों पर 101 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें तीन चौके और नौ छक्के शामिल रहे।

# मयंक और प्रतीति ने एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप जीती

मुंबई। भारत के मयंक चक्रवर्ती और प्रतीति बोरदोलोई ने बुधवार को यहां एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में क्रमशः ओपन और लड़कियों के वर्ग का खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त मयंक ने नौ राउंड की ओपन चैंपियनशिप में 7.5 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रूस के आर्टेम पिंगिन ने सात अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत के दक्ष गोयल ने 6.5 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता। प्रतीति ने नौ राउंड में 7.5 अंक हासिल करके लड़कियों के वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको उनसे आधा अंक पीछे रहकर रजत पदक जीतने में सफल रहीं, जबकि निवेदिता वी सी ने 6.5 अंक लेकर कांस्य पदक जीता। ओपन चैंपियन मयंक ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर एक और ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। कांस्य पदक विजेता दक्ष गोयल फिडे मास्टर बने। उन्होंने इंटरनेशनल मास्टर नॉर्म भी हासिल किया। महिला चैंपियन प्रतीति ने महिला इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी हासिल किया।

# एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स यूएस ओपन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स दोनों यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कभी खिताब नहीं जीत पाए हैं लेकिन इस बार हो सकता है कि यह विवाहित जोड़ा एक साथ कोई ट्रॉफी जीत सके। पति-पत्नी की यह जोड़ी कैटेरीना सिनियाकोवा और हेनरी पैटन को 5-4 (6), 4-5 (3) (10-8) से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज़ ने अपना पहला दौर का मैच तो जीत लिया, लेकिन बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली से 5-4 (4), 4-1 से हारने के बाद वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

सेमीफाइनल में स्वितोलिना और मोनफिल्स का मुकाबला बेनसिच और कोबोली से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मिरा एंड्रीवा और एंड्री रुबलेव का सामना कैरोलिना मुचोवा और जैकब मेनसिच से होगा। विजेता टीम को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। संन्यास लेने से पहले अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल रहे मोनफिल्स के लिए यह एक शानदार कमाई होगी जिसे वह अपनी पत्नी के साथ साझा कर सकेंगे। कोर्ट पर एक दूसरे को चूमने और गले लगाने के बाद मोनफिल्स ने कहा पत्नी खुश तो जीवन खुशहाल।

# दलीप ट्रॉफी: उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को हराया, सेमीफाइनल में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा

बेंगलुरु। बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक और निशांत सिंधु ने पश्चिम क्षेत्र के निचले क्रम के बल्लेबाजों को चौथे दिन सुबह 6.3 ओवरों में ही पवेलियन भेज दिया, जिससे उत्तर क्षेत्र ने 52 रन से जीत हासिल करके दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। पश्चिम क्षेत्र ने टर्न ले रही पिच पर 287 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन की शुरुआत सात विकेट पर 220 रन से की लेकिन उसकी टीम 234 रन पर सिमट गई।

उर्विल पटेल (25) और भरोसेमंद तनुष कोटियन (00) ने पश्चिम क्षेत्र की पारी आगे बढ़ाई। मुश्ताक (22 ओवर में सात रन लेकर चार विकेट) ने जल्दी ही कोटियन को आउट कर दिया और उसके बाद तुषार देशपांडे (05) का विकेट भी लिया। इसके बाद सिंधु ने उर्विल को आउट करके मैच का अंत किया। मुश्ताक ने मैच में 99 रन देकर नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच का निर्णायक मोड़ निश्चित रूप से पश्चिम क्षेत्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (70 गेंदों पर 66 रन) का रन आउट होना रहा।






# क्रेमलिन का आदेश मरम्मत के लिए दबाव

## पुतिन ने यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच प्रमुख प्रतिष्ठानों पर सरकारी नियंत्रण का रास्ता खोला

एजेंसी



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक ऐसे आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके तहत यदि निजी मालिक यूक्रेनी ड्रोन हमलों से अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने या हमलों के बाद उसे फिर से खड़ा करने में विफल रहते हैं तो सरकार अस्थायी रूप से उनका नियंत्रण अपने हाथ में ले सकती है। इसे युद्ध के बढ़ते दबाव के बीच मॉस्को की मुश्किलों का एक और संकेत माना जा रहा है। रूस कई महीनों से बढ़ते, दूर तक पहुंचने वाले और अधिक सटीक यूक्रेनी हमलों के कारण आर्थिक और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है।

यूक्रेन ने घरेलू स्तर पर विकसित लंबी दूरी के ड्रोन के जरिए महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है, जिससे ईंधन की कमी पैदा हुई है। राष्ट्रपति पुतिन ने भी सार्वजनिक रूप से ईंधन की कमी को स्वीकार किया है। इन हमलों में बड़े वाणिज्यिक केंद्र भी निशाना बने हैं, जिससे रूसी नेतृत्व को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। वहीं, यूक्रेन भी लगातार हो रहे रूसी हवाई हमलों से प्रभावित हुआ है। रूसी हमलों ने सर्दी से पहले यूक्रेन के बिजली ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है और बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। रूस-यूक्रेन के टकराव का यह पांचवा साल है। सरकार का यह नया आदेश मरम्मत के लिए मालिकों पर दबाव डाल सकता है।

सोमवार देर रात घोषित पुतिन के आदेश के पीछे क्रेमलिन की मंशा अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, यह ऊर्जा और ईंधन संरचनाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संचार, परिवहन और रसद केन्द्रों समेत कई क्षेत्रों पर लागू होता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता द मित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि अक्सर कारोबारी मालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, खासकर ड्रोन रोधी सुरक्षा के उपाय करने पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। पेस्कोव ने कहा कि अहम आर्थिक ढांचे के खिलाफ ड्रोन हमलों के खतरे को देखते हुए हमें कदम उठाने होंगे और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस आदेश का मतलब कंपनियों का राष्ट्रीयकरण या उनके स्वामित्व में बदलाव नहीं है।

## रूस पर यूक्रेनी हमले में वाइल्डबेरीज का गोदाम जलकर खाक

मॉस्को। यूक्रेन के लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन ने एक महीने से कुछ अधिक समय में दूसरी बार रूस की सबसे बड़ी ऑनलाइन खुदरा कंपनी वाइल्डबेरीज के एक बड़े गोदाम को निशाना बनाया। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हमले के बाद लगी भीषण आग में गोदाम पूरी तरह नष्ट हो गया। यूक्रेनी बलों ने इससे पहले 18 जुलाई को मॉस्को के दक्षिण-पूर्व में तांबोव क्षेत्र स्थित इस गोदाम पर हमला किया था, जो यूक्रेन की सीमा से कई सौ किलोमीटर दूर है। तब इस हमले में सात लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद यूक्रेन ने रूस की ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरीज को लगातार निशाना बनाने का हवाई अभियान शुरू किया। कंपनी के बड़े आकार और व्यावसायिक महत्व के कारण इसकी तुलना अमेजन जैसी कंपनियों से की जाती है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में किए गए हमले के बाद यूक्रेन ने अपनी अत्याधुनिक ड्रोन क्षमताओं को विकसित किया है। इनकी मदद से उसने हाल के हफ्तों में रूस में वाइल्डबेरीज की कई सुविधाओं को निशाना बनाया है। कीव के अधिकारियों का कहना है।

## ट्रंप ने सऊदी अरब के साथ हुए असैन्य परमाणु समझौते को समीक्षा के लिए कांग्रेस को भेजा



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब के असैन्य परमाणु कार्यक्रम को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए समझौते को समीक्षा के लिए कांग्रेस को भेज दिया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब भी इस बात पर जोर दे रहा है कि यदि सऊदी अरब इजराइल के साथ संबंध सामान्य नहीं करता है तो यह समझौता आगे नहीं बढ़ेगा। ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रशासन के अधिकारी, कांग्रेस के एक सहयोगी और मामले से परिचित दो अन्य लोगों के अनुसार, परमाणु ऊर्जा अधिनियम के तहत जरूरी प्रक्रिया के तहत यह गोपनीय दस्तावेज सोमवार को कांग्रेस को सौंपा गया। इस समझौते पर पिछले महीने वाशिंगटन में अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और उनके सऊद्री समकक्ष ने हस्ताक्षर किए थे।

हालांकि, इसके अगले ही दिन ट्रंप ने घोषणा की कि समझौते के तहत सऊद्री अरब को अब्राहम समझौते के जरिए इजराइल के साथ संबंध सामान्य करने होंगे। उनकी इस घोषणा के बाद समझौते के लागू होने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। प्रशासन के अधिकारी और मामले से परिचित अन्य लोगों ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या सऊद्री अरब के अब्राहम समझौते में शामिल होने की ट्रंप की मांग को कांग्रेस को भेजे गए गोपनीय दस्तावेज में भी शामिल किया गया है। कानून के तहत कांग्रेस को सत्र के दौरान 90 दिनों तक इस समझौते की समीक्षा करनी होगी। यदि इस अवधि के दौरान कांग्रेस समझौते को खारिज करने वाला संयुक्त प्रस्ताव पारित नहीं करती है तो दोनों सदनों में मतदान के बिना ही समझौता प्रभावी हो सकता है। इस तरह के समझौतों की पूरी सामग्री का इतने उच्च स्तर पर गोपनीय रखा जाना असामान्य है। अन्य देशों के साथ किए गए पिछले असैन्य परमाणु समझौते, जिन्हें 123 समझौते के नाम से जाना जाता है, सार्वजनिक किए गए थे। हालांकि, इनमें से कुछ में ऐसे गोपनीय परिशिष्ट शामिल थे जिन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया था।

## त्यौहारों से पहले महंगाई से ध्यान भटकाने वाले स्टंट में जुटी भाजपा : मल्लिकार्जुन



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने त्योहारों से पहले आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि ध्यान भटकाने वाले स्टंट और बेतुकी बातों में उलझाकर महंगाई के मुद्दे से बचने की कोशिश की जा रही है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस और जनता महंगाई को लेकर सवाल पूछती रहेगी। उन्होंने खाद्य वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतें दर्शाने वाला एक चार्ट भी साझा किया और आम आदमी की रसोई का जिक्र करते हुए प्याज, चीनी और सरसों तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने दावा किया कि प्याज के दाम सालभर में 59 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं और कई शहरों में यह 50 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत 60-70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है और कुछ जगहों पर यह 72 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। उनके मुताबिक, सरसों के तेल की कीमत 200 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो चुकी है। खरगे ने खाद्य मुद्रास्फीति के 5.52 प्रतिशत और थोक मुद्रास्फीति के 9.78 प्रतिशत हो जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि महंगाई आम आदमी के घरेलू बजट को प्रभावित कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के करीब 12 साल के कार्यकाल में अच्छे दिनों की स्थिति यह है।

## 84 विषयों के लिए यूजीसी-नेट के नतीजे इस हफ्ते होंगे घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को कहा कि यूजीसी-नेट के 84 विषयों के परिणाम इस सप्ताह घोषित किए जाएंगे। एनटीए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूजीसी-नेट (84 विषय), सीएसआईआर-नेट और आईसीएआर एआईईईए (पीजी) तथा एआईसीई (पीएचडी) 2026 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम इस सप्ताह एनटीए की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एनटीए की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। एनटीए ने इस साल जून में अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के प्रश्नपत्रों की परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। एक विशेषज्ञ समिति ने प्रश्नपत्रों में तथ्यात्मक, टाइपिंग, अनुवाद और भाषा संबंधी त्रुटियां पाई थीं। एनटीए ने परीक्षा के करीब दो महीने बाद 16 अगस्त को यूजीसी-नेट की उत्तर कुंजी जारी की थी और समाजशास्त्र, वाणिज्य तथा अंग्रेजी के प्रश्नपत्रों के संबंध में एक विशेष नोटिस जारी किया था। बाद में उसी दिन उसने त्रुटियों का हवाला देते हुए इन तीनों परीक्षाओं को सितंबर में दोबारा कराने की घोषणा की थी।

दोबारा परीक्षाएं नौ और 10 सितंबर को निर्धारित हैं और उम्मीदवारों को इसके लिए कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एनटीए द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर तथा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जाती है।

## बिहार के छात्र सवाल पूछते रहेंगे, अब सिर्फ जवाब नही, जवाबदेही चाहिए



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षाओं से जुड़ी मांगों को लेकर छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर बुधवार को कहा कि छात्र सवाल पूछते रहेंगे और अब उन्हें केवल जवाब नहीं, बल्कि जवाबदेही चाहिए। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा एक छोटे बच्चे को अपने साथ ले जाने के वीडियो को एक्स पर साझा करते हुए यह भी कहा कि सरकार जवाब देने के बजाय लाठी और वॉटर कैनन चला रही है और छात्रों को हिरासत में ले रही है।

गांधी ने कहा, बिहार के छात्र सवाल पूछते रहेंगे। और अब सिर्फ जवाब नहीं - जवाबदेही चाहिए। उन्होंने कहा, बिहार के छात्रों का सवाल बहुत सीधा है- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी क्यों? पेपर लीक के आरोपों पर कार्वाई क्यों नहीं? और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कब तक? कांग्रेस नेता ने कहा कि बीपीएससी की परीक्षाओं को लेकर विवाद नया नहीं है और छात्र लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा पैटर्न, देरी तथा पारदर्शिता को लेकर सड़कों पर हैं।

उन्होंने दावा किया, सीवान में तो प्रदर्शनकारियों पर एके 47 से गोलीबारी तक सामने आई। उनका कहना है, यह सिर्फ़ पुलिस की कार्वाई का सवाल नहीं। यह उस भाजपा सरकार की मानसिकता का सवाल है, जिसके पास जवाब नहीं हैं, इसलिए वह पुलिस को जवाबदेही से बचने का हथियार बना रही है। राहुल गांधी ने कहा भाजपा सरकार यह समझ ले कि लाठी से सवाल नहीं रुकते। डराकर किसी का भविष्य नहीं छीना जा सकता।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com